माघ शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 22 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 333, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



9वें ग्रह के छिपे होने के संकेत आए सामने 16
लवली का 'गलिया प रंगवा लगईता' जारी 15

## एक नजर

### बीआरएस नेता को पूछताछ को तलब किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति 'घोटाला' मामले में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी और बीआरएस नेता के. कविता को अगले सप्ताह तलब किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कविता को सोमवार को यहां सीबीआई मुख्यालय में जांच टीम के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। एजेंसी ने इससे पहले दिसंबर, 2022 में हैदराबाद में कविता के आवास पर उनका बयान दर्ज किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि एक आरोपी विजय नायर ने आम आदमी पार्टी नेताओं को पहुंचाने के लिए 'साउथ ग्रुप' नामक समूह से कम से कम 100 करोड़ की रिश्वत ली थी।

### विद्या बालन ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने उनके फर्जी इंस्टाग्राम खाते और ई-मेल आईडी का इस्तेमाल करके फिल्म जगत की हस्तियों के साथ धोखाधड़ी किये जाने की शिकायत मुंबई पुलिस से की है। इसके बाद पुलिस ने एक मामला दर्ज कर लिया है। खार पुलिस थाने में सोमवार को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, संबंधित अपराध की जानकारी 16 जनवरी को तब हुई जब फिल्मों से जुड़े एक स्टाइलिस्ट को अज्ञात नंबर से व्हाट्सऐप पर संदेश मिला। संदेश में दावा किया गया था कि इसे विद्या बालन ने भेजा है और वह उनसे (स्टाइलिस्ट) काम के बारे में चर्चा करना चाहती हैं।

### बिश्नोई गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लारेंस बिश्नोई गिरोह और उसके सहयोगियों के खिलाफ धनशोधन की जांच के तहत सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को बुधवार को गिरफ्तार किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चीकू को पंचकुला में धनशोधन रोकथाम अधिनियम की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसे पांच दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले वर्ष 5 दिसंबर को हरियाणा और राजस्थान में चीकू और कुछ अन्य व्यक्तियों से संबंधित 13 परिसरों पर छापा मारा था। चीकू एक गैंगस्टर के साथ ही बिश्नोई एवं खालिस्तानी आतंकवादी समूहों का करीबी सहयोगी भी है।

# यूपी में कांग्रेस लोकसभा की 17 व समाजवादी पार्टी 62 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा ने आजाद समाज पार्टी के चन्द्रशेखर को दी एक सीट
- इंडिया गठबंधन में शामिल सपा व कांग्रेस में सीटों पर समझौता

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के घटक दलों कांग्रेस व समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच बुधवार को लोकसभा सीटों को लेकर समझौता हो गया। जिसके तहत प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों व सपा 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और सपा के राष्ट्रीय सचिव व मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में यह घोषणा की। देर शाम सपा ने एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर को भी दे दी।

दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि देश-संविधान को बचाने व जनता को अन्याय से बचाने को बना इंडिया गठबंधन भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगा। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं-पदाधिकारी मिलकर गठबंधन के साझा उम्मीदवारों को जिताने का कार्य करेंगे। अविनाश पांडेय ने कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव के प्रयास से गठबंधन को मजबूती मिली है। इनके निर्देश पर बनी समिति ने विचार-विमर्श के बाद सीटों को अंतिम रूप दिया। सपा नेता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि देश के हालात बहुत खराब हैं। जनता भाजपा के अन्याय से तंग आ चुकी है। मतदाताओं से गठबंधन के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि गठबंधन भाजपा को हर हाल में सत्ता से बाहर करने का काम करेगा।

नेताओं ने बताया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव 24 या 25 फरवरी को न्याय यात्रा में शामिल होंगे।



संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान सपा प्रदेश अध्यक्ष उत्तम पटेल, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

### गठबंधन के साथ मिल लड़ेंगे चुनाव : अखिलेश

**मुरादाबाद।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव गठबंधन के साथ मिलकर लड़ेंगे। सीटों को लेकर कोई गतिरोध नहीं है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक हो गया और सरकार देखती रही। चंडीगढ़ महापौर पद के चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत कर भाजपा पर बैलेट व लोकतंत्र को लूटने का आरोप मढ़ा। अखिलेश बुधवार को मुरादाबाद में थे। उन्होंने ठाकुरद्वारा से पार्टी के विधायक नवाब जान खान के आवास पर उनके पुत्र व पुत्रवधू को आशीर्वाद दिया।

### समझौते के तहत ये सीटें कांग्रेस को मिलीं

सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बताया कि समझौते के तहत कांग्रेस को दी गई 17 लोकसभा सीटों में रायबरेली, अमेठी, कानपुर, फतेहपुर सीकरी, बासगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महाराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी व देवरिया शामिल हैं।

### गठबंधन में छोटे दलों को भी मिलेगा मौका

कांग्रेस व सपा के नेताओं ने कहा कि कुल 80 सीटों में दोनों दलों की सीटें तय हुई हैं। पर गठबंधन में अगर क्षेत्रीय दल शामिल होते हैं, उन्हें भी मौका दिया जाएगा। इसके लिए विचार-विमर्श के बाद तय किया जाएगा।

### मप्र में सपा एक, कांग्रेस सभी सीटों पर लड़ेगी

दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सपा मध्य प्रदेश के खजुराहो सीट से चुनाव लड़ेगी। जबकि बाकी सभी सीटों पर कांग्रेस का समर्थन करेगी। प्रदेश में सपा की ओर से पहले से उम्मीदवार घोषित करने के सवाल पर नेताओं ने कहा कि वर्तमान में हुए समझौते के तहत कांग्रेस को आवंटित सीटों पर सपा उम्मीदवारों के नाम वापस होंगे। उत्तराखंड में समाजवादी पार्टी कांग्रेस को समर्थन देगी।

# खनौरी सीमा पर झड़प में 1 किसान की गई जान, 12 पुलिसकर्मी घायल

## केंद्र सरकार ने एमएसपी को लेकर आंदोलित किसानों को एक और वार्ता के लिए बुलाया

चंडीगढ़/नई दिल्ली, एजेंसी

- तनाव बढ़ा: दिल्ली कूच के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर हजारों की संख्या में डटे किसान

हरियाणा पुलिस ने शंभू और खनौरी सीमाओं पर किसानों को अवरोधकों की ओर बढ़ने से रोकने के लिए बुधवार को उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े। खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत होने के साथ 12 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी देने की मांग कर रहे किसानों ने घोषणा की थी कि वे इस मुद्दे को हल करने के लिए किसानों के साथ चौथे चरण की वार्ता विफल होने के बाद बुधवार सुबह 11 बजे अपना प्रदर्शन फिर से शुरू करेंगे।

कुछ किसानों ने हरियाणा में अंबाला के समीप शंभू में कई चरणों में लगाए अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। थोड़ी देर के विराम के बाद फिर ऐसी ही घटना हुई। शंभू सीमा पर एक ड्रोन भी देखा गया। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में भी ऐसी ही स्थिति देखी गयी।

केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को कहा कि पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर प्रदर्शनकारी किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गौर करते समय देशभर के किसानों के हित को ध्यान में रखा जाना चाहिए और उनसे एक और दौर की वार्ता के लिए आने की अपील की।


शंभू सीमा पर आंसू गैस के गोले के धुएं से बचने के लिए भागते प्रदर्शनकारी किसान।

### समाधान तलाशने को तीन सदस्यीय समिति का गठन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण से प्रभावित किसानों की समस्याओं का समाधान तलाशने के लिए बुधवार को तीन अधिकारियों की समिति का गठन किया है। उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के अध्यक्ष के नेतृत्व में यह समिति गौतमबुद्ध नगर के किसानों की समस्याएं सुनेगी। उनसे बातचीत कर समाधान से जुड़े सुझाव राज्य सरकार को देगी। शासन के आदेश में कहा गया है कि समिति अधिकतम तीन महीने में रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के अध्यक्ष समिति के अध्यक्ष होंगे। मेरठ के मंडलायुक्त और गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी इस समिति के सदस्य होंगे। आदेश में कहा गया है कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरणों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी इस समिति का पूरा सहयोग करेंगे।

### किसान नेताओं ने दो दिन के लिए स्थगित किया 'दिल्ली चलो' मार्च

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा सीमा पर दो प्रदर्शन स्थलों में से एक खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत और लगभग 12 पुलिसकर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने बुधवार को 'दिल्ली चलो' मार्च दो दिन के लिए स्थगित कर दिया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि वे शुक्रवार शाम को आगे की रणनीति तय करेंगे। किसान नेता बलदेव सिंह सिरसा ने कहा कि पीड़ित की पहचान पंजाब के बठिंडा जिले के बालोके गांव के निवासी शुभकरण सिंह (21) के रूप में की गई है। पटियाला स्थित राजिंदर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एचएस रेखी ने कहा कि तीन लोगों को खनौरी सीमा से अस्पताल लाया गया था जिनमें से एक की मौत हो चुकी थी। हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि लगभग 12 पुलिसकर्मी उस वक्त घायल हो गए, जब उन पर लाठियों से हमला किया गया और पत्थर फेंके गए।

# कांग्रेस पर आयकर विभाग की कार्रवाई


नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस के खातों से 65 करोड़ हस्तांतरित करने के निर्देश

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि आयकर विभाग ने विभिन्न बैंकों को उसके खातों से 65 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित करने के लिए कहा है, जबकि आयकर रिटर्न से संबंधित मामला अदालत के विचाराधीन है। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि यह कदम अलोकतांत्रिक है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि कल आयकर विभाग ने बैंकों को कांग्रेस, भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के खातों से 65 करोड़ रुपये से अधिक हस्तांतरित करने के लिए कहा। यह सरकार की तरफ से उठाए गए चिंताजनक कदम का द्योतक है।

माकन के अनुसार, 60.25 करोड़ रुपये की राशि कांग्रेस के खातों और पांच करोड़ रुपये युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के खातों से हस्तांतरित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि क्या राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के लिए आयकर देना आम बात है? नहीं। क्या भाजपा आयकर देती है? नहीं।

### जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी नहीं रहे



- 42 वर्षों में 50 हजार से ज्यादा कार्यक्रमों में दी आवाज

**मुंबई।** जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी का 91 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। उनके बेटे राजिल सयानी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सयानी को मंगलवार रात दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। रेडियो सुनने का शौक रखने वाले लोगों के कानों में आज भी सयानी की आवाज 'नमस्कार बहनों और भाइयो, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं' गूंजती है। सयानी का यह अभिवादन 1952 से 1988 तक रेडियो सीलोन पर हर बुधवार को अनगिनत घरों में प्रसारित होता था। मुंबई के एक बहुभाषी परिवार में 21 दिसंबर, 1932 को जन्मे सयानी ने 42 वर्षों में 50 हजार से अधिक कार्यक्रमों का संचालन किया और उन्हें अपनी आवाज दी। सयानी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया कि रेडियो पर अमीन सयानी की मखमली आवाज ने हर पीढ़ी के लोगों को अपना बना लिया।

# यूपी बोर्ड हाईस्कूल-इंटर की परीक्षाएं आज से, निगरानी को एसटीएफ तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**55 लाख** से अधिक परीक्षार्थी
**8265** केंद्रों पर देंगे परीक्षा

- सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही खुलेंगे प्रश्नपत्र वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया पर कड़ी नजर
- राज्य सरकार ने किए कड़े प्रबंध, पेपर लीक करने की कोशिश करने वाले जाएंगे जेल : दीपक कुमार
- संकलन केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे निगरानी के लिए सशस्त्र बल व सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था

**अमृत विचार :** प्रदेश में गुरुवार से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए राज्य सरकार ने कड़े प्रबंध किए हैं। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के कुल 55 लाख 25 हजार 308 परीक्षार्थियों के लिए 8265 केंद्र बनाए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कहा कि नकल के लिए बदनाम रहे परीक्षा केंद्रों की निगरानी को एसटीएफ के साथ ही स्थानीय खुफिया इकाई भी नजर रखेगी। पेपर लीक करने की कोशिश करने वालों को जेल भेजा जाएगा। वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया तक अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रहेगी।

लोक भवन में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में दीपक कुमार ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही प्रश्नपत्र खुलेंगे। संकलन केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे निगरानी के लिए सशस्त्र बल व सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा कुल 12 कार्य दिवसों में संपन्न होगी।

# ब्रिटेन, कनाडा के सीए को मिल सकती है प्रैक्टिस की अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईसीएआई देगा सरकार को प्रस्ताव : रंजीत कुमार

ब्रिटेन और कनाडा के चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) को पारस्परिक आधार पर भारत में काम करने (प्रैक्टिस करने) की अनुमति दी जा सकती है। चार्टर्ड अकाउंटेंट के शीर्ष निकाय भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) सरकार को यह प्रस्ताव दे रहा है। आईसीएआई के अध्यक्ष रंजीत कुमार अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि प्रस्ताव को पारस्परिक आधार पर सख्ती से लागू किया जाएगा ताकि भारत के चार्टर्ड अकाउंटेंट को भी ब्रिटेन और कनाडा में प्रैक्टिस करने की अनुमति मिल सके। यह पहली बार होगा जब किसी देश के चार्टर्ड अकाउंटेंट को भारत में प्रैक्टिस करने की अनुमति दी जाएगी। प्रस्ताव ब्रिटेन और कनाडा के साथ भारत की मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए जारी बातचीत का हिस्सा है।

अग्रवाल ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के साथ भी ऐसी ही व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है। पारस्परिक प्रणाली लागू होने के बाद इन देशों के चार्टर्ड अकाउंटेंट को आईसीएआई के साथ पंजीकृत होना होगा।

# गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य बढ़कर 340 रुपये प्रति क्विंटल हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र सरकार ने चीनी सीजन 2024-25 के लिए दी मंजूरी

सरकार ने चीनी सीजन 2024-25 के लिए गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य 340 रुपये प्रति क्विंटल तय करने को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने चीनी सीजन 2024-25 के लिए 10.25 फीसदी की चीनी रिकवरी दर पर गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 340 रुपये प्रति क्विंटल रखने को मंजूरी दे दी। यह गन्ने की ऐतिहासिक कीमत है जो चालू सीजन 2023-24 के लिए गन्ने की एफआरपी से लगभग 8 प्रतिशत अधिक है।

संशोधित एफआरपी 10 फरवरी से 01 अक्टूबर 2024 तक लागू होगी। नया एफआरपी गन्ना किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करेगा। गौरतलब है कि भारत पहले से ही दुनिया में गन्ने की सबसे ज्यादा कीमत चुका रहा है और इसके बावजूद सरकार भारत के घरेलू उपभोक्ताओं को दुनिया की सबसे सस्ती चीनी सुनिश्चित कर रही है। केंद्र सरकार के इस फैसले से 5 करोड़ से अधिक गन्ना किसानों (परिवार के सदस्यों सहित) और चीनी क्षेत्र से जुड़े लाखों अन्य लोगों को फायदा होने वाला है। यह किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मंजूरी के साथ, चीनी मिलें गन्ने की एफआरपी 10.25 प्रतिशत की रिकवरी पर 340 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करेंगी। वसूली में प्रत्येक 0.1 फीसदी की वृद्धि के साथ, किसानों को 3.32 रुपये की अतिरिक्त कीमत मिलेगी, जबकि वसूली में 0.1 प्रतिशत की कमी पर समान राशि की कटौती की जाएगी। हालाँकि, गन्ने का न्यूनतम मूल्य 315.10 रुपये प्रति क्विंटल है जो 9.5 प्रतिशत की रिकवरी पर है।

# ब्रिटेन की संसद में मनाया जे एंड के संकल्प दिवस

लंदन, एजेंसी

- विचारक संस्था 'जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र-यूके' का आयोजन

विचारक संस्था 'जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र-यूके' (जेकेएससी) ने ब्रिटेन के संसद भवन परिसर में संकल्प दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। भारत के केंद्र शासित प्रदेश संबंधी ऐतिहासिक प्रस्ताव को मनाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में ब्रिटेन के दोनों दलों के सांसदों ने हिस्सा लिया।

मंगलवार के कार्यक्रम में 22 फरवरी, 1994 को भारतीय संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित सर्वसम्मत प्रस्ताव को चिह्नित किया गया, जिसमें भारत के अडिग रुख की पुष्टि की गई कि जम्मू और कश्मीर का पूरा क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग है। इसने मीरपुर-मुजफ्फराबाद तथा गिलगित और बाल्टिस्तान को पुनः प्राप्त करने के भारत के अधिकार पर जोर दिया, जो पाकिस्तानी आक्रमण का शिकार हुए थे। जेकेएससी-यूके ने एक बयान में कहा कि सभी सांसदों ने साझा अंतर्दृष्टि के लिए सराहना की और जम्मू-कश्मीर की जमीनी हकीकत को उजागर करने के लिए इस तरह के आयोजनों को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया, एक ऐसा परिप्रेक्ष्य जो अक्सर मुख्यधारा के विमर्श में शुमार नहीं होता है। उन्होंने इस विषय पर जारी बातचीत के महत्व पर जोर दिया।

# प्रख्यात न्यायविद् फली एस नरीमन का दिल्ली में निधन

**नई दिल्ली।** कानून विशेषज्ञ एवं दिग्गज अधिवक्ता फली एस नरीमन का बुधवार को 95 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। वह हृदय व अन्य बीमारियों से जूझ रहे थे। नरीमन का जन्म 10 जनवरी 1929 को हुआ था। नवंबर 1950 में उन्होंने बंबई हाईकोर्ट से वकालत शुरु की। नरीमन का जन्म रंगून (अब यांगून) में एक संपन्न कारोबारी परिवार में हुआ था। वर्ष 1942 में उनका परिवार भारत आ गया। उन्होंने 70 वर्षों से अधिक समय तक वकालत की। नरीमन को मई 1972 में भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने 26 जून 1975 को आपातकाल लागू होने के एक दिन बाद इस्तीफा दे दिया था। लंबे कानूनी करियर में नरीमन ने कई ऐतिहासिक मामलों में पैरवी की। भारतीय न्यायपालिक के भीष्म पितामह कहे जाने वाले नरीमन ने कई किताबें भी लिखीं। पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। राज्यसभा के सदस्य भी रहे।



# गगनयान के मानव मिशन के लिए क्रायोजेनिक इंजन परीक्षण में सफल

बेंगलुरु, एजेंसी

- इसरो की बड़ी उपलब्धि : कठिन परीक्षण में इंजन की क्षमता का पता लगाया गया

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 'सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन' अंतरिक्ष यात्री वाले गगनयान मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल साबित हुआ है। इसे इसरो के लिए एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। क्रायोजेनिक इंजन, गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए एलवीएम प्रक्षेपणयान के 'क्रायोजेनिक चरण' को शक्ति प्रदान करता है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि इसरो का सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन मानव मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल रहा। इसने कहा कि कठिन परीक्षण से इंजन की क्षमता का पता चलता है।

इसरो के मुताबिक, पहली मानव रहित उड़ान 'एलवीएम3 जी1' के लिए पहचाना गया सीई-20 इंजन आवश्यक परीक्षणों से गुजरा। इसने कहा कि अंतिम परीक्षण उड़ान स्थितियों का जायजा लेने के लिए 'इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स' महेंद्रगिरि में 13 फरवरी को किया गया जो इस श्रृंखला का सातवां परीक्षण था। इसरो ने कहा कि गगनयान अभियान के लिए सीई20 इंजन के सभी जमीनी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए गए हैं। इसरो ने 2024 की दूसरी तिमाही के लिए संभावित पहले मानवरहित गगनयान (जी1) मिशन के लिए पहचाने गए इस उड़ान इंजन के आवश्यक परीक्षणों को भी सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।



# स्वामी प्रसाद आज दिल्ली में करेंगे नई पार्टी की घोषणा

**लखनऊ।** सपा से इस्तीफा दे चुके पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य 22 फरवरी को दिल्ली में आयोजित रैली में अपनी नई पार्टी की घोषणा करेंगे। रैली की तैयारी को लेकर मौर्य समर्थक बुधवार को तैयारी में जुटे रहे। मौर्य सपा की प्राथमिक सदस्यता व विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे चुके हैं। सूत्रों के अनुसार मौर्य की नई पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी की औपचारिक घोषणा होना तय है। पार्टी का झंडा तैयार हो गया है। इस्तीफे के बाद मौर्य ने कहा था कि अब वह खुद की पार्टी के लिए काम करेंगे। इसके लिए उनके समर्थक सक्रिय हो गए हैं। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का प्रतिनिधि सम्मेलन के कार्यक्रम में स्वामी प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि होंगे। उत्तर प्रदेश समेत बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात आदि राज्यों के कार्यकताओं के अलावा इन राज्यों के विधायकों व पूर्व मंत्रियों के शामिल होने की भी संभावना है। सम्मेलन के जरिये पूर्व मंत्री दूसरे दलों को अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास कराएंगे।



**‘अमृत विचार’ आपके साथ**

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

**शहर में आज**



☞ कृष्णा विहार स्थित मनोकामना मंदिर में सांईं बाबा की पूजा सुबह : 6 बजे।

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में पूर्वाह्न 11:30 बजे।



परीक्षाएं देने जातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

## साईं स्कूल में 77 छात्राओं ने दी अंग्रेजी भाषा की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** नारायणपुर लदौरा स्थित साईं सीनियर सेकेंड्री स्कूल में बुधवार को प्रथम पेपर अंग्रेजी लेंगवेज का हुआ। परीक्षा में 77 परीक्षार्थी उपस्थित हुए।

पटवाई के नारायणपुर लदौरा स्थित सांईं सीनियर सेकेंड्री स्कूल में आईसीएसई और आईएससी स्कूल हैं। बुधवार को 10वीं की परीक्षा हुई। इसमें कुल 78 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इनमें 77 विद्यार्थी उपस्थित हुए। परीक्षा विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांश सक्सेना की निगरानी में परीक्षा हुई। 10वीं की परीक्षाएं 20 मार्च तक होंगी। इस मौके पर मुरादाबाद के सुपरवाइजर मार्शल एडमंड व निरीक्षक रमेश चन्द्र भट्ट, वंटी पाल एवं किरन त्यागी मौजूद रहे।

## 687 परीक्षार्थियों ने दी मदरसा बोर्ड की परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** मदरसा बोर्ड की परीक्षा की दोनों पालियों में बुधवार को 135 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। पहली पाली में 538, दूसरी में 149 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कुल 687 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

सुबह आठ से 11 बजे तक प्रथम पाली में 663 में से 125 परीक्षार्थी, दूसरी पाली दोहपर दो बजे से शाम पांच बजे तक 159 में से 10 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंकित कुमार ने बताया कि दोनों पालियों में आलिम, कामिल और फाजिल की परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हुई। उधर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने द्वितीय पाली में मदरसा बोर्ड की परीक्षाओं का निरीक्षण किया। श्री हरि इंटर कॉलेज गांधी समाधि का निरीक्षण किया। समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण मिलीं। पहाड़ी गेट राजकीय इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया।

### शहर में प्रमुख मार्गों के चौराहों, ग्रीन बेल्ट के लिए चिह्नित स्थान पर लगवाएं आकर्षण पौधे

## नाली निर्माण कार्यों में गुणवत्ता रहें बरकरार : डीएम

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यक्रमों के अंतर्गत सड़क निर्माण, इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण में गुणवत्ता रखने पर अधिकारी विशेष ध्यान रखें। गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं होना चाहिए। यदि ऐसे मामले सामने आएंगे तो आरोपी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में जलनिकासी की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया।

विकास भवन सभागार में बुधवार को विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वे अपनी विभागीय योजनाओं को धरातल पर पारदर्शिता के साथ लागू करें। पीडब्ल्यूडी, ग्रामीण अभियंत्रण, ग्राम्य विकास, सहकारिता, बेसिक शिक्षा, पशुपालन, पंचायती राज, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य और समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों की मासिक प्रगति की समीक्षा की। डीएफओ से कहा कि वह शहर में प्रमुख मार्गों के चौराहों, पीआर ग्रीन बेल्ट के लिए चिह्नित स्थान पर आकर्षण पौधे लगवाएं। जिससे शहर के मार्गों का सौंदर्यीकरण हो सके। कहा कि ग्राम पंचायत में अवशेष धनराशि का जन उपयोगी संसाधनों की उपलब्धता तय करें। इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और अन्य जरूरी कार्य कराने पर आवश्यकता अनुरूप व्यय किया जाए।



बैठक में मौजूद जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

ग्राम पंचायतों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था प्रभावी बनाई जाए। मार्च के प्रथम सप्ताह में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य कार्यक्रम आयोजित होना है। ऑनलाइन आवेदन पत्रों के सत्यापन को लेकर खंड विकास अधिकारी और अधिशासी अधिकारी विशेष सतर्कता बरतें। कहा कि किसी भी दशा में अपात्र व्यक्ति का चयन नहीं होना चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंदकिशोर कलाल, सीएमओ डॉ. एसपी सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**एक नजर**

### बैठक नहीं होने से शिक्षक संगठनों में नाराजगी

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार ने एक पत्र मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक मुरादाबाद मंडल को लिखकर मासिक बैठक करने के लिए की मांग की गई थी। पत्र का संज्ञान लेते हुए मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बुद्धप्रिय सिंह ने बीएसए रामपुर को मासिक बैठक कराने को आदेश दिया था। बीएस संजीव कुमार को तीसरी बार पत्र जारी कर शिक्षक समस्याओं पर शिक्षक संगठनों के साथ मासिक बैठक करने को पत्र जारी किया है। लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी स्तर से कोई बैठक नहीं हुई। इससे शिक्षक संगठनों में रोष है।

### प्रहरियों को दिए चौकस रहने के निर्देश

**बिलासपुर,अमृत विचार :** थाना केमरी में ग्राम प्रहरियों की बैठक में आगामी त्योहारों के प्रति सचेत किया गया। प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार सिंह ने प्रहरियों से कहा कि आगामी शब-ए-बरात, होली आदि त्यौहारों व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वे अभी से चौकस हो जाएं।

# जिले में आज से होंगी यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

### 71 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल के हिंदी की परीक्षा सुबह 8:30 से होगी, तैयारी पुख्ता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं गुरुवार (आज) से शुरू हो होंगी। जिले में 71 केंद्रों पर आज हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की हिंदी की परीक्षा होगी। हाईस्कूल के हिंदी की परीक्षा सुबह 8:30 से 11:45 तक होगी। इंटरमीडिएट के हिंदी की परीक्षा दोपहर दो से 5:15 बजे तक होगी।

सकुशल व नकलविहीन परीक्षा कराने को शांति व्यवस्था के मद्देनजर परीक्षा केंद्रों को नौ सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरों की नजर में होंगी।

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं नौ मार्च तक होंगी। इस बार हाईस्कूल में छात्र 13363, छात्राएं 12919 और इंटर में 11754 छात्र व छात्राएं 10075 हैं। कुछ पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 48188 है। बुधवार को परीक्षा केंद्रों पर प्रधानाचार्यों की निगरानी में परीक्षा कक्षों में सीटिंग प्लान के मुताबिक डेस्क पर पर्चियां चस्पा कराई गईं। केंद्रों पर वायस रिकार्डर और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जोन छह, सचल दल छह, सेक्टर मजिस्ट्रेट-9, स्टेटिक मजिस्ट्रेट 71, कक्ष निरीक्षक तीन हजार लगाए गए हैं। उधर, परीक्षा के दौरान केंद्रों पर पुलिस बल भी तैनात रहेगा।



विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सीटिंग प्लान करवाते प्रधानाचार्य आरटी शर्मा।

“ यूपी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा केंद्रों पर सफाई रखने और परीक्षार्थियों को समय से पहुंचाने के लिए रोडवेज बसों की व्यवस्था कराए जाने के लिए संबंधित अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र भेज दिए गए हैं। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं।

–मुन्ने अली, जिला विद्यालय निरीक्षक

**परीक्षा केंद्रों के आसपास बंद रहेंगी दुकानें**

परीक्षा केंद्र से 100 मीटर की परिधि में भीड़ एकत्रित नहीं होने दी जाएगी। परीक्षा अवधि में केंद्रों से न्यूनतम एक किमी की परिधि में फोटो कापियर एवं स्केनर, साईबर कैफे की दुकाने पूर्णत: बंद रहेंगी। परीक्षा केंद्र में इलेक्ट्रॅानिक उपकरण, मोबाइल फोन ब्लूटूथ, टेबलेट, कैलकुलेटर, पाठ्य सामग्री, स्लाइड एवं मुद्रित अथवा लिखित सामग्री के प्रवेश को पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। परीक्षा केंद्रों के आसपास परीक्षावधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पर रोक लगा दी गई है।

## सीबीएसई: 10वीं के 17 परीक्षार्थी रहे नदारद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई की 10वीं के हिंदी-ए व हिंदी-बी विषय की बुधवार को 22 केंद्रों पर परीक्षा हुई। 3569 विद्यार्थियों में से 3552 ने परीक्षा दी। दोनों विषयों के 17 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। सभी केंद्रों पर परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई। छात्राओं की तलाशी के लिए महिला शिक्षक की तैनाती की गई। एक परीक्षा केंद्र पर उड़ाका दल ने निरीक्षण किया।

परीक्षा केंद्रों में प्रवेश करने के निर्धारित समय सुबह 10 बजे 10वीं के परीक्षार्थी पहुंचे। 10:30 से 1:30 बजे तक परीक्षा हुई। हिंदी-ए विषय के 10 व हिंदी-बी विषय की 12 केंद्रों पर परीक्षा हुई। हिंदी-ए विषय की परीक्षा में 1616 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1611 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। पांच अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। हिंदी-बी विषय की परीक्षा में 1953 परीक्षार्थियों का पंजीकरण था। 1941 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 12 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। सीबीएसई परीक्षा की सिटी कोर्डिनेटर डॉ. सुमन तोमर के नेतृत्व में सचल दल ने लीड इंडिया इंटननेशनल स्कूल स्वार में निरीक्षण किया। केंद्र पर सभी परीक्षार्थी व्यवस्थित व विधिवत ढंग से परीक्षा देते हुए मिले। सचल दल में प्रशांत कुमार व मोहम्मद शुएब शामिल रहे। परीक्षार्थियों के अनुसार, हिंदी विषय में व्याकण के प्रश्न हल करने में समस्या आती है। लेकिन इस बार प्रश्नपत्र में व्याकरण के प्रश्न सरल रहे। वहीं साहित्य में भी प्रश्न आसान ही रहे।



केंद्र में परीक्षा देते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

**3552 विद्यार्थियों ने दी हिंदी की परीक्षा, छात्राओं की तलाशी के लिए प्रत्येक केंद्र पर महिला शिक्षक तैनात**

“ इस परीक्षा सत्र से सीबीएसई मंडल के निर्देशानुसार प्रत्येक केंद्र पर छात्रा की तलाशी के लिए महिला शिक्षक को तैनात किया गया है। जबकि छात्र की तलाशी के लिए पुरुष शिक्षक की तैनाती विशेष रूप से की गई है।

–नीरज तिवारी, सिटी कोआर्डिनेटर



बीएसए को कैलेंडर देते शिक्षक। ● अमृत विचार

## कॉलेजों व महाविद्यालयों में वार्षिक कैलेंडर करेंगे वितरण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने संगठन का वार्षिक कैलेंडर जारी किया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार व डायट प्राचार्य नीलम रानी टम्टा ने इसका आरंभ किया।

महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार ने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का वार्षिक कैलेंडर जनपद के महाविद्यालयों, कॉलेजों व स्कूलों में वितरण कराया जाएगा। इसके लिए न्याय पंचायत वार टीमें गठित कर दी गई है, जो स्कूलों कॉलेजों व महाविद्यालयों में वार्षिक कैलेंडर वितरण करेंगी। इस दौरान जिला महामंत्री विपेंद्र कुमार, नरेंद्र पाठक, नरेश कुमार, चिरंजीव कुमार गुड्डू, विनोद कुमार, गौरव गंगवार, हरीश गौरव, विनीत कुमार, रिसालत खान, अभिनव सक्सेना आदि आदि रहे।

## जनता इंटर कॉलेज में 720 छात्र-छात्राएं देंगे परीक्षा

**ढकिया, अमृत विचार:** ढकिया स्थित खान सिंह जनता इंटर कॉलेज में 720 छात्र छात्राएं यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं देंगे।

कॉलेज के प्रधानाचार्य जगतपाल वर्मा के अनुसार, हाईस्कूल के 312 और इंटरमीडिएट के 408 छात्र छात्राएं परीक्षा देंगे। प्रधानाचार्य ने बुधवार को स्टाफ के साथ बैठक कर निर्देश दिए। कहा कि परीक्षा के दिन समय से पहले सभी शिक्षक कॉलेज में पहुंच जाएं। बिना तलाशी कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में नहीं पहुंचना चाहिए।



कॉलेज में सिटिंग प्लान करते शिक्षक।

## न्याय मिलने तक जारी रहेगी कांग्रेस की यात्रा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** धमोरा में जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता के आवास पर बुधवार को कांग्रेस की बैठक हुई। इसमें 24 फरवरी को मुरादाबाद में आ रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र ने कहा मणिपुर से चली न्याय की महायात्रा उत्तर प्रदेश में उत्साह और जनसमर्थन से आगे बढ़ रही है। भोलेनाथ के आशीर्वाद और जनता के सहयोग से यह यात्रा आगे बढ़ती रहेगी। न्याय का हक मिलने तक यह यात्रा जारी रहेगी। मुरादाबाद में आने पर यात्रा में रामपुर के कांग्रेसियों की अहम भूमिका होगी। हमारा लक्ष्य है कि हर विधानसभा क्षेत्र से कम से कम 50 गाड़ियां पहुंचे। पूरे जनपद से 250 गाड़ियां जाएंगी। हर एक कार्यकर्ता इस न्याय की लड़ाई में राहुल गांधी के साथ है। पूर्व विधायक अफरोज अली खान ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा जब तक जारी रहेगी, जब तक जनता को न्याय नहीं मिल जाता। राहुल गांधी देश के लिए लड़ रहे हैं। बाकी सारे दल अपने आपको बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस मौके पर शहर अध्यक्ष नोमान खान, ब्लॉक अध्यक्ष जिवेन्द्र गंगवार, ब्लॉक अध्यक्ष बाबू फौजी, लल्लन खान, जुबेर खान, महेंद्र यदुवंशी, दामोदर सिंह गंगवार, अकरम सुल्तान, ताहिर अंजुम, हसीब खान, इकबाल मंसूरी, हसरत खान, फरीद खान,रियाज अहमद, नन्हे मियां, डॉ. तस्लीम खान आदि मौजूद रहे।



बैठक में कांग्रेसियों को संबोधित करते जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र देव गुप्ता। ● अमृत विचार

**24 फरवरी को मुरादाबाद जाएंगे 2000 कार्यकर्ता**

## मेरठ में राज्यपाल ने विशाल को सौंपी डॉक्टरेट की उपाधि

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ में आयोजित 16वें दीक्षांत समारोह में बुधवार को प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने रामपुर के गांव इमरतपुर मझरा जसमोली निवासी विशाल गंगवार को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी इन हॉर्टिकल्चर फल विज्ञान की उपाधि से नवाजा।

विशाल गंगवार ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अमरूद की वृद्धि, पुष्पम, फलन, उपज, गुणवत्ता पर एनएए एवं जिंक के पर्णीय छिड़काव के प्रभाव का अध्ययन किया। वह वर्ष 2020 से शोध कार्य में जुटे थे। डॉ. विशाल गंगवार ने अपना शोध कार्य डॉ. सत्या प्रकाश (हेड ऑफ डिपार्टमेंट) के निर्देशन में किया है। उनकी बीएससी (कृषि) एवं एमएससी (हॉर्टिकल्चर, फल विज्ञान विभाग) में राज्य कृषि विश्वविद्यालय चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर से की है।

डॉ. विशाल हरिद्वार विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। उनका सपना है कि वह वैज्ञानिक बनकर किसानों के लिए कार्य करें।




विशाल को प्रमाण पत्र देतीं राज्यपाल।

**कार्यक्रम** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का समापन समारोह

# संघर्ष ही निखारता है इंसान का व्यक्तित्व : डॉ. दीपा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के सात दिवसीय शिविर के समापन समारोह में बुधवार को प्रगति आख्या प्रस्तुत की गई। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम से स्वयंसेवकों ने मनोरंजन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. दीपा अग्रवाल ने कहा कि संघर्ष ही इंसान के व्यक्तित्व को निखारता है। प्राथमिक विद्यालय में स्वयंसेवकों ने सफाई कर ग्रामीणों व बच्चों को जागरूक किया।

पैगा में आयोजित शिविर में इल्मा व इरम ने प्रेरक गीत गाकर विद्यार्थियों में जोश भरा। राधा कृष्णन दल से दानिश हुसैन ने शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। छात्र भूरा ने अपने आजाद दल की संपूर्ण गतिविधियां बताईं। विद्यार्थी कृष्णा ने आंबेडकर दल की रिपोर्ट मंच पटल पर रखी। रानी लक्ष्मीबाई दल से इल्मा मोबीन ने अपने दल की गतिविधियां बताईं। डॉ. इरम नईम ने भी अतिथियों के समक्ष अल्लामा इकबाल के शेर से सभी के मन में उल्लास उत्पन्न कर दिया। शिविर के तीसरे चरण में प्राचार्य डॉ. दीपा अग्रवाल ने कहा कि जीवन के संघर्ष, संकट, असफलताओं से कभी किसी को घबराना नहीं चाहिए। उन्होंने नैतिक मूल्यों के अवमूल्यन पर चिंता व्यक्त की। कहा कि अब युवा की पीढ़ी शार्टकट से उत्थान चाहती है जो, अनुचित है। रानी लक्ष्मीबाई दल के छात्रों ने कव्वाली पेश की। विजेताओं में मेहनाज, सोफिया, अब्दुल रब, यूनुस, मोहल्ला समी, जीशान, इल्मा मोबीन, सिमरन, आफरीन, अनीता, मेघा, अमन, जैद, अंजलि, विनीता, सुहानी रावत, रिंकी, मोहम्मद फैजान, इरम खान, इमरान अली, राधा सागर, शहनाज, खुशबू, अनम बी, नेहा परवीन ,रिकेंश, शिव कुमार, भूरा, अनस, कृष्णा, आम्रपाली,आलिया, जैना फातिमा, पंकज कुमार व सलमान रहे। इस दौरान डॉ. निधि गुप्ता, डॉ. वंदना शर्मा, डॉ. माया भारती, डॉ. नेहा नागपाल, डॉ. सुरजीत सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. कैश मियां ने प्रतिभाग किया। शिविर आयोजन में संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या सविता देवी, ग्राम पैगा प्रधान भूप सिंह आदि रहे।




समापन समारोह में मौजूद शिक्षक व अन्य। ● अमृत विचार

## पांच स्टेटिक मजिस्ट्रेटों का रोका गया वेतन

**रामपुर, अमृत विचार:** बुधवार से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड परीक्षा में पांच स्टेटिक मजिस्ट्रेटों ने जिलाधिकारी के आदेशों की अवहेलना की। इसके चलते अग्रिम आदेशों तक उनका वेतन रोका गया है।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं को सकुशल व नकलविहीन कराने के लिए जनपद के प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई थी। केंद्र व्यवस्थापकों ने बताया कि उनके विद्यालयों में अब तक स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने उपस्थिति नहीं कराई है। कार्य से अनुपस्थित रहने के कारण जूनियर इंजीनियर ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उमेश चन्द्र, अपर जिला सहकारी अधिकारी सहकारिता संजय नारायण झा, सहायक आयुक्त उद्योग बलराज वीर सिंह, जूनियर इंजीनियर नहर खंड रविन्द्र तोमर एवं खंड शिक्षा अधिकारी सैदनगर मदल लाल का वेतन रोक दिया गया है।

## 25 फरवरी को होगी टैक्स सेमिनार ज्ञानार्जन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आरके अग्रवाल ने बताया कि मुख्य अतिथि और वक्ताओं को बरेली रोड स्थित एक होटल व पार्क में ठहराने की व्यवस्था की गई है। टैक्स सेमिनार में टैक्स से संबंधित कानूनी विषयों पर टैक्स पेयर्स एवं प्रोफेशनल्स की महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

रामपुर टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक मंगलवार देर रात भारत क्राउन प्लाजा में हुई। इसमें 25 फरवरी को आयोजित होने वाले टैक्स सेमिनार ज्ञानार्जन को सफल बनाने के लिए विचार किया गया। सेमिनार कमेटी के कन्वीनर वरिष्ठ टैक्स अधिवक्ता पीके चावला ने बताया कि यह कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित होगा। इसके प्रथम चरण के मुख्य अतिथि प्रयागराज हाईकोर्ट के जज पीयूष गोयल होंगे। दूसरे चरण के मुख्य अतिथि शहर विधायकआकाश सक्सेना होंगे। दिल्ली के वरिष्ठ चार्टेड एकाउंटेंट व अधिवक्ता टैक्स के महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान देंगे। बैठक में सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रण लिया और मेहमानों के स्वागत के लिए की गई व्यवस्थाओं का कार्यक्रम स्थल पर जाकर जायजा लिया। इस दौरान एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट आशीष कमथानिया, पीके भांडा, अंकुर अग्रवाल, राजीव कुमार, विजय अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, राजेश कुमार सैनी, नवीन कुमार जैन आदि रहे।




बैठक में शामिल रामपुर टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व अन्य।

**भारत क्राउन प्लाजा में हुई रामपुर टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक**

## एक नजर

### दो पैन कार्ड मामले में विवेचकों ने दर्ज कराए बयान

**रामपुर, अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से दो विवेचकों ने कोर्ट में बुधवार को बयान दर्ज कराए। इस मामले में अब 26 फरवरी को सुनवाई होगी। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में विधायक आकाश सक्सेना ने मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में हो रही है। अभियोजन की ओर से गवाही की प्रक्रिया चल रही है। बुधवार को विवेचक प्रवीण कुमार व ऋषिपाल सिंह ने बयान दर्ज कराए।

### तमंचा के साथ युवक पकड़ा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** खजुरिया थाना पुलिस ने बुधवार को चेकिंग के दौरान पनवड़िया गांव में एक मजार के पास से कर्मवीर को पकड़ लिया। उसके पास तमंचा कारतूस मिला है।

# निपुण जिला बनाने को सभी प्रयत्नशील

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य के नेतृत्व में प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. ऋतु त्यागी और जिलाध्यक्ष एकता गुप्ता ने पदाधिकारियों के साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार से कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। महिला संघ के विभागीय कार्यों में अग्रणी रहने व महिला शिक्षिकाओं के हित में किए गए प्रयासों की जानकारी दी।

एकता गुप्ता ने बताया कि जनपद को निपुण बनाने के लिए हम सभी प्रयत्नशील हैं। इसके लिए हम हर बेहतर प्रयास कर रहे हैं। लेकिन कुछ समस्याओं के समाधान के लिए भी प्रयास होने चाहिए। बताया कि बोर्ड परीक्षा होने के कारण महिला साथियों को सीसीएल की बहुत ज्यादा जरूरत पड़ रही है। उनकी स्वीकृत नहीं हो पा रही इस पर संज्ञान लेने की मांग की। निर्वाचन कार्यों से ऐसी महिलाएं जो गर्भवती हैं या जिनके बच्चे चार वर्ष से कम आयु के हैं उन्हें निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान श्वेता दूहन, राणा तलत, निधांशु, सुषमा, अंजू कौशिक, लवीना, कुशल राणा, नीलम सक्सेना, पूजा, आकांक्षा व सीमा सुलतान आदि मौजूद रहीं।


बीएस को पुष्पगुच्छ देतीं उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष व अन्य।

**▸▸ महिलाओं को चुनाव ड्यूटी से दूर रखने की उठाई मांग**

### विवाह में सहायता देने के लिए 612 आवेदन हुए स्वीकृत, लाभार्थी को मिलेगी 20 हजार की धनराशि

# निर्धन कन्याओं के विवाह के लिए मिले सवा करोड़

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** जिले में अधिसूचित पिछड़ी जाति की निर्धन कन्याओं के विवाह के लिए 1 करोड़, 22 लाख, 40 हजार का अनुदान मिल गया है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तहत 612 आवेदक चयनित हुए थे। इसमें प्रत्येक लाभार्थी को 20 हजार की धनराशि मिलेगी। विभाग के पोर्टल पर 1097 आवेदकों के ऑनलाइन आवेदन मिले थे। आवेदनों की प्रत्येक विकासखंड व तहसील स्तर पर जांच हुई। जांच होने के बाद विभाग ने 485 अभ्यर्थियों के आवेदन अस्वीकृत कर दिए। स्वीकृत लाभार्थियों के बैंक खाते में ऑनलाइन अनुदान राशि भेज दी है।

पिछड़ा वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए शादी अनुदान योजना संचालित है। संबंधित आवेदक अधिकतम दो पुत्रियों की शादी के लिए अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। इसमें अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग की कन्याएं शामिल नहीं हैं। आवेदक को शादी अनुदान पोर्टल पर प्रमाणीकरण की नवीन व्यवस्था ई-केवाईसी के माध्यम से अपना व पुत्री का आधार पोर्टल पर दर्ज करना होता है। आधार कार्ड से लिंक मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी का उपयोग कर आवेदन किया जा सकता है। वरिष्ठ सहायक पिछड़ा वर्ग कल्याण सुधीर कुमार ने बताया कि विभाग को कुल 1097 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से विकासखंड अधिकारी ने 799 व एसडीएम ने 88 आवेदन विभाग को जांच बाद अग्रसारित किए थे। जांच को निर्धारित एक माह के समय में पूर्ण किया गया। पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान पोर्टल पर आवेदन प्रदर्शित होने के बाद विभाग ने पुनः आवेदनों का निरीक्षण किया। पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहम्मद जीशान मलिक ने जांच बाद 612 आवेदन को स्वीकृति प्रदान की। इस अनुक्रम में संबंधित विभाग को आवेदक सूची प्राप्त होने के बाद शासन आवेदक के बैंक खाते में ऑनलाइन अनुदान राशि स्थानांतरण कर दी गई है।

**▸▸ विभाग को पोर्टल पर प्राप्त हुए थे 1097 आवेदन**

#### विवाह होने के तीन माह बाद भी हो सकता है आवेदन

आवेदक विवाह होने से तीन माह पहले और तीन माह बाद भी आवेदन कर सकता है। आवेदक की ग्रामीण क्षेत्र में आय 46080 रुपये एवं शहरी क्षेत्र में वार्षिक आय 56460 रुपये से अधिक न हो। शादी की तिथि को पुत्री की आयु के 18 वर्ष तथा वर की आयु आधार कार्ड के अनुसार 21 वर्ष से कम न हो। आवेदक को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना व श्रम विभाग से शादी अनुदान का लाभ प्राप्त न हुआ हो। आवेदक यदि विधवा-विकलांग हो तो उसका प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

# कलेक्ट्रेट पर एमएसपी गारंटी कानून को लेकर गरजे किसान

## ट्रैक्टर रैली लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे, धरना देने के दौरान पुलिस से हुई नोकझोंक, जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने एमएसपी गारंटी कानून समेत कई मांगों को लेकर प्रदेश कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट गेट तक ट्रैक्टर रैली निकाली। वे नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर वहीं धरने पर बैठ गए। पुलिस ने उन्हें धरना देने से रोका तो उनकी पुलिस से नोंकझोक हो गई। करीब ढाई घंटे तक कलेक्ट्रेट के गेट पर वे डटे रहे। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

बुधवार सुबह 11 बजे से भाकियू के पदाधिकारी व किसान हाईवे के पास स्थित भाकियू टिकैत के प्रदेश कार्यालय पर एकत्र होने शुरू हो गए थे। प्रदेश महासचिव हसीब अहमद और जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह गिल के नेतृत्व में किसान नारेबाजी करते हुए हाईवे पर पहुंचे। किसान नेताओं के साथ भीड़ कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ने लगी। भीड़ के पीछे ट्रैक्टर भी थे। इस दौरान पुलिस ने मुरादाबाद और बरेली की ओर से आने वाले ट्रैफिक को रेलवे स्टेशन के सामने और राहे रजा से पहले रोक दिया था। किसान कलेक्ट्रेट पर पहुंचे और गेट के सामने धरने पर बैठ गए। पुलिस ने किसानों को धरना देने से रोका तो बहस हो गई। किसानों का कहना था कि वे गेट पर ही धरना देंगे।

पुलिस कलेक्ट्रेट के पार्क में धरने की बात कह रही थी। लेकिन किसान अपनी जिद पर अड़े रहे और वहीं धरने पर बैठे रहे। यहां प्रदेश महासचिव और जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार किसान विरोधी है। उनकी किसी भी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रही है। कहा कि अब अगले आंदोलन के लिए हाईकमान के आदेश का इंतजार है।

इस दौरान पुलिस और किसानों की नोकझोंक हो रही रही थी। तभी जिलाधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे। इसके बाद किसानों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंप दिया। इस दौरान जिला प्रवक्ता मंजीत सिंह अटवाल, रंजीत सिंह यादव, जुबैद आलम, हाफिज अय्यूब, मुस्तकीम, राहत खां, दरियाव सिंह, रामदास मौर्य, लखविंदर सिंह, होरी लाल, राशिद, राजेंद्र सिंह, मोंटी, सुरेंद्र सिंह रंधावा, बलजीत सिंह, राज किशोर, शंकर लाल, राम बहादुर, हरज्ञान सिंह, प्रेमपाल, वीरेंद्र सिंह, सतीश कुमार, प्रताप सिंह मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे किसानों को संबोधित करते भाकियू के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद। ● अमृत विचार

#### दिल्ली जाने से नहीं रोक सकती केंद्र सरकार : हसीब

कलेक्ट्रेट पर धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि जनता द्वारा चुनी गई केंद्र सरकार दिल्ली में है। सरकार किसानों को राजधानी तक पहुंचने से नहीं रोक सकती। राजधानी जाने के लिए देश का हर व्यक्ति स्वतंत्र है। दिल्ली में स्वतंत्रता सेनानियों की निशानियां हैं। दिल्ली देश के किसानों के दिल में बसती है। सरकार को बड़ा दिल दिखाकर जैसे पिछली सरकारों ने बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को बोट क्लब पर बुलाया था और वह 10 लाख किसानों के साथ पहुंचे थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने उनका स्वागत किया था। किसानों की समस्याएं सुनी थीं। इसके बाद डंकल प्रस्ताव वापस लिया गया था, इतने बड़े आंदोलन में कोई हिंसा नहीं हुई थी। सरकार किसानों-मजदूरों का कर्ज माफ करे और एमएसपी गारंटी कानून को लागू करें। उन्होंने कहा कि स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू की जाए।

#### सिविल लाइन क्षेत्र में लगा जाम

किसानों की ट्रैक्टर-ट्राली रैली के दौरान हाईवे से गुजरने वाले वाहनों को रोक दिया गया था। इस दौरान रोडवेज की बसों के चालक सिविल लाइंस क्षेत्र में राम रहीम पुल के दोनों साइडों से बसें निकालकर ले जा रहे थे। इस कारण दोनों ओर काफी देर तक जाम लगा रहा। कलेक्ट्रेट गेट पर धरने के दौरान लोगों को काफी परेशानी हुई। धरने को देखते हुए सुबह से ही पुलिस तैनात हो गई थी।


ऑपरेशन के बाद प्रसूता के पास मौजूद सीएचसी प्रभारी डॉ. देवेश चौधरी व अन्य।

# सिजेरियन प्रसव से ऑपरेशन थियेटर में गूंजी किलकारी

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचारः** जननी सुरक्षा केंद्र स्थित सिजेरियन प्रसव में बड़े ऑपरेशन से प्रथम बार महिला ने नवजात को जन्म दिया। ऑपरेशन थियेटर में बच्चे की किलकारी गूंजने पर स्टाफ ने गर्व महसूस किया। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑपरेशन थियेटर प्रसव व न्यू बार्न बेबी केयर रूम की कोई व्यवस्था न होने कारण गर्भवतियों को उत्तराखंड या जिला मुख्यालय जाना पड़ता था। चिकित्सा अधिकारी देवेश चौधरी के प्रयासों से सीएचसी में सिजेरियन प्रसव की सुविधा उपलब्ध हुई। बुधवार सुबह गांव रजानगर निवासी अमीर अहमद ने प्रसव पीड़ा होने पर अपनी पत्नी रीमा को सीएचसी में जननी सुरक्षा केंद्र में भर्ती कराया था। सामान्य प्रसव नहीं होने पर ऑपरेशन थियेटर में सिजेरियन प्रसव किया गया। डॉ. फखरुन पाशा, डॉ. सोफिया, ओटी टेक्नेशियन, स्टाफ नर्स सुरेन्द्र मेहरा, वार्ड आया शशि ने महिला के ऑपरेशन में सहयोग किया। इस दौरान महिला ने नवजात को जन्म दिया। ऑपरेशन सफल होने पर स्टाफ ने खुशी का इजहार किया। सीएचसी प्रभारी डॉ. देवेश चौधरी ने प्रसूता को बुके देकर सम्मानित किया। चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि सुरक्षित मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य पहली प्राथमिकता है।

# दहेज मांगने में बरेली के पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** दहेज में पांच लाख रुपये मांगने में बरेली के रहने वाले पति समेत पांच लोगों के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मोहल्ला विष्णु विहार निवासी कंचन ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी नौ दिसंबर 2020 को जिला बरेली के थाना सिरौली निवासी रजत पांडेय से हुई थी। महिला का दावा है कि उसके मायके वालों ने शादी में करीब 26 लाख रुपये खर्च किए थे। पांच लाख रुपये पति रजत पांडेय के खाते में जमा किए थे। 21 लाख रुपये नकद दिए थे। शादी के कुछ समय बाद से ही पति और ससुराल वाले महिला को कम दहेज लाने का ताना दे रहे थे। महिला से पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। जब कंचन ने कहा कि अभी तो शादी में 20 लाख रुपये खर्च किए हैं और कहां से लाकर दें। इस बात को लेकर ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा। इससे महिला तनाव में आ गई। उसका इलाज मुरादाबाद में कराया गया। इस बीच एक सितंबर 2021 को महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। यह बात ससुरालियों को रास नहीं आई। आरोप है कि ससुराल वालों ने कंचन को लात घूसों से पीटा। 20 सितंबर 2021 को घर से निकाल दिया। 10 फरवरी 2024 को दो लोगों ने घर में घुसकर उसे पीटकर घायल कर दिया। इसके बाद वह थाने पहुंची। उसने थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने पति रजत पांडेय, ससुर रामौतार, सास धारावती व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### खाद्य सुरक्षा टीम ने घी और क्रीम के नमूने लिए

**रामपुर, अमृत विचारः** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने टांडा में दढ़ियाल रोड पर कार सवार को रोक लिया। कार में वनस्पति घी पाया गया। दूसरे डिब्बे में क्रीम मिली। दोनों पदार्थों के नूमने लिए गए।

सहायक आयुक्त (खाद्य) अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने अभियान चलाया। इसके तहत रॉयल फार्म हाउस काशीपुर रोड टांडा पर दढ़ियाल पुलिस बल द्वारा पकड़ी गई नफीस अहमद की कार को चेक किया। उपभोग एवं सार्वजनिक विक्रय के लिए नौ टीन में लगभग 135 किलोग्राम प्रत्येक टीन में लगभग 15 किलोग्राम वनस्पति और एक डिब्बे में लगभग 10 किलोग्राम क्रीम मिली। बताया कि विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल दो नमूने संग्रहीत कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामप्रताप, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।

# अश्लील फोटो वायरल करने के आरोपी पर रिपोर्ट

संवाददाता, केमरी

**अमृत विचार :** स्कूल जा रही छात्रा से युवक ने छेड़खानी की। मौका पाकर आरोपी घर में घुस गया। जहां उसके अश्लील फोटो खींचकर वायरल कर दिए। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी मुकेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला केमरी थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री क्षेत्र के विद्यालय में कक्षा 10 में पढ़ती है।

गांव का ही आरोपी युवक रास्ते में उससे छेड़खानी और अश्लील हरकतें करता था। इस बात की जानकारी जब उसे हुई तो पीड़िता के पिता ने आरोपी के घर वालों से शिकायत की। लेकिन आरोपी फिर भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। आरोपी ने एक दिन घर में घुसकर उसके अश्लील फोटोग्राफ खींच लिए। फोटो से उसे ब्लैकमेल किया।

काफी दिन परेशान होकर ग्रामीण ने पुत्री का रिश्ता थाना भोट के एक गांव निवासी युवक के साथ तय कर दिया। रिश्ते की जानकारी आरोपी को हुई तो उसने छात्रा का फोटो वायरल कर दिया। शादी नहीं होने और जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी सत्येंद्र यादव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**अपराध**

**▸▸ स्कूल जाते समय छात्रा से युवक ने की थी छेड़खानी**

**▸▸ डर की वजह से पिता ने पुत्री का रिश्ता किया तय**

# डायलिसिस यूनिट में दो मशीनें और लगेंगी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** जिला चिकित्सालय के डायलिसिस यूनिट में दो और आधुनिक मशीनें जल्द लगेंगी। रोगियों को निजी चिकित्सकों के पास नहीं जाना पड़ेगा। हालांकि यहां पहले से 10 मशीनें हैं, जिनसे प्रतिदिन 30-35 रोगियों की डायलिसिस होती है। रोगियों की अधिक संख्या को देखते हुए यूनिट के जिम्मेदारों ने अस्पताल प्रशासन को लिखकर भेजा है। जहां से अस्पताल प्रशासन ने संबंधित कंपनी और शासन स्तर से मुहैया कराई जाएगी।

डायलिसिस यूनिट प्रभारी प्रियंका ने बताया कि जब किसी व्यक्ति की किडनी में खराबी और दिक्कत आती है। तब यहां उन रोगियों को एक रुपये का पर्चा बनवाना पड़ता है। इसके बाद उपचार के हिसाब से वार्ड में भर्ती कराया जाता है। यहां प्रतिदिन करीब 30-35 रोगियों की डायलिसिस होती है, यहां 10 मशीनें है, निजी अस्पताल में जहां रोगियों को तीन से चार हजार रुपये खर्च करने पड़ते हैं। लेकिन इस यूनिट में एक रुपये के पर्चे पर डायलिसिस निशुल्क होती है। इसके लिए रोगी के तीमारदारों को कोई भी सामान लाने की कोई आवश्यकता नहीं होती है।

बताया कि किडनी के मरीजों को बिना किसी फीस के परामर्श से लेकर सभी जांच, जरूरी दवाएं और जरूरत पड़ने पर डायलिसिस की जाती हैं। सबसे खास बात यह है कि जो लोग गरीबी के कारण बिना किसी डायलिसिस के असमय जान गवां देते थे। वह हीमोडायलिसिस यूनिट में इलाज पाकर लंबे समय तक जी पा रहे हैं। दो मशीनों मिलने के बाद यूनिट की क्षमता और बढ़ जाएगी। मशीनों के लिए अप्रूवल भेजा गया है।

#### पांच वर्ष पहले हुई थी यूनिट की स्थापना

जिला चिकित्सालय में हेमोडायलिसिस यूनिट की स्थापना पांच वर्ष पहले पूर्व सांसद डा. नैपाल सिंह ने की थी। 14 फरवरी 2024 को यूनिट की वर्षगांठ में जिलाधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। जिन्होंने यहां यूनिट के बारे में सीएमओ, सीएमएस और यूनिट के प्रभारी से मरीजों के बारे में जानकारी ली थी। सीएमओ, सीएमएस ने बताया था कि यूनिट में दस मशीनें स्थापित है, रोगियों की अधिक संख्या को देखते हुए दो मशीनों की और जरूरत है, इनके लगने से रोगियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

**▸▸ इस समय है 10 मशीनें, किडनी में दिक्कत, खराबी आने पर रोगियों की जाती है डायलिसिस**

> मशीनों के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को लिखकर दिया गया है। जहां से शासन द्वारा संबंधित कंपनी को भेजा जाएगा। इसके बाद ही मशीनें लग पाएंगी। -डॉ. एचके मित्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

**समस्या** | रात में आने-जाने में लोगों को हो रही परेशानी, जिम्मेदार बेखबर

# नई बस्ती में नहीं लगीं स्ट्रीट लाइटें, रहता है अंधेरा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** नई बस्ती में स्ट्रीट लाइटें नहीं होने से अंधेरा छाया रहता है। रात में आने-जाने में यहां लोगों को परेशानी होती है। इस समस्या को लेकर पूर्व में पालिका अधिकारियों, सभासद को बताया जा चुका है, लेकिन अब तक लाइटें नहीं लगी हैं। यहां के लोगों का कहना है कि कुछ दिन पहले पालिका के अधिकारी, कर्मचारी भी आए थे। उन्होंने कहा था कि यह क्षेत्र परिसीमन में नहीं है, जब शासन से आदेश आएंगे तो इन खंभों पर स्ट्रीट लाइटें लगेंगी।

नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 5 बमनपुरी स्थित नई बस्ती की गली नंबर एक, दो में स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी हैं। तंग गलियों में लाइटें नहीं लगने से अंधेरा रहता है। लोगों का कहना है कि इस बस्ती की दो हजार लोगों की आबादी है। गली में सफाई कराई जाती है। प्रतिदिन ठेलियों में कूड़ा भरकर लेकर जाते हैं। लेकिन यहां पथ प्रकाश व्यवस्था नहीं है। इस समस्या के बारे में मंगलवार को संपूर्ण समाधान दिवस में इंडियन मुस्लिम लीग पार्टी के जिलाध्यक्ष मुजम्मिल अली सलमानी के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।


बमनपुरी की नई बस्ती में खंभे पर स्ट्रीट लाइटें नहीं हैं।

> बस्ती में स्ट्रीट लाइटों के नहीं होने का मामला संज्ञान में है। इसके लिए शासन को लिखा गया है। शासन से निर्देश मिलते ही जल्द ही पथ प्रकाश व्यवस्था को सुचारू कराया जाएगा। -दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ



> नई बस्ती की गली नंबर एक, दो में लाइटें नहीं हैं। अंधेरा रहने से आने जाने में राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के बारे में सभासद, पालिका अधिकारियों को बता चुके हैं। - रेहान



> लाइटों के बारे में जब शासन को लिखा गया है, तो यहां पालिका के दो कर्मचारी आए। उन्होंने यहां देखा तो बताया कि यह क्षेत्र अभी परीसीमन में नहीं आया है। काफी समय से समस्या बनी हुई है। - बब्बू अली



> बस्ती में लाइटें लगवाने के लिए पालिका के अधिकारियों से संपर्क किया था। उन्होंने कहा था कि लाइटें लगाने के लिए शासन को लिखा जा चुका है। निर्देश मिलने पर समस्या का समाधान कराया जाएगा। - उस्मान



> यह क्षेत्र पालिका के अधीन है, जोकि वार्ड नंबर 5 बमनपुरी में आता है, यहां सफाई तो समयानुसार हो रही है। लेकिन लाइटें नहीं लगने से अंधेरा छाया रहता है। राहगीरों को परेशानी हो रही है। - जुबैर

### छुट्टा पशु फसलें कर रहे नष्ट, पकड़ने की मांग

**मसवासी, अमृत विचारः** क्षेत्र के जंगल में छुट्टा पशुओं से किसान परेशान हैं। किसान खेतों पर रहकर फसलों को रखाने को मजबूर हैं। उन्होंने प्रशासन से छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है।

पट्टीकला के गांव अलीगंज कुंदनपुर सीतारामपुर रहमतगंज के जंगल में छुट्टा पशुओं के झुंड ने फसलों को तहस-नहस कर दिया। गांव में घुसकर भी छुट्टा पशु लोगों पर हमलावर हो रहे हैं। किसान नाजिम हुसैन, सजाकत अली, नजाकत हुसैन, राम भरोसे, नरेश कुमार, भोपाल सिंह, दिलीप कुमार आदि ने कई बार इस मामले की शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से की। लेकिन अधिकारियों ने छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की कार्रवाई शुरू नहीं कराई है। छुट्टा पशु गेहूं, गन्ना, बरसीम समेत अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसान पूरा दिन खेतों पर लाठी डंडे लेकर फसलों की रखवाली कर रहे हैं।


तहसील में एसडीएम सदर को ज्ञापन देने पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

# भूमि पर कब्जे का किया विरोध

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** वाल्मीकि कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किए जाने के मामले में भारतीय आंबेडकर सभा के पदाधिकारी भड़क गए। उन्होंने इस मामले में एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपा। मांग है कि जमीन की पैमाइश कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

बुधवार दोपहर भारतीय अम्बेडकर सभा के जिलाध्यक्ष अनिल राज के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारी एकत्र होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ प्रदर्शन किया। एसडीएम को दिए ज्ञापन में कहा है कि 70 वर्षों से अधिक वाल्मीकि समाज का कब्रिस्तान है, कब्रिस्तान में समाज के लोग परंपरागत तरीके से मृत्यु उपरांत शवों को दफन करते चले आ रहे है। लेकिन वर्तमान स्थिति में कब्रिस्तान की भूमि पर आसपास के दूसरे समुदाय दबंग किस्म के लोग अवैध कब्जा कर रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों में धर्म कुमार वाल्मीकि, सुरेश कुमार, नवीन कुमार, अविनाश तपन, सनी, रमेश चौहान, रोहित, जोगेंद्र, सोनू आदि शामिल रहे।

### सीएमएस ने सीटी स्कैन प्रभारी को दिया नोटिस

**रामपुर, अमृत विचारः** जिला अस्पताल में सीटी स्कैन के मेसर्स स्टार इमेजिंग एंड पैथ लैब प्राइवेट लिमिटेड तिलक नगर नई दिल्ली के नाम प्रभारी को नोटिस दिया है। इसमें कहा है कि बिना विशेषज्ञता के चिकित्सक की सलाह पर सीटी स्कैन किए जा रहे हैं। सिटी स्कैन विशेषज्ञता, चिकित्सक के बिना नहीं हो सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना चिकित्सक की सलाह के सीटी स्कैन नहीं किए जाएं।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने सिटी स्कैन प्रभारी को नोटिस दिया है। उन्होंने चीफ फार्मासिस्ट, फार्मासिस्ट, दवा, पर्चा काउंटर पर तैनात कर्मियों को निर्देश दिए हैं। कहा कि बिना ड्रेस के अस्पताल में प्रवेश नहीं किया जाए। उन्होंने वार्ड ब्वॉय, स्टाफ नर्सों से कहा कि ड्यूटी करने से पहले इमरजेंसी, ईसीजी कक्ष में ऑनलाइन हाजिरी लगाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती गई तो कार्रवाई अवश्य होगी।

एक नजर

## मुस्कान गुप्ता ने उत्तीर्ण की नेट परीक्षा



**केमरी, अमृत विचार :** सैफनी निवासी मुस्कान गुप्ता ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। द्वितीय प्रयास में उन्हें यह सफलता मिली है। परीक्षा उत्तीर्ण होने पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है। मुस्कान ने वनस्थली विद्यापीठ राजस्थान से एमएससी मैथमेटिक्स की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उनके पति मोहल्ला सिंघाड़ियान निवासी अमन गुप्ता आयकर विभाग देहरादून में वरिष्ठ कर सहायक के पद पर तैनात हैं।

## कर विभाग की ओर से लगेगा शिविर

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के कर विभाग की ओर से जलकल कर का बकाया जमा कराए जाने को कैंप लगाया जाएगा। पिछले दिनों से विभाग की ओर से 94 बकाएदारों को नोटिस जारी किए थे। जिन पर एक लाख रुपये का बकाया है। बकाया जमा करने को 15 दिन का समय दिया था। समयावधि पूरी होने पर कैंप लगाया जाएगा। राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि बकाया जमा कराए जाने के लिए शहर में कैंप लगाए जाएंगे।

# ... यह वह दर है जहां दिल नहीं तोड़े जाते

## मैरिज हॉल में हजरत गौस-ए- आजम की शान में सजी महफिल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



महफिल में मंचासीन उलमा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** माला रोड स्थित एक मैरिज हॉल में बुधवार दोहपर हजरत गौस-ए-आजम की शान में एक महफिल सजी। इसमें उलमा ने कलाम पेश किए।

महफिल का आगाज तिलावते कुरआन से हुआ। नातख्वां अतहर जताली ने नात पेश की। कहा, बेतलब भीख जहां मिलती है आते-जाते, यह वह दर है जहां दिल नहीं तोड़े जाते, यह तो आका की इनायत है, करम है उनका, वर्ना हम जैसे कहां दर पर बुलाए जाते। इसके बाद उन्होंने यह मनकबत पेश की, मोहम्मद का प्यारा है हाफिज पिया, अली का दुलारा है हाफिज पिया, मेरी जानो दिल पर, मेरे घर के अंदर, कर्म तेरा सारा है हाफिज पिया। इसके बाद कारी राशिद जमाली ने यह कलाम पेश किया, महफिल-ए-गौस में जो आता है, रहमते हक की वही पाता है, हाजियों जाकर उनसे यह कहना, गुंबदे खजरा याद आता है। अरशद जमाली ने पढ़ा- आकर दरे जमाल पे सिर को झुका के देख, मिल जाएगा सुरूर जरा दिल लगा के देख, गर चाहता है हश्र में बन जाए तेरी बात, आकर दरे जमाल का लंगर लुटा के देख।

महफिल की सदारत हजरत हाफिज शाह जमाल के सज्जादानशीं शाह फहद अहमद जमाली ने की। निजामत अतहर जमाली ने की।

इस दौरान शाहिद अली खां जमाली, जुनैद मियां मुजद्ददी, मजार शाह बगदारी साहब के सज्जादानशीं साजिद मियां, मजार शाह विलायत साहब के सज्जादानशीं नासिर मियां, मौलवी शाह खालिद साहब, कारी राशिद साहब, रहमत जमाली, फरहान उल्लाह खां जमाली, मुराद अली जमाली, बाबू मियां जमाली, रज्जाक जमाली, मुकर्रम जमाली, समी जमाली, शानू जमाली, जमाल जमाली, मोहम्मद मियां जमाली, शब्बू जमाली, मास्टर रेहान जमाली, आमिर खां जमाली, मुईन पठान, बाकर खां मौजूद रहे।

## 24 को मनाया जाएगा संत रविदास का जन्मोत्सव

**रामपुर, अमृत विचार:** कार्यालय में बुधवार को हुई अखिल भारतीय जाटव महासभा की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष महेश कुमार सागर ने कहा कि 24 फरवरी को संत रविदास का जन्मोत्सव आंबेडकर पार्क में मनाया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, शहर विधायक आकाश सक्सेना रहेंगे। जन्मोत्सव को लेकर महासभा के पदाधिकारियों से कहा कि जिनको कार्यक्रम को सफल बनाए जाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वह बखूबी तरीके से निभाएं। ग्रीन मार्केट स्थित जेआर अस्पताल के पास आयोजित बैठक में भारतीय अंबेडकर युवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर प्रसाद मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, डॉ. दशरथ सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी अभिषेक कुरील, रजा डिग्री कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार, शांति शरण सागर, राकेश कुमार सागर, सुरेश कुमार, अमर पाल सिंह, अशोक कुमार, रावत, जबर सिंह, दिनेश कुमार बब्ली, दिनेश कुमार सागर, मुकेश कुमार सागर आदि शामिल रहे।

सार संक्षेप



रक्तदान करते युवक के पास मौजूद समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## शिविर में 32 लोगों ने किया रक्तदान

**रामपुर, अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति की ओर से श्री गुरु सिंह सभा में बुधवार को आयोजित रक्तदान शिविर में 32 लोगों ने रक्तदान किया। समिति के जिला अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि सेवा समिति रक्तदान शिविर लगवाती है। जब भी ब्लड बैंक में खून की कमी होती है। वीर खालसा सेवा समिति द्वारा रक्तदान शिविर लगाया जाता है। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि आगे भी रक्तदान के शिविर लगाए जाएंगे। रक्तदान महादान है। इस मौके पर ग्रंथि सुरजीत सिंह प्रधान, सरदार निर्मल सिंह, सचिन, सरदार मनमीत सिंह, अमरजोत सिंह, कपूर सनी, कपूर गुलशन अरोड़ा, मनजीत सिंह, अमनदीप सिंह, सुखविंदर सिंह, जगजीत सिंह, अर्जुन सिंह, अजीत सिंह, चरणजीत सिंह, मोनू सिंह, सुखजीत सिंह मौजूद रहे।

## प्रशस्ति पत्र पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे



विद्यार्थी का तिलक करतीं प्रधानाचार्य।

**मिलक, अमृत विचार :** हेरिटेज विद्यालय में बुधवार सुबह प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे विद्यार्थी खुश नजर आए। कक्षा एक और दो के अहिंसा, त्याग, सत्या और परोपकार हाउस के विद्यार्थियों ने क्ले मॉल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न खिलौने जैसे पांडा, स्नोमैन, टेडी बियर, फल-फूल, कार बनाकर दिखाई। प्रतियोगिता में कक्षा एक से सांची, क्यारा, नंदिनी प्रथम, अजलान, सादिक द्वितीय तथा मृत्युंज, मान्या तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दो से आकांक्षा प्रथम, माही द्वितीय तथा अर्श एवं मिष्ठी तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल संस्थापक गंगा शंकर पांडेय ने कहा कि विद्यालय प्रतिदिन विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को संभारने व साधने के लिए प्रयासरत है। प्रबंधक मनोज कुमार पांडे ने कहा कि हम शिक्षा से अपना सर्वांगीण विकास, रहन-सहन, भाषा- शैली, आदर्श आदि संस्कारों को सिखाते हैं। प्रधानाचार्या डॉ. रीना दुबे ने बच्चों को समय से अपने कार्य को पूर्ण करने की सीख दी। कहा कि दिनचर्या का नियमित तरीके से पालन करना ही विद्यार्थी जीवन के गुण होने चाहिए। इस दौरान कोऑर्डिनेटर एलआर कुशवाहा, फरहत उल्लाह खान, बासित अली, दीप्ति सक्सेना, सुप्रिया शर्मा, मधु रुहेला, भूमि अग्रवाल, गीता देवी, विधि त्रिवेदी, भावना, सिंपल सक्सेना, गीता तिवारी, अमनदीप कौर आदि मौजूद रहे।

## जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य और लाभार्थी संपर्क अभियान की जिला सहसंयोजक सुनीता सिंह सैनी ने जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। चमरौआ विधानसभा क्षेत्र के मंडल मुरसैना के एक बैक्वेट हॉल में लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत कार्यशाला हुई। इसमें योजनाओं के बारे में बताया गया। इस दौरान वीरपाल, महामंत्री संजीव सागर, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष, वसीर अहमद, मंडल महामंत्री रिजवान भारतीय, हरचरण प्रधान, त्रिलोक सिंह दिवाकर, बूथ अध्यक्ष खेमकरण लोधी, सुनीता सिंह, मंडल महामंत्री निधि वर्मा, मंडल मंत्री, मुन्नी देवी गंगवार आदि मौजूद रहे।

## किसानों का भाजपा सरकार में हुआ विकास

**मसवासी, अमृत विचार :** भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष चौधरी सतपाल सिंह ने कहा कि भाजपा में ही किसानों का हित संभव है। गांव नन्हे का मझरा में ग्राम परिक्रमा यात्रा के तहत बुधवार को भारतीय जनता पार्टी का कार्यक्रम हुआ। इसमें केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान अध्यक्ष अशोक सैनी, अब्दुल्ला अली, अहसान, आसिफ अहमद व इमरान आदि मौजूद रहे।

## बच्चों को मेडल पहनाकर किया सम्मानित



बच्चों को मेडल पहनातीं प्रबंधक शीमा उजैर।

**रामपुर, अमृत विचार :** ग्रीन फील्ड इंटरनेशनल स्कूल के जूनियर विंग की प्रबंधक शीमा उजैर ने कहा कि बच्चे अपनी मेहनत और लगन से खुद को श्रेष्ठ बना सकते हैं। विज्ञान एवं रंगोली प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन वालों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। शाहबाद रोड स्थित ग्रीन फील्ड इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को बच्चों का सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य नासिर खान ने भी बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिए। इस मौके पर स्कूल के निदेशक उजैर शमसी भी मौजूद रहे।



संकुल बैठक में लोगों को संबोधित करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

## मासिक संकुल बैठक में निपुण लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

**भोट, अमृत विचार :** मासिक संकुल बैठक में समय सारिणी से शिक्षक डायरी भरने व निपुण लक्ष्य पूरा करने के निर्देश शिक्षकों को दिए गए। फरवरी की संकुल बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय रम्पुरा में हुआ। बैठक गूगल मीट पर एआरपी मोहम्मद दानिश ने की। इस दौरान निपुण भारत मिशन को सफल बनाने पर जोर दिया गया। निपुण एप से आकलन, छात्रों की शत प्रतिशत उपस्थिति, वार्षिक परीक्षा, दीक्षा एप एवं यूट्यूब सेसन, टीम बिल्डिंग गतिविधि व टीएलएम प्रस्तुतिकरण पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रभारी संकुल शिक्षक ताहिर अली, विशाली, मीनाक्षी, रानी कश्यप, हेमंत कुमार, प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे।

# अमृत पान करना हर सिख का फर्ज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



संगत को निहाल करता महिला रागी जत्था। ● अमृत विचार

- सुखमणि साहिब के पाठ की समाप्ति पर सजा कीर्तन दरबार
- सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में हुआ पाठ

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में मंगलवार देर रात सुखमणि साहिब के पाठ की समाप्ति पर कीर्तन दरबार लगा। इसमें लोग गुरुवाणी का पाठ सिमरन करते हैं।

स्त्री सत्संग ने कीर्तन कर संगत को निहाल किया। स्त्री सत्संग की अध्यक्ष रणजीत कौर ने कहा कि हर सिख का फर्ज है, वह अमृत पान करें। वह गुरु के साथ जुड़े दीन-दुखियों की सेवा करें। बिना अमृत पान किए सिख अधूरा है। हमें गुरुओं के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इससे मन को शांति मिलती है। लंगर में किसी भूखे को भोजन करने पर उसके मन से निकली दुआ रब तक पहुंचती है और लोगों के बिगड़े काम बन जाते हैं। कहा कि पेट में लगी भूख की आग रात को सोने नहीं देती है। भूखे लोग लंगर बरत कर दिल से दुआ देते हुए जाते हैं। दूसरों को खाना खिलाना बहुत अच्छा होता है। इस मौके पर रणजीत कौर को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर हुआ। इस दौरान मनजीत कौर, दविंदर कौर, अमरजीत कौर, सुरेंद्र कौर, सोनिया, बलविंदर कौर, गुरुद्वारा, प्रधान सरदार निर्मल सिंह, सचिव सरदार मनमीत सिंह, अवतार सिंह, अमरजोत सिंह, जगजोत सिंह, अरदास ग्रंथि सुरजीत सिंह आदि रहे।

## अधिवक्ताओं ने एसडीएम को बताईं अपनी समस्याएं

**मिलक, अमृत विचार:** बार सभागार में बुधवार को बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एसडीएम व नायब तहसीलदार लोकेश कुमार का स्वागत किया। अमन देओल को पुन मिलक का एसडीएम बनाने पर अधिवक्ताओं ने हर्ष जताया।

एसडीएम ने कहा कि क्षेत्र के आमजनमानस की समस्याओं के समाधान पर प्राथमिकता दी जाएगी। न्यायिक कार्यों में पूर्ण ईमानदारी के साथ न्याय दिया जाएगा। उन्होंने अधिवक्ताओं से सहयोग की अपील की। इस दौरान बार के अध्यक्ष सतीश चंद्र गंगवार, जितिन कुमार, बाबूराम गंगवार, भरण पोषण अधिकारी योगेश बंसल, देशवीर, घनश्याम, नवनीत यदुवंशी, शेखर रुहेला, उमेश सक्सेना, राजीव जैन, विपिन तिवारी, प्रेमपाल गंगवार, महेश प्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



छात्रा शिफा को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

# नए आयाम स्थापित कर रहे सरकारी विद्यालयों के छात्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** खंड शिक्षाधिकारी सुनील कुमार सक्सेना ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के छात्र भी नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। शिक्षक अपनी समर्पित भावना से छात्र-छात्राओं के भविष्य को उज्ज्वल करने के लिए, प्रतियोगी-परीक्षा की तैयारी कराते हैं।

प्राथमिक विद्यालय बगी में कक्षा अध्यापक रूही हसीब ने बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कराया। इसमें विद्यालय की छात्रा शिफा का विद्या ज्ञान परीक्षा में चयनित होने पर उसे सम्मानित किया गया। समारोह का आरंभ खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र सुनील कुमार सक्सेना ने किया। ग्राम प्रधान के पति अनीस अहमद उर्फ बब्बू ने कहा कि ग्राम पंचायत बगी के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक बहुत ही लगन व मेहनत से काम करते हैं। प्रधानाध्यापक फौजिया महमूद, शिक्षक आशीष पाण्डेय आदि रहे।



सांसद का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

# कार्यशाला में सांसद ने गिनाईं केंद्र सरकार की उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** स्वार के विकास खंड कार्यालय में बुधवार को लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत भाजपा की मंडल कार्यशाला में सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्य कभी भी विपक्ष को दिखाई नहीं देते हैं। पिछली केंद्र सरकार ने नौ वर्ष में और राज्य सरकार के छह साल में कल्याणकारी योजनाओं को निचले स्तर के हर वर्ग के व्यक्ति तक पहुंचाया गया है।

इस दौरान अतर सिंह के निधन के बाद उनके आवास पर पहुंच कर सांसद ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। मंगलवार को अतर सिंह की मृत्यु हो गई थी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष देवेंद्र दिवाकर, पूर्व विधायक यूसुफ अली व चतर सिंह आदि मौजूद रहे।

## बूथों पर ज्यादा से ज्यादा लोग सुनें मन की बात

**रामपुर, अमृत विचार :** राम विहार स्थित भाजपा कार्यालय में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने बताया कि 25 फरवरी को होने वाले प्रधानमंत्री के मन की बात के कार्यक्रम के लिए जिले के समस्त पदाधिकारियों को विशेष लक्ष्य दिया है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले के 1789 बूथ पर मन की बात कार्यक्रम को सुना जाएगा। उन्होंने पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से इसमें शामिल होने का आग्रह किया। अपने बूथों पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को इकट्ठा करने पर जोर दिया। इस दौरान जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, अनुज सक्सेना, अर्जुन रस्तोगी, सौरभ पाल लोधी, दिनेश शर्मा, अर्जित सक्सेना, राहुल गुप्ता, शुभम सक्सेना, करताल लोधी, ऋषि पांडे, जमुना प्रसाद लोधी आदि रहे।

# अभ्यर्थियों को मिलेगा लिपिकीय प्रशिक्षण

संवाददाता, रामपुर

- अप्रैल में भाषा ज्ञान के साथ कार्यालय प्रबंधन का दिया जाएगा प्रशिक्षण
- अनुसूचित व अनुसूचित जन जाति के अभ्यथियों को मिलेगी प्रतिमाह छात्रवृत्ति

**अमृत विचार :** इंटरमीडिएट उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए कार्यालय प्रबंधन का प्रशिक्षण मिलेगा। जिला सेवा योजन कार्यालय से संबद्ध शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र के अंतर्गत अनुसूचित व अनुसूचित जन जाति एवं पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए एक वर्षीय कार्यालय प्रबंधन का प्रशिक्षण कार्यक्रम सुनिश्चित किया है। यह प्रशिक्षण निशुल्क दिया जाएगा।

प्रभारी जिला सेवा योजन अधिकारी अभिषेक पंत ने बताया कि प्रवेश पाने के इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र संबंधित कार्यालय से प्राप्त कर 27 मार्च तक भरकर जमा कर दें। आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक योग्यता, आधार कार्ड, पेन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रतियां व एक पासपोर्ट साइज छायाचित्र एवं अनूसूचित व अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थी राष्ट्रीयकृत बैंक की पास बुक की छाया प्रति अवश्य संलग्न करें। आवेदक अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एक अप्रैल को सुबह 10 बजे जिला सेवा योजना कार्यालय में होगा। साक्षात्कार समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र जांच के लिए उपलब्ध कराने होंगे। इसके लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

प्रशिक्षण अवधि में सामान्य ज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, गणित, सचिवीय पद्धति, बुक कीपिंग और एकाउंटेंसी तथा कम्प्यूटर की जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण का विशेष उद्देश्य है कि अभ्यर्थी लिपिकीय संवर्ग के स्तर की प्रतियोगिताओं की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकें। इसके अतिरिक्त प्रतियोगी परीक्षाओं के लिहाज से एक पुस्तकालय का सद्‌पयोग करने का भी प्रशिक्षण प्रशिक्षणर्थियों को दिया जाएगा।

**आवेदन के लिए ये हैं शर्तें**


- अभ्यर्थी कम से कम इंटरमीडिएट उत्तीर्ण हो।
- हाईस्कूल की परीक्षा अंग्रेजी विषय से उत्तीर्ण हो।
- अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष होनी चाहिए, लेकिन आरक्षित वर्ग के लिए नियमानुसार छूट मिलेगी।
- ऐसे अभ्यर्थियों को वरीयता मिलेगी, जो टंकण व कम्प्यूटर का ज्ञान रखते हो।
- सेवायोजन कार्यालय में अभ्यर्थी का ऑनलाइन पंजीकरण होना अनिवार्य है।

चिंता

एक बीघा भूमि में निकल रहे 10 से 15 क्विंटल आलू, पिछले साल की तुलना में कम

# झुलसा रोग से आलू की पैदावार कम, किसान चिंतित

संवाददाता, शाहबाद



ढकिया में आलू की फसल में लगा झुलसा रोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** क्षेत्र में आलू की फसल में झुलसा रोग लगने से पैदावार कम हुई है। इससे किसान चिंतित हैं। बीते साल की तुलना में इस बार उत्पादन 30 प्रतिशत कम हुआ है।

किसानों का कहना है कि इस बार आलू फल-फूल नहीं सका। मंडी में आलू का मूल्य कम है। प्रति बीघा लागत नहीं निकल पा रही है। गांव ढकिया के किसानों ने बताया कि एक बीघा भूमि में केवल 10 से 15 क्विंटल आलू निकल रहा है, जबकि पिछली बार एक बीघा में 20 से 25 क्विंटल तक आलू की पैदावार हुई थी। झुलसा रोग से आलू का साइज छोटा रह गया है। खराब मौसम के चलते इस बार खोदाई के दौरान खराब आलू निकल रहा है। अगर बारिश हुई तो आलू की फसल में नुकसान हो सकता है।



इस बार खोदाई के दौरान खेतों में औसतन 20 से 30 कट्टे आलू निकल रहे हैं, जो उम्मीद से काफी कम है। पिछले साल एक बीघे भूमि में 40 से 50 कट्टे आलू निकले थे। आलू कम निकलने से किसान परेशान हैं। - बीटू



बीते साल और इस जनवरी में कई बार मौसम खराब हुआ। कोहरा और पाला भी पड़ा। फरवरी में वर्षा हुई। वर्षा से आलू की फसल को नुकसान हुआ है। आलू के कम उत्पादन से किसान परेशान हैं। - पुष्पेन्द्र सिंह



इस बार मौसम की मार से आलू में झुलसा रोग लग गया। इस कारण आलू की पैदावार कम हुई है। खोदाई के दौरान कुछ आलू सड़ा हुआ निकल रहा है। - मुकेश कुमार



इस वर्ष बारिश ने आलू उगने वाले किसानों की कमर तोड़ दी है। बदले तापमान के कारण फसल में झुलसा रोग लग गया। इस बार अच्छी फसल होगी यह सोचकर आलू बोया था। धर्मेंद्र सिंह

झुलसा रोग से बचाने के लिए एक हेक्टेयर भूमि पर आलू की फसल में दो किलो मेनकोजेब 600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव कर दें। -नरेंद्र पाल जिला कृषि अधिकारी



गांव मरियमपुर में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## रास्ता का निर्माण न कराने के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**बिलासपुर, अमृत विचार:** गांव में मुख्य रास्ता का निर्माण न कराने से नाराज ग्रामीणों ने प्रधान व अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की मांग की।

ग्राम पंचायत ईसानगर-लालपुर के गांव मरियमपुर के ग्रामीण बुधवार दोपहर एकत्रित हुए। उन्होंने प्रधान व अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना था कि गांव का मुख्य रास्ता लंबे समय से जर्जर है। इस मुख्य मार्ग से प्रतिदिन स्कूली बच्चों व गांव के लोगों, राहगीरों का आवागमन रहता है। प्रधान ने रास्ता का निर्माण नहीं कराया। उन्होंने कहा कि बारिश में रास्ते पर कीचड़ हो जाती है। जलनिकासी नहीं होने से गांव में संक्रामक रोग फैलने का खतरा है। इस दौरान विजय विश्वास, नेत्रपाल, रामचरण, मनोज, शिवकुमार, गुलशन, सुनील, हरपाल, मरियम रहे।

आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
उप संपादक व वरिष्ठ उप संपादक की
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8307111100, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## एक नजर

### कच्ची शराब बेचने जा रहे दो लोगों का चालान

**बिलासपुर, अमृत विचार :** कच्ची शराब बेचने जा रहे दो लोगों को खजुरिया पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया। अहरो गांव निवासी यासीन पुत्र जहूर खां को सिसौना गांव के मार्ग पर अमरूद के बाग के पास से पकड़ा गया। उसके पास से एक प्लास्टिक जरीकेन में भरी बीस लीटर अवैध कच्ची मदिरा बरामद हुई। वहीं, चंदपुरा जदीद गांव निवासी अशर्फी लाल को अहरो गांव के तिराहे से पकड़ा गया। वह एक प्लास्टिक जरीकेन में दस लीटर कच्ची शराब भरकर ले जा रहा था। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक अमरपाल सिंह व कमलेश कुमार ने दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मुकदमें दर्ज कराए हैं। दोनों का चालान भी कर दिया गया है।

### आरोपी के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

**सैफनी, अमृत विचार :** बुधवार को थाना क्षेत्र के करनपुर की मढ़ैया गांव निवासी रोहित पुत्र सोमपाल कासम नगला गांव में अपनी भाभी पूजा पुत्री उदयपाल के मायके आया था। इस दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। पीड़िता पूजा का आरोप है कि इसी समय सोमपाल गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा।

# बंदर के हमले में छह साल का बालक घायल, कई टांके लगे

## मोहल्ला हबीब नगर की घटना, बंदरों को पकड़ने की मांग

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार:** नगर के एक मोहल्ले में बंदरों ने घर में खेल रहे एक छह साल के बच्चे पर हमला बोल दिया। बंदरों के हमले में बच्चा घायल हो गया। बच्चे को निजी चिकित्सक को दिखाया गया। चिकित्सक ने उसके कई टांके लगाए हैं। नगर के लोगों ने बंदरों को पकड़ने की मांग की है।

नगर के मोहल्ला हबीब नगर में साजिद अली का परिवार रहता है। साजिद अली मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। बुधवार शाम पांच बजे साजिद अली का छह वर्षीय बेटा मोहम्मद हस्सान अपने घर में खेल रहा था।जीने के रास्ते घर में घुसे बंदरों के झुंड ने बच्चे पर हमला बोल दिया। बच्चे की समझ पाती इससे पहले ही बंदरों ने उसे लहूलुहान कर दिया। मां की चीख पुकार की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग जमा हो गए। किसी तरह बंदरों को वहां से खदेड़ा।


घायल मोहम्मद हस्सान।

घायल मोहम्मद हस्सान को परिजन आनन-फानन निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां पर उसके घायल मोहम्मद हस्सान के आठ टांके लगे हैं। वहीं बंदरों के हमले के बाद मोहल्ले में खौफ का माहौल है। बताया जाता है कि नगर के अन्य मोहल्ले में भी बंदरों से नगर के लोग परेशान हाल हैं। नगर के लोगों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** पटवाई रोड के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। उसके बाद पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली निवासी राजवीर बाइक से किसी काम से शाहबाद जा रहा कि रायपुर गांव के पास कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी कार चालक मौका पाकर फरार हो गया। लोगों ने घायल को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बाद में सभी लोग अपने अपने रास्ते को चले गए। सूचना के बाद पुलिस भी आ गई। लोगों से मामले की जानकारी ली।

## अमन-शांति का पैगाम देता है इस्लाम : हारून

**टांडा, अमृत विचार:** मदरसा अरबिया खादिमुल इस्लाम अहले हदीस में तकमील ए-कुरआन पर जलसा हुआ। जलसे को खिताब करते हुए हारून सनाबली नाजिम मरकजी जमीअत अहले हदीस हिंद ने कहा कि इस्लाम अमन, शांति और इत्तेहाद का पैगाम देता है।

असगर अली इमाम मेहंदी सलफी ने कहा कि कुरआन पढ़ने और उस पर अमल करने वालों के वालिदैन को अल्लाह तआला कयामत के दिन नूर का ताज पहनाएगा। इस से कुरआन की अजमत और इसके पढ़ने वालों की अहमियत का बखूबी अंदाजा लगाया जा सकता है। शेख ने कहा कि कुरआन को पढ़ने-पढ़ाने के साथ-साथ उसकी तालीम पर अमल करना बेहद जरूरी है। कुरआन की तकमील करने वाले 21 छात्रों को किताबें और शील्ड पेश की गई। निजामत मौलाना मोहम्मद शोएब मोहम्मदी ने की। मुनाजिर ए इस्लाम शेख कारी शौकत अली मोहम्मदी की दुआ पर जलसा खत्म हुआ। इस मौके पर मदरसे के प्रबंधक अब्दुल हलीम और नाजिम आला हाफिज मोहम्मद उमर आदि मौजूद रहे। सदारत शेख असगर अली इमाम मेहदी सलफी अध्यक्ष मरकजी जमीयत अहले हदीस हिंद ने की।


उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर रखते कर्मचारी। ● अमृत विचार

# इमामबाड़े में उच्च क्षमता के रखे गए ट्रांसफार्मर

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला टंडोला और इमामबाड़ा में बुधवार को 100 केवीए के स्थान पर 250 केवीए का ट्रांसफार्मर रख गया है। पहले दोनों स्थानों पर कम क्षमता के ट्रांसफार्मर खराब हो जाते थे। अब उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर रखे जाने से लोगों में खुशी है।

नगर के मोहल्ला टंडोला गूला वाले कब्रिस्तान के पास और मोहल्ला इमामबाड़ा में मदरसे के पास 100 केवीए की क्षमता के ट्रांसफार्मर रखे हुए थे।अधिक लोड होने के चलते अक्सर खराब हो जाते थे।अब क्षेत्रवासियों की मांग पर वार्ड सभासद मोहम्मद आसिफ के प्रयास और अवर अभियंता के सहयोग से दोनों स्थानों पर बुधवार को 250 केवीए के ट्रांसफार्मर रखे गए हैं। जिससे अब मोहल्लेवासियों को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।अक्सर ट्रांसफार्मर खराब होने की समस्या से निजात मिल जाएगी।

उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर रखे जाने से क्षेत्रवासियों में खुशी है। इस अवसर पर मोहम्मद आरिफ लाइन मेन, महफूज उर्फ लाल, लाइन मेन, रियासत अली, मोहम्मद आसिफ, शरीफ अहमद, हाशिम,मोहम्मद आलम, मोहम्मद याकूब, आदि मौजूद रहे।

## सभासद का तुरैहा जाति का प्रमाण पत्र निरस्त

**रामपुर, अमृत विचार:** फर्जी तरह से तुरैहा जाति का प्रमाण पत्र बनाकर सभासद का चुनाव लड़ना युवक को भारी पड़ गया। इस मामले में शिकायत के आधार पर सभासद का जाति प्रमाणपत्र निरस्त कर दिया गया है।

कुछ माह पहले सभासद के चुनाव हुए थे। जहां वार्ड नंबर चार से विनोद कश्यप ने चुनाव लड़ा था। जिसके बाद वह चुनाव जीत गए थे। इस दौरान इंद्रप्रस्थ कालोनी निवासी आशीष सागर का कहना था कि वार्ड संख्या चार से अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित था। जबकि चुनाव जीतने वाले विनोद कश्यप कहार जाति के है,जोकि पिछड़ी जाति में आती है।आरोपी ने चुनाव लड़ने के लिए 2022 में तुरैहा का प्रमाण पत्र बनवा लिया था। इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई थी। जिसके बाद अधिकारियों ने जांच की थी। बाद में अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिए थे। गंज पुलिस को विनोद कश्यप के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। विनोद ने समक्ष कागजात पेश किए। अधिकारियों ने कुछ लोगों से विनोद कश्यप की जाति पूछी,तो सभी ने कहार बताई।


थाने में मौजूद मारपीट करने के आरोपी। ● अमृत विचार

# हाईवे पर ओवरटेक के प्रयास में मारपीट, नौ लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** नैनीताल हाईवे पर रुद्र-बिलास चौकी क्षेत्र में कौशलगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास हुई मारपीट के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बाद में इन सबका शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया गया।

इन आरोपियों में अमेठी जिले के गौरीगंज थाना क्षेत्र के मोहम्मद कैफ, सैय्यद, कलाम बाबू, बबलू व रियाज अहमद, मुरादाबाद के कुंदरकी थाना क्षेत्र का मोहम्मद सलीम, दिबदिबा गांव निवासी अजयपाल व विक्रमजीत सिंह तथा पसियापुरा गांव निवासी हरमन सिंह शामिल हैं।

बताया गया है कि रेलवे क्रॉसिंग के निकट बुधवार सुबह ओवरटेक करने के प्रयास में स्कॉर्पियो सवार कुछ युवकों व ट्रक चालकों के बीच आपस में कहासुनी और मारपीट हो गई थी। इसके बाद वहां भीड़ लग गई। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस नौ लोगों को पकड़कर कोतवाली ले आई।

## संदिग्ध हालात में किशोरी ने जहर खाकर दी जान

**मसवासी, अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को जानकारी दिए बिना ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

मामला चौकी क्षेत्र के एक गांव का है। बताते हैं कि इस गांव की निवासी किशोरी की किसी बात को लेकर परिजनों से कहासुनी हो गई। मामले से नाराज किशोरी ने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। किशोरी की हालत बिगड़ी तब परिजनों को माजरा समझते देर न लगी। परिजन किशोरी को नजदीकी अस्पताल में लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आनन-फानन पुलिस को सूचना दिए बिना ही किशोरी का अंतिम संस्कार कर दिया है। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। फिलहाल थाने में कोई जानकारी नहीं दी गई।

# मातृभाषा बोलने में करें गर्व

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने बच्चों को इस दिन का महत्व बताया। कक्षा चार और पांच के बच्चों के ने सुंदर बोर्ड डेकोरेशन किया।

स्कूल में बच्चों द्वारा हिंदी भाषा से संबंधित कई स्लोगन बोले गए। जैसे अपनी मातृभाषा को बोलने में शर्म नहीं गर्व करना चाहिए। सबसे प्यारी सबसे न्यारी हिंदी राष्ट्रभाषा हमारी।देश की शान है हिंदी देश का मन है एक ही दिल है एक ही जान, हिंदी से है हिंदुस्तान आदि। इसके अतिरिक्त अंतर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस के अवसर पर विद्यालय में हिंदी भाषा से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गईं। बच्चों को हिंदी के कठिन शब्द बोले गए। बच्चों ने उन्हें बोर्ड पर लिखकर दिखाया इसके अतिरिक्त बच्चों को हिंदी में गिनतियां से संबंधित गतिविधियां करवाई गईं। छोटे बच्चों के द्वारा हिंदी की कई कविताएं भी सुनाई गईं। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुमन सिंह, रिचा देवी, विक्रम कुमार, हुमा आदि उपस्थित रहे।


बोर्ड पर हिंदी के शब्द लिखतीं छात्राएं। ● अमृत विचार


यातायात सुरक्षा जागरूकता रैली में शामिल रोवर्स-रेंजर्स। ● अमृत विचार

# रोवर्स-रेंजर्स ने निकाली जागरूकता रैली

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** राजकीय महाविद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स शिविर के तीसरे दिन का शुभारंभ प्राध्यापिका डॉ. नीलिमा सिंह ने किया। प्राचार्य डॉ. नीत बिहारी लाल ने अपने संबोधन में सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा विषय पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर यातायात सुरक्षा जागरूकता रैली को रवाना किया।

रैली भ्रमण करके रोवर्स-रेंजर्स हाईकिंग करते हुए हाईवे स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचे। यहां जिला संगठन आयुक्त नरवंत कौर व जीतू कुमार द्वारा शिविरार्थियों को बिना बर्तन के भोजन बनाने की कला सिखाई गई। उनके बीच म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता भी कराई गई। शिविर व कार्यक्रमों का संचालन रोवर्स-रेंजर्स प्रभारी संघरतन सिंह ने किया। इस दौरान प्रो. विवेक तिवारी, डॉ. अवतार दीक्षित, डॉ. हर्षवर्धन मिश्र, डॉ. शिवओम शर्मा, डॉ. शिल्पा राठी आदि सभी कॉलेज प्राध्यापक मौजूद रहे।

# नौ विद्यालय निपुण होना बड़ी उपलब्धि

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डायट प्राचार्या नीलम रानी टम्टा ने कहा कि नगर क्षेत्र सबसे छोटा ब्लॉक है। यहां शिक्षक स्टॉफ भी बहुत कम हैं। इसके बाद भी नौ विद्यालय निपुण होना विशेष उपलब्धि है। इसके लिए सभी विद्यालयों के शिक्षक बधाई के पात्र हैं।



शिक्षिका को सम्मानित करतीं मुख्य अतिथि, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

किला परिसर स्थित मॉडल मान्टेसरी स्कूल में बुधवार को निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत नगर क्षेत्र के नौ निपुण हुए विद्यालयों का सम्मान समारोह एवं बैठक हुई। इसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि नगर क्षेत्र में शिक्षक छात्रों के अनुपात के बराबर नहीं है। लेकिन फिर भी नौ विद्यालय निपुण हुए हैं। यह बेसिक शिक्षा विभाग के लिए गौरव की बात है। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना ने निपुण हुए विद्यालय के बारे में बताया। कहा कि जिन विद्यालय की दो कक्षाएं निपुण हुई हैं। कक्ष अध्यापक को भी सम्मानित किया जा रहा है।

जिला निपुण प्रकोष्ठ प्रभारी दिवाकर सिंह यादव ने नगर क्षेत्र के सभी नौ निपुण विद्यालय के शिक्षक स्टाफ के साथ पुराने मानक अनुसार हुए सात निपुण विद्यालय के शिक्षक स्टाफ को बधाई दी। कार्यक्रम को एसआरजी प्रदीप भटनागर व सरफराज अहमद ने भी संबोधित किया। इस दौरान बीईओ नगर क्षेत्र सुनील कुमार सक्सेना, मोहित कुमार सक्सेना, एआरपी डॉ. रूपा रानी, सत्यपाल सिंह, रूचि सक्सेना, अनिल कुमार शर्मा आदि रहे।

## खाली मकान में जुआ खेलते तीन को पकड़ा

**सैफनी, अमृत विचार:** थाना पुलिस ने खाली पड़े मकान में जुआ खेलते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि नगर के पुरानी ईदगाह मोहल्ले में एक खाली पड़े मकान में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मकान पर छापा मार दिया। जुआ खेल रहे तीन लोगों को दबोच लिया। पकड़े गए लोगों से पुलिस ने 1110 रुपये बरामद किये हैं। पकड़े गए लोगों में नगर निवासी सरफराज पुत्र भूरा गुड्डू पुत्र आशक मुरादाबाद के कुंदरकी थाने के नगला सलार निवासी मोहम्मद साजिद पुत्र आकिल हैं।पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर चालान कर दिया है। कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मचा रहा।

# प्रधानाचार्य ने छात्र को प्रवेश पत्र देने से किया इनकार

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार:** अजीम नगर थाना क्षेत्र के गांव मुरसेना स्थित भारती पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ने छात्र को प्रवेश पत्र देने से इनकार कर दिया।

आरोप है कि छात्र से गाली-गलौज और मारपीट भी की। बाद में छात्र ने मामला परिवार वालों को बताया। मौके पर पहुंचे परिवार वालों ने प्रधानाचार्य से बात की। प्रधानाचार्य ने बताया कि छात्र की उपस्थिति बहुत कम है। कुछ फीस भी बकाया है। परिवार वालों ने प्रधानाचार्य से प्रवेश पत्र की गुहार लगाई। इसके बाद छात्र को प्रवेश पत्र दिया जा सका। बाद में परिजनों ने कार्रवाई नहीं कराई।

### 23 फरवरी को मधुकर में होगा श्री श्याम जागरण

**ढकिया,अमृत विचार :** क्षेत्र के मधुकर गांव में 23 फरवरी को श्री श्याम जागरण का आयोजन किया जाएगा। श्री श्याम जागरण के आयोजनकर्ता कुनीश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जागरण में बरेली, बदायूं, हल्द्वानी, मेरठ, दिल्ली से भजन गायक आ रहे हैं। 23 फरवरी की रात्रि में श्री श्याम जागरण होगा। 24 फरवरी को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री श्याम जागरण का आयोजन करने वाले कुनीश कुमार सिंह, ढकिया प्रधान प्रतिनिधि शिशुपाल सिंह और मन्नू सिंह ठेकेदार ने क्षेत्र के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में श्री श्याम जागरण में पहुंचकर धर्म लाभ कमाने की अपील करते हुए 24 फरवरी को भंडारे में में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने का आह्वान किया है।

## सार संक्षेप

### बिजली चोरी में छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** बिजली चोरी पर रोक लगाए जाने के लिए बुधवार को विद्युत निगम की टीम ने चेकिंग की। जिसमें डूंगरपुर क्षेत्र के मोहल्ला घेर मियां खां के दो,शाहबाद गेट के मोहल्ला खटकान में चार घरों से अतिरिक्त केबिल के जरिए चोरी की जा रही थी। सभी के खिलाफ बिजली चोरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एसडीओ विनय कुमार ने बताया कि चोरी पर रोक लगाए जाने के लिए चेकिंग कराई गई जिसमें पांच घरों से चोरी मिली। इसीलिए उपभोक्ता बिजली चोरी नहीं करें। बल्कि निगम से कनेक्शन लेकर बिजली जलाए। चोरी पर रोक लगाए जाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

### कोतवाली और गंज पुलिस ने दो आरोपी पकड़े

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली और गंज पुलिस ने अभियान चलाकर दो आरोपियों को पकड़ने के बाद पुलिस थाने ले आई। जहां उस पर विधिक कार्रवाई कर दी है। थाना कोतवाली पुलिस ने फुरकान पुत्र अनवार निवासी ग्राम किशनपुर अटरिया थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। इसके अलावा थाना गंज पुलिस द्वारा एक वारंटी छोटेलाल पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम काशीपुर थाना गंज को ग्राम काशीपुर से धारा 323, 427,506 में गिरफ्तार क रके आवश्यक कार्रवाई की गई।

### तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलकखानम पुलिस ने तमंचे के साथ एक आरोपी को पकड़ने के बाद पुलिस थाने ले आई। जहां उस परविधिक कार्रवाई कर दी है। थाना मिलकखानम पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक आरोपी हरिओम पुत्र प्रसादी निवासी ग्राम लल्लूपुरा थाना मिलक खानम को तमंचा 12 बोर, एक जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ लल्लूपुरा मोड़ केले के खेत के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मिलकखानम पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर कार्रवाई कर दी है।

### 40 लीटर शराब के साथ दो आरोपी पकड़े

**रामपुर, अमृत विचार :** खजुरिया पुलिस ने अभियान चलाकर दो आरोपियों को 40 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार करने के बाद थाने ले आई। जहां पुलिस ने दोनों पर कार्रवाई कर दी है। थाना खजुरिया द्वारा चेकिंग व गश्त के दौरान शर्फीलाल पुत्र देवीदास निवासी चन्दपुरा जदीद थाना खजुरिया को एक जरीकैन में 10 लीटर शराब के साथ अहरो तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। इसके अलावा रास्ते पर आम के बाग के पास से यासीन पुत्र जहूर खां निवासी अहरो थाना खजुरिया को एक प्लास्टिक जरी कैन में 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।उसके बाद कार्रवाई कर दी।

### मजदूरी करने गए ग्रामीण के घर के ताले तोड़कर चोरी

**ढकिया, अमृत विचार :** मुंबई में मजदूरी करने गए ग्रामीण के बंद घर को चोरों ने निशाना बना लिया। चोरों ने काफी सामान समेट लिया, लेकिन परिजनों के गांव में मौजूद न होने के कारण नुकसान का आंकलन नहीं हो सका है। ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव गदमर पट्टी टीका सिंह निवासी नरेश का परिवार मुंबई में मजदूरी करता है। चोरों ने मंगलवार रात मकान के ताले तोड़ लिए। पुलिस को सूचना दी गई। नरेश की पत्नी ऊषा ने फोन पर बताया कि पिछले माह बेटे की शादी की थी। उसका सारा सामान घर में बंद था। गांव पहुंचने के बाद वह नुकसान की कीमत बता सकेंगी।

### गांव परिक्रमा कार्यक्रम में गिनाईं भाजपा की उपलब्धियां

**शाहबाद, अमृत विचार :** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ऋषि पांडे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शाहबाद क्षेत्र का भ्रमण किया। गांव परिक्रमा कार्यक्रम के तहत किए गए भ्रमण के दौरान जिला अध्यक्ष ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। ओसी, छितौनी और दनियापुर आदि गांवों में उन्होंने कहा कि भाजपा की पहचान गरीबों के उत्थान से है। मोदी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार है। मुफ्त राशन देने से लेकर गरीबों को आवास देने तक का काम मोदी सरकार ने किया है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष ग्रामीण रमेश कठैरिया, नगर अध्यक्ष अभिलाष शर्मा, बूथ अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, भोजराज मौर्य आदि रहे।


सालाना उर्स की महफिल में दुआ कराते कारी मुज्तबा। ● अमृत विचार

# अकीदतमंदों ने मजार पर चादरपोशी कर दुआ मांगी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** हजरत शाह मियां वली-उन-नबी मुजदद्दी के सालाना उर्स के आखिरी दिन अकीदतमंदों ने मजार शरीफ पर चादरपोशी कर दुआ मांगी। कारी मुफ्ती मुज्तबा साहब ने हजरत की जिंदगीपर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि हमें बुजुर्गों का एहतराम करना चाहिए। इन वलियों ने पूरी जिंदगी इबादत में गुजारी। कहा कि बुजुर्गों के आस्तानों से कोई खाली नहीं लौटता है।

शहर कोतवाली के निकट स्थित मजार शरीफ में बुधवार को कारी मुफ्ती मुज्तबा ने कहा कि मुसलमान अपने बच्चों को नमाज का पाबंद करें। जब नमाज के लिए अजान हो तो सारी खरीद फरोख्त छोड़ दें। महफिल का आगाज कारी मोहम्मद फहद साहिल मुजद्ददी ने कुरआन मजीद से किया। मुसव्वर मुजद्ददी और सैयद नासिर साबरी ने नात-ए-पाक पेश की।

## कब्जा हटाने गए लेखपाल से अभद्रता, रिपोर्ट दर्ज

**शाहबाद, अमृत विचार:** अवैध कब्जे की शिकायत पर पैमाइश को पहुंचे लेखपाल के साथ पिता-पुत्रों ने अभद्रता की। अभिलेख फाड़ने की कोशिश भी की गई। लेखपाल ने व्यक्ति और उसके दो बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सैफनी निवासी राजकुमार शर्मा शाहबाद में हलका लेखपाल हैं। लेखपाल के अनुसार उन्हें अवैध कब्जे की सूचना मिली थी। जिस पर वह पैमाइश के लिए संबंधित चकरोड पर गया था। आरोप है कि वहां मौजूद नगर के मोहल्ला सराय मस्जिद काजी निवासी सगीर और उसके दो बेटे जीशान और फैजान झगड़े पर आमादा हो गए। लेखपाल वहां से बचकर निकले और पुलिस को आरोपियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्रों के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम समेत कई संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

गोष्ठी | सड़क सुरक्षा जागरूकता विषय पर हुई गोष्ठी

# बाइक चलाते समय पहनें हेलमेट : विजेंद्र

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** यातायात प्रभारी विजेन्द्र सिंह ने कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट पहनें और अपनी दिशा में चलें। अपना दिमाग स्थिर रखें, जेब्रा क्रॉसिंग का हमेशा प्रयोग करें। उन्होंने स्वयं सेविकाओं के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा बुधवार को वाल्मीकि मंदिर परिसर ग्राम घाटमपुर में सप्त दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन सड़क सुरक्षा जागरूकता विषय पर गोष्ठी हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति लता एवं डॉ. मोहम्मद कासिम के निर्देशन में रैली व गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके बाद गांव में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली।


गोष्ठी में छात्राओं को संबोधित करते यातायात प्रभारी विजेन्द्र सिंह। ● अमृत विचार

स्वयं सेविकाओं ने जीरो फैटालिटी लक्ष्य के अंतर्गत पोस्टर के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। विशिष्ट अतिथि जमील अहमद ने कहा कि वर्तमान में सड़क दुर्घटना में यातायत नियमों का पालन नहीं करने के कारण मृत्यु दर अधिक हो गई है। डॉ. यामिनी सिंह ने कहा कि हमें ओवर टेक करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। डॉ. टिकेंद्र सिंह ने स्वयं सेविकाओं को बताया कि दो वाहनों के बीच उचित दूरी बना कर चलें। संचालन डॉ. प्रीति लता और डॉ. मोहम्मद कासिम ने सभी का आभार जताया।

## एक नजर

### पीएमश्री स्कूलों को मिलेगी खेल सामग्री

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले के सभी पीएमश्री विद्यालयों में जल्द ही खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इसको लेकर राज्य परियोजना निदेशक ने प्रदेश के सभी बीएसए को पत्र लिखा है। कहा कि प्रत्येक पीएमश्री विद्यालयों को स्पोर्ट्स एंड फिजिकल एजुकेशनल मद से 50 हजार रुपये खेल सामग्री के लिए जारी कर दिए गए हैं। पीएमश्री विद्यालय में खेल उपकरण के चयन में स्थानीय पर खेले जाने वाले पारंपरिक खेलों व टीम के रूप में खेले जाने वाले खेल जैसे वॉलीबाल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबिल-टेनिस, फुटबॉल, जिम्नास्टिक आदि खेल उपकरण की खरीद समग्र शिक्षा की ओर से की जाएगी, जबकि खेल प्रशिक्षण व स्वास्थ्य व शारीरिक शिक्षा के लिए योग्यता के आधार पर नामित किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक पीएमश्री विद्यालय को 50 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा को ध्यान रखते हुए प्राथमिक उपचार के लिए फस्ट एंड बॉक्स भी उपलब्ध कराया जाएगा।

# उत्तर रेलवे की परियोजनाओं की महाप्रबंधक ने समीक्षा की

▸▸ संरक्षा, संपत्ति रख-रखाव और संचालन में चुनौतियों पर बल दिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने दिल्ली स्थित अपने कार्यालय से विभागीय प्रमुखों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) कार्य प्रगति की समीक्षा की। संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

सुरक्षित ट्रेन संचालन के लिए और पटरियों, रोलिंग स्टॉक, सिग्नलिंग और इलेक्ट्रिक ओवर-हेड तारों, उपकरणों आदि के बेहतर रखरखाव का सुझाव दिया। कहा, कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किए जाएं। मानवीय त्रुटि कम करने के लिए सिस्टम के कामकाज की जानकारी, त्रुटिहीन सेवा के साथ ड्यूटी सही तरीके से करें। उन्होंने यात्री सुविधाओं में वृद्धि और जारी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने रेलवे संरक्षा के साथ-साथ सड़क उपयोगकर्ताओं की संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आरओबी/आरयूबी को समय से पूरा किया जाये, जहां भी जरूरत हो, वहां वन विभाग से पेड़ काटने की मंजूरी में तेजी लाकर परियोजनाएं समय से पूरी की जाएं ताकि, इनसे पटरियों या ओएचई तारों को खतरा न हो। ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही के लिए पटरियों पर विद्युत संरक्षा के साथ-साथ रिले और पैनल रूम में संरक्षा पर ध्यान देने पर भी जोर दिया। कहा, ट्रेन संचालन में मानवीय विफलता को कम करने पर हमारा जोर होना चाहिए। विभाग प्रमुख और डीआरएम समय पालन बनाए रखें और माल लदान में तेजी सुनिश्चित हो। अवैध रूप से रेलवे लाइन पार करने वाले लोगों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए।

## निजी अस्पतालों में करा रहे हड्डी, सर्जिकल और दांत का उपचार, कई विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद हैं खाली

# रेलवे अस्पताल की ओपीडी में रोजाना पहुंच रहे 350 मरीज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंडल के 16,000 से अधिक कर्मचारियों और उनके पाल्यों के दवा-इलाज का मंडलीय रेलवे अस्पताल का दावा दिखावा जैसा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है। जरूरी जांच कराने के लिए मरीजों को महानगर के जिन अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ती है, उनकी दूरी अधिक है। कर्मचारियों की शिकायत की कहीं सुनवाई नहीं है। अस्पताल में रूटीन में 300 से 350 मरीज दिन उपचार के लिए आते हैं। रेल प्रबंधन इस बात को लेकर उच्च प्रबंधन के निर्देश का हवाला देकर कर्मचारी संगठनों का मुंह बंद करा देता है।

मंडलीय अस्पताल के संचालन को लेकर रेलवे मुख्यालय ने बीते दिनों जो सुझाव दिया था, उसे लेकर कर्मचारी संगठन में चर्चा है। कहते हैं कि अस्पताल को मुद्दा बनाना भी उचित नहीं है। क्योंकि रेलवे मुख्यालय पर यहां के मंडलीय अस्पताल को बंद करने का सुझाव तक दे दिया है, ऐसे में मौजूद सेवाओं के भी लाले पड़ जाएंगे। अस्पताल की सेवाओं की कमी की चर्चा पर चुप्पी साधने वाले कुछ कर्मचारी प्रतिनिधि समय का हवाला देते हैं। इन सभी विषयों के बीच यह बात उल्लेखनीय है कि उपचार के लिए यहां कई जरूरी सेवाएं नहीं है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है। कर्मचारियों को हड्डी, सर्जिकल और दांत के उपचार को बाहर की सेवा लेने की मजबूरी है।

100 शैय्या वाले इस अस्पताल में कर्मचारी भी करीब सौ ही है। प्रबंधन की ओर से कर्मचारियों के इलाज के लिए उम्मीद कार्ड बनाया गया है। यहां उपचार के लिए चिकित्सक की आन लाइन बुकिंग होती है। नर्सिंग के लिए 35 पद स्वीकृत हैं लेकिन कर्मचारी कुछ कम हैं। विभाग में स्थायी चिकित्सक कम हैं। रेल प्रबंधन ने संविदा के लिए कुछ पद भरे हैं। सर्जन और महिला रोग विशेषज्ञों में संविदा की सेवा भी हैं। आंख, दांत, हड्डी के रोगियों की सुविधा के लिए बाहर से चिकित्सकों की सेवा नियत की गयी है। एमआरआई के लिए दिल्ली रोड के अस्पताल को चुना गया है। अल्ट्रासाउंड और अन्य जांच के लिए कांठ रोड से लेकर नया मुरादाबाद तक की दौड़ मरीजों को लगानी पड़ती है।



रेलवे चिकित्सालय में दवा के लिए कतार में खड़े कर्मचारी। ● अमृत विचार

### अनफिट कर्मचारियों की संबद्धता का केंद्र है अस्पताल

नर्सिंग सहित अन्य चिकित्सा सेवाओं में कई कर्मचारी विभाग के मानक पर अनफिट होने के बाद भी यहां तैनात हैं। सूत्रों का कहना है कि विभिन्न विभागों से ऐसे कई कर्मचारी यहां संबद्ध किए गए हैं जो स्वास्थ्य कारणों से परेशान हैं। दृष्टिदोष, चलने में कठिनाई और शारीरिक दुर्बलता के शिकार कई कर्मचारी नर्सिंग सेवा में रखे गए हैं।

स्वास्थ्य सेवा के नाम पर दिखावे से अधिक यहां कुछ नहीं है। विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव है। आउटडोर की स्थिति काफी चिंताजनक है। लंबी दूरी से आने वाले कर्मचारियों को यहां इलाज के नाम पर छलावा हाथ लगता है। कुछ महिला चिकित्सकों का उपचार ठीक है।
–शलभ सिंह, मंडल मंत्री उरमू

कुछ विशेषज्ञ चिकित्सक संविदा के आधार पर रखे गए हैं। कर्मचारियों की संख्या ठीक है। बेहतर सेवा के साथ अस्पताल संचालित है। मंडल में कुल 16,000 कर्मचारी है उनके, परिजनों को भी यहां स्वास्थ्य सेवाएं दी जाती हैं। सभी दवाओं का प्रबंध है। जरूरी जांचों के लिए निजी क्षेत्र के प्रसिद्ध अस्पताल पैनल में हैं। अस्पतालों का संबद्धीकरण मुख्यालय के निर्देश और शर्त के आधार पर होता है।
–डा. इंद्रजीत कौर, सीएमएस

# तैयारियां पूरी, 110 केंद्रों पर बोर्ड परीक्षा देंगे 81,690 छात्र-छात्राएं

## पहली पाली में 10वीं की हिंदी और 12वीं की सैन्य विज्ञान की परीक्षा, दूसरी पाली में हिंदी विषय की परीक्षा देंगे बारहवीं के विद्यार्थी

**42,277**
विद्यार्थी पंजीकृत हैं हाईस्कूल में

**38,690**
विद्यार्थी देंगे 12वीं की बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा गुरुवार से शुरू हो रही हैं। परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं और विद्यार्थियों में भी परीक्षा को लेकर उत्साह है। इस बार जनपद में 10वीं और 12वीं में कुल 81,690 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं।

जनपद में 110 केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो रही हैं। जो 9 मार्च तक चलेंगी। पहली पाली में परीक्षा सुबह 8.30 से 11.45 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.15 बजे तक होगी। हाईस्कूल में 42,277 और इंटर में 38,690 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। गुरुवार को 10वीं और 12वीं की हिंदी विषय की परीक्षा होगी। 10वीं के विद्यार्थी सुबह की पाली में और 12वीं के विद्यार्थी शाम की पाली में हिंदी विषय की परीक्षा देंगे। जबकि दूसरी पाली में 10वीं की वाणिज्य विषय की परीक्षा होगी। पहली पाली में 12वीं के विद्यार्थी सैन्य विज्ञान की परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों पर भी परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। सभी केंद्रों पर सीटिंग प्लान से लेकर अन्य तैयारियों को पूरा कर लिया गया है।

चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के शिक्षक शारिब ने बताया कि परीक्षा के लिए केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं पूरी हो गई हैं। सबसे पहले स्कूल के गेट पर एक लिस्ट रहेगी। जिस पर विद्यार्थी के रोल नंबर अनुसार कक्षा का विवरण होगा। इसके बाद सभी कक्षाओं के बाहर एक लिस्ट होगी। इसमें उस कक्षा में बैठने वाले सभी विद्यार्थियों का विवरण होगा। साथ ही कक्षा में मौजूद शिक्षक परीक्षार्थियों को सीट तक पहुंचाने में मदद करेगा। परीक्षार्थियों के लिए पानी समेत अन्य सुविधा देने का कार्य किया जाएगा।

डीआईओएस डॉ.अरुण कुमार दुबे ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के नकलविहीन कराने के लिए सभी को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराया जाएगा। सचल दलों का भी गठन किया गया है।


चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में सीटिंग प्लान चेक करते अध्यापक। ● अमृत विचार


बोर्ड परीक्षा की सीसीटीवी से निगरानी की जानकारी देता कर्मी। ● अमृत विचार

### यूपी बोर्ड

▸▸ दूसरी पाली में होगी कक्षा 10 की वाणिज्य विषय की परीक्षा

▸▸ सभी केंद्रों पर तैयारियां पूरी सीसीटीवी से होगी निगरानी


परीक्षा की तैयारी पूरी है। बोर्ड परीक्षा का काफी दिनों से इंतजार था। स्कूल के शिक्षकों ने परीक्षा की तैयारी में बहुत योगदान दिया। परीक्षाओं को लेकर उत्साहित हूं।
–कार्तिक, कक्षा–12


इस बार परीक्षाओं के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला है। परीक्षा थोड़ी जल्दी हो रही है। इसलिए तैयारी के लिए अधिक समय नहीं मिला है। समय और मिलता तो पेपर अच्छा होता।
–सुप्रिया, कक्षा 12


मुझे हिंदी विषय कठिन लगता है। इसलिए हिंदी की तैयारी के लिए काफी समय मिला है। मैंने विषय को थोड़े-थोड़े भाग में तैयार कर अभ्यास किया है। पूरा भरोसा है अच्छे नंबर आएंगे।
–हिमांशी, कक्षा–10


विद्यार्थी के लिए जीवन में बोर्ड परीक्षाएं बहुत अहम होती हैं। बोर्ड परीक्षाओं का पहली बार अनुभव करना, एक खास अहसास होगा। उम्मीद है इस दबाव को पीछे छोड़कर आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दूंगी।
–रीनू, कक्षा 10


केसीएम स्कूल से परीक्षा देकर बाहर आते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# सीबीएसई: 10वीं के विद्यार्थियों ने दी हिंदी विषय की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं की हिंदी की परीक्षा बुधवार को हुई। परीक्षा देकर छात्र केंद्रों से निकलते हुए उत्साहित दिखें। परीक्षा सुबह 10:30 बजे शुरू हुई और दोपहर 1:30 बजे समाप्त हुई। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्र आदर्श ने बताया कि अधिकतर सवाल आसान थे। हालांकि कुछ ही प्रश्न ऐसे थे जो थोड़ा कठिन थे। वहीं कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए हिंदुस्तानी संगीत व अन्य विशेष विषयों की परीक्षा हुई।

सीबीएसई परीक्षाएं 16 केंद्रों पर चल रही हैं। इसमें 10वीं की परीक्षा के लिए 5100 और 12वीं की परीक्षा के लिए 4000 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। 10वीं कक्षा की बुधवार को मुख्य परीक्षा शुरू हुई। इसमें परीक्षार्थियों ने हिंदी की परीक्षा दी। केसीएस स्कूल से बाहर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र औसत था। किसी भी सेक्शन में ज्यादा कठिन सवाल नहीं पूछे गए थे। छात्रों के मुताबिक पेपर अच्छा था और उन्हें प्रश्न प्रकार व प्रारूप से संबंधित कोई कठिनाई नहीं हुई। हटाए गए अध्यायों या विषयों के बारे में कोई प्रश्न नहीं पूछा गया। छात्रों के सामने एकमात्र चुनौती थी पेपर को समय पर पूरा करना। सीबीएसई हिंदी पेपर के सेक्शन बी में काफी समय लगा।

# बचा धान एक सप्ताह में मिलों को भेजें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** संभागीय खाद्य नियंत्रक मनोज कुमार ने कहा कि केंद्रों पर बचे धान को एक सप्ताह में हर हाल में चावल मिलों को भेजना सुनिश्चित करें। अन्यथा केंद्र प्रभारियों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने किसानों का भुगतान तत्परता से करने का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया।

संभागीय खाद्य नियंत्रक ने बुधवार को अपने कार्यालय में धान खरीद व उसकी कुटाई को लेकर बैठक में समीक्षा की। राइस मिलर्स को कहा कि वह कस्टमाइज्ड मिल राइस (सीएमआर) का अवशेष जल्द खत्म करें। केंद्र प्रभारियों को दो टूक निर्देश दिया कि केंद्रों पर बचे धान को हर हाल में एक सप्ताह में मिलों तक पहुंचाएं। जिससे समय से उसकी कुटाई हो सके। केंद्र प्रभारियों व विभाग के अधिकारियों से किसानों के द्वारा बेचे गए धान का मूल्य तत्परता से उनके खाते में भुगतान करने के लिए कहा। बैठक में राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पुरुषोत्तम गोयल के साथ जिले के भी राइस मिलर्स आदि ने अपनी बात रखी। संभागीय खाद्य नियंत्रक ने कहा कि सरकार की नीति के अनुसार सभी को अपना काम पूरा करना है। उन्होंने केंद्रों पर समय से गेहूं की खरीद शुरू कराने के लिए भी कहा। कहा कि जिलाधिकारियों के द्वारा तय क्रय केंद्र पर सभी व्यवस्था सुनिश्चित कराकर गेहूं खरीद भी लक्ष्य के अनुरूप कराएं। बैठक में संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी दिनेश चंद्र तिवारी के अलावा जिला खाद्य विपणन अधिकारी, भारतीय खाद्य निगम के अधिकारी, राइस मिलर्स आदि मौजूद रहे।


अपने कार्यालय में धान व गेहूं खरीद को लेकर बैठक में निर्देश देते संभागीय खाद्य नियंत्रक मनोज कुमार, साथ में उपस्थित अधिकारी व राइस मिलर्स। ● अमृत विचार

## टाउनहॉल क्षेत्र में 4 घंटे बाधित रहेगी बिजली

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बिजली विभाग द्वारा अनुरक्षण माह मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मेंटिनेंस का कार्य किया जाना है। गुरुवार को टाउनहॉल क्षेत्र में कार्य किया जाएगा।

जिसके चलते दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। काम के कारण ताड़ीखाना, अशोक नगर, कंजरी सराय, मानपुर, मंडी चौक आदि की बिजली चार घंटे बाधित रहेगी। वहीं स्मार्ट सिटी के तहत बिजली विभाग द्वारा गुरुवार को स्टेडियम रोड पर काम किया जाना है।

स्टेडियम रोड पर केबिल बिछाए जाने के चलते सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। जिससे स्टेडियम रोड और आसपास के क्षेत्र की बिजली छह घंटे गुल रहेगी।



जिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरने पर बैठे अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

# परीक्षा दोबारा कराने को लेकर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** 17 व 18 फरवरी को आयोजित हुई पुलिस भर्ती के अभ्यर्थियों ने पेपर लीक होने के चलते परीक्षा दोबारा कराने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री के नाम एडीएम सिटी ज्योति सिंह को सौंपे गए ज्ञापन में अभ्यर्थियों ने कहा कि पुलिस भर्ती का पेपर आउट हुआ है, इसलिए परीक्षा दोबारा कराई जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र और छात्राएं जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। अभ्यर्थी कामिनी, नीरज, शिवानी, नैना, अंशु कुमार, कुलदीप, ऋषिपाल, सोनू कुमार, वीरेंद्र कुमार, अशोक कुमार हाथों में भर्ती बोर्ड न्याय दो, परीक्षा दोबारा कराई जाए आदि के पोस्टर लिए हुए थे। जिसपर एडीएम सिटी ने अभ्यर्थियों से कहा कि परीक्षा का पेपर आउट नहीं हुआ है। सिर्फ अफवाह है, इस पर ध्यान न दे। एडीएम सिटी ने सभी को समझाकर वापस भेज दिया। एक अभ्यर्थी द्वारा बहस करने पर उसकी जमकर क्लास भी लगाई।

## साईं मंदिर के पास पुलिया धंसी, लोग हो रहे परेशान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** साईं मंदिर रोड से चंद कदमों की दूरी पर पुलिया धंस गई। इससे यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय दुकानदार शिकायतें करते-करते परेशान हो गए, लेकिन पुलिया को ठीक नहीं किया जा सका।

मजबूरन दुकानदारों ने पुलिस का बैरियर धंसी पुलिया में डालकर हादसा रोकने का प्रयास किया। गुरुवार को साईं मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होते हैं। पुलिस धंसी होने से उनके साथ भी कभी भी दुर्घटना घट सकती है। कुछ ही दूरी पर ऑफिसर्स कॉलोनी भी स्थित है। बड़ी संख्या में अधिकारियों का भी इसी सड़क से आना और जाना होता है। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। अधिकारी भी अनजान बने हुए हैं।

**प्रेरणा** — सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मना प्राथमिक विद्यालय कुंदनपुर का वार्षिकोत्सव

# प्राथमिक स्कूल के बच्चों को निपुण बनाने पर जोर

▸▸ आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सभी ने सराहा

▸▸ मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा परिषद के नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कुंदनपुर में बुधवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। बच्चों को निपुण बनाने पर शिक्षकों का जोर रहा।

वार्षिकोत्सव का आयोजन प्रधानाध्यापिका मनीला शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की गई। विद्यालय के बच्चों ने गणेश वंदना के साथ झूम- झूम नाचे वीर हनुमाना भजन पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। दीपांशी, इशिका, कृष्ण, आदित्य अमित और राम के द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सभी ने सराहा। विद्यालय में बच्चों द्वारा बनाए विभिन्न मॉडल और टीएलएम की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रधानाध्यापिका मनीला शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर सुनाई गई। इसके अनुसार विद्यालय में 70 प्रतिशत बच्चे निपुण लक्ष्य को प्राप्त कर चुके हैं। अंत में निपुण बच्चों और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वार्षिक उत्सव में स्थानीय पार्षद सरोज देवी, प्राथमिक शिक्षक संघ के महानगर इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल शर्मा, एसएमसी अध्यक्ष मोनिका, प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमारी, हुमा उस्मानी, अनुदेशक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष विष्णु भारद्वाज के अलावा शिक्षिका चंद्रकांता, मीनाक्षी, रक्षित शर्मा के साथ ही कौशल्या देवी, नीतू रानी, धर्मपाल, मीरा सहित काफी संख्या में अभिभावक व बच्चे मौजूद रहे।


प्राथमिक विद्यालय कुंदनपुर के वार्षिकोत्सव में बच्चों के बनाए मॉडल को देखतीं प्रधानाध्यापिका मनीला शर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ के महानगर इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल शर्मा आदि।

## श्रीराम कथा को विश्राम देने के बाद भंडारे का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** राष्ट्रीय गो-रक्षा सेवा समिति के तत्वावधान में नया मुरादाबाद में चल रही गोकथा एवं श्रीराम कथा को राजतिलक, हवन और भंडारे के साथ विश्राम दिया गया।

अंतिम दिन बुधवार को सुबह हवन किया गया। श्रद्धालुओं ने आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना की। हवन के बाद भगवान को भोग लगाकर भंडारा आरंभ किया गया। दोपहर लगभग तीन बजे कथा आरंभ हुई। इसमें कथा व्यास शिव कुमार शास्त्री ने जीवन में गोसेवा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने लंका पर श्री राम की विजय के साथ सीता-राम मिलन, राम के अयोध्या आने और राम का राज्याभिषेक तक का प्रसंग सुनाकर राम कथा को विश्राम दिया। व्यवस्था में राजकुमार चौहान, शैलेंद्र चौहान, महिपाल शर्मा, टीकम सिंह, रवि सैनी, प्रमोद राणा, मीना गुप्ता, रूबी रानी आदि मौजूद रहे।

# ट्रेनों के विलंबित होने से यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मौसम बदलने के बाद भी लोकल, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों की समयबद्धता में सुधार नहीं हो पा रहा है। ट्रेनों की देरी यात्रियों का शेड्यूल बिगाड़ रही है। बुधवार को जम्मू से कोलकाता के बीच चलने वाली सियालदह एक्सप्रेस और हावड़ा से देहरादून के बीच चलने वाली दून एक्सप्रेस ने एक बार फिर रेल प्रबंधन के दावों की पोल खोल दी। सियालदह एक्सप्रेस की प्रतीक्षा में यात्री 7 घंटा 35 मिनट स्टेशन पर बैठे रहे।

दून एक्सप्रेस के इंतजार में यात्रियों का पांच घंटे से अधिक समय स्टेशन पर गुजारना पड़ा। सच तो यह है कि अब मौसम बदलने के बाद रेल संचालन पर कोहरा का असर न के बराबर है लेकिन, उसके बाद भी ट्रेनों का समयबद्ध संचालन नहीं हो पा रहा है। इससे यात्रियों में गुस्सा है। कंट्रोल रूम का विवरण बताता है कि सरयू- यमुना एक्सप्रेस के इंतजार में सुबह 4 घंटे से यात्री स्टेशन पर बैठे रहे। दुर्गियाना एक्सप्रेस 2 घंटे 16 मिनट, भागलपुर अमरनाथ 1 घंटा 10 मिनट, गरीब रथ दो घंटे 14 मिनट, उपासना एक्सप्रेस 1 घंटा 20 मिनट की देरी से पहुंची। सुबह के समय जननायक, चंपारण सत्याग्रह और गरीब रथ के यात्री ट्रेन के प्रतीक्षा में बैठे दिखे। दोपहर बाद आलाहजरत एक्सप्रेस 1 घंटा 30 मिनट की देरी से आई। जम्मू से कानपुर के बीच चलने वाली सुपरफास्ट साप्ताहिक ट्रेन भी 1 घंटा 15 मिनट प्रभावित रही। स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार का कहना है कि अन्य मंडलों से देरी वाली ट्रेनों से परिचालन का रिकार्ड खराब हो रहा है।


रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते यात्री। ● अमृत विचार

# एमएसपी पर कानून बनाए केंद्र सरकार : रामपाल

## कलेक्ट्रेट में भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी, किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर किसानों से जुड़ी समस्याओं को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना दिया। इस दौरान एमएसपी पर गारंटी कानून, छुट्टा पशुओं से निजात समेत अन्य मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी दानवीर सिंह व जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर किसानों के साथ उनकी समस्याओं को लेकर धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष चौधरी रामपाल सिंह ने कहा केंद्र सरकार ने एमएसपी पर गारंटी कानून बनाने का वादा किया था। लेकिन अभी तक कोई कानून नहीं बनाया है। किसानों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। किसान को अंधेरे में रखा जा रहा है। जबकि सरकार केवल उद्योगपतियों की सुन रही है। उन्होंने किसानों की समस्याएं गिनाईं। कहा कि एमएसपी पर गारंटी कानून बनाया जाए, लखीमपुर खीरी कांड के दोषियों को सजा दिलाई जाए, किसानों को मुआवजा दिया। दिल्ली आंदोलन में शहीद हुए 750 किसानों के परिवार में से एक को सरकारी नौकरी दी जाए। एनजीटी कानून को किसानों पर लागू न किया जाए। विद्युत सुधार बिल 2020 को रद्द किया जाए तथा छुट्टा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने को लेकर कोई रणनीति बनाई जाए। इसके अलावा विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। संगठन ने सभी समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा। इस दौरान अभिराज सिंह, मनोज धारीवाल, लवेंद्र भाटी, राधेश्याम, सुभाष, आलोक सिंह, राजीव सिंह, भगवान सिंह, चौधरी सुरेंद्र सिंह समेत कार्यकर्ता व किसान शामिल रहे।



धरने को संबोधित करते संगठन के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह। ● अमृत विचार


ट्रैक्टरों से कलेक्ट्रेट जाते संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### ट्रैक्टर लेकर पहुंचे किसान, पुलिस तैनात

भाकियू टिकैत गुट के धरने को लेकर पुलिस सतर्क रही। सुबह से ही संगठन के कार्यकर्ता 100 ट्रैक्टरों से कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। इस दौरान अमरोहा-जोया रोड पर पुलिस फोर्स तैनात रही। दोपहर को जोया अमरोहा रोड वन वे कर दिया गया। बंबूगढ़ चौराहे से लेकर कलेक्ट्रेट तक पुलिसकर्मी तैनात रहे। जितनी देर तक प्रदर्शन चला सीओ सिटी अरूण कुमार, एसडीएम सदर सुधीर कुमार सिंह भी कलेक्ट्रेट में मौजूद रहे। किसानों के धरना समाप्त करने व उनके जाने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## एक नजर

### बीच बचाव करने आए युवक को घर में घुसकर पीटा

**सैदनगली, अमृत विचार :** मामला सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव देहरा मिलक का है। यहां बुधवार सुबह दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। वहीं, विवाद में बीच बचाव करने आए युवक नवाबुद्दीन पुत्र शकी जान को कुछ लोगों ने घर में घुसकर सरियों से पीटा। परिवार के लोग जब युवक को बचाने के लिए पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। मारपीट में नाजमा पत्नी नवाबुद्दीन, अख्तरी पत्नी जलालुद्दीन तथा पप्पू पुत्र शेर मोहम्मद घायल हो गए। मारपीट की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद नवाबुद्दीन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पुलिस ने जुबैर को माफिया घोषित किया

**बुरावली, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर रहरा पुलिस ने जुबैर उर्फ गोगा पुत्र रिफाकत निवासी ग्राम बांसका कला थाना रहरा चोर माफिया घोषित किया है। इसके द्वारा आर्थिक एवं भौतिक लाभ की पूर्ति के लिए धन अर्जित करने के उद्देश्य से चोरी आदि करके समाज विरोधी क्रियाकलाप में शामिल रहने से आम जनमानस में भय है। अपराधों को दृष्टिगत रखते हुए नियंत्रण के लिए चोर माफिया के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। इसके खिलाफ रहरा, सैदनगली समेत डिडौली कोतवाली में 10 मामले दर्ज हैं।

### चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार, रिपोर्ट दर्ज

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान अतरासी बस स्टैंड के करीब एक व्यक्ति की गतिविधियां सही न लगने पर उसे पकड़ लिया और कोतवाली ले आई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से चाकू बरामद हुआ। उसने अपना नाम आरिफ पुत्र दिलशाद निवासी थाना नखासा जनपद संभल बताया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि रात गश्त के दौरान व्यक्ति को चाकू के साथ पकड़कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उधर, पुलिस ने नगर में बंद पड़े पेट्रोल पंप के पास से एक व्यक्ति को पकड़ लिया। उसके पास से दो किलो ढाई सौ ग्राम डोडा बरामद किया है। उसने अपना नाम इश्तियाक पुत्र मुस्ताक निवासी थाना भमौरा जनपद बरेली बताया।

### चढ़त के दौरान डीजे वाहन में तोड़फोड़

**गजरौला, अमृत विचार :** बरात चढ़त के दौरान डीजे वाहन में कुछ लोगों ने तोड़फोड़ कर दी और पिस्टल भी लहराई। मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव अल्हैदादपुर कलां निवासी दुष्यंत कुमार के पार्टनर महेश कुमार की शादी मंगलवार रात भानपुर मार्ग पर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में थी। बरात चढ़त के दौरान डीजे बज रहा था। डीजे वाहन को चालक रिहान चला रहा था। आरोप है कि इसी दौरान वहां पहुंचे कार सवार दो लोगों ने डीजे वाहन को आगे करने के लिए हंगामा किया।

चालक ने समझाने की कोशिश की तो आरोपियों ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए पिस्टल निकालकर चालक पर तान दी। चालक वाहन को छोड़कर मौके से भाग गया। आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए फरार हो गए। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र कुमार ने मामले में शहर के मोहल्ला गंगा नगर निवासी पिंकू व अजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही है।

## नाराज ग्रामीणों ने रुकवाया सड़क निर्माण

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के एक गांव में पीडब्ल्यूडी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार सड़क में मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री नहीं लगा रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर निर्माण कार्य रुकवा दिया। निर्माण कार्य रोकने को लेकर ठेकेदार एवं ग्रामीणों में नोंकझोंक भी हुई। ग्राम प्रधान बंटी चौहान ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की जाएगी।

तहसील क्षेत्र के गांव मकनपुर शुमाली में एक सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसके कारण ग्रामीणों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। ग्राम प्रधान बंटी चौहान के अनुसार गांव बावनखेड़ी से मकनपुर शुमाली एवं मकनपुर शुमाली से शेरगढ़ तक के मार्ग को दो भागों में पीडब्ल्यूडी ने निर्माण करने का प्रस्ताव पास कराया था। बुधवार को जब ठेकेदार ने निर्माण कार्य शुरू किया तो ग्रामीणों ने ठेकेदार पर मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री न लगाने का आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया और ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। निर्माण कार्य रुकवाने को लेकर ग्रामीण एवं ठेकेदार के बीच नोकझोंक भी हुई। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का कहना है कि जब तक ठेकेदार मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री नहीं लगाएगा जब तक मार्ग का निर्माण कार्य बंद रहेगा। ग्राम प्रधान बंटी चौहान का कहना है कि वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर ठेकेदार की शिकायत की जाएगी। वहीं ठेकेदार जसवीर सिंह का कहना है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा इस मार्ग की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है और वह मानक के अनुरूप किया जा रहा है। प्रदर्शन करने वालों में धर्मपाल, रामवीर, पुरुषोत्तम, कैलाश, जगबीर, रोहित, सोनू, सचिन, ब्रह्मपाल, भीम सिंह, हेमंत, होमपाल, रामवीर आदि मौजूद रहे।


मकनपुर शुमाली में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### बिजली कनेक्शन काटने गए कर्मियों से नोकझोंक

**हसनपुर, अमृत विचार :** बिजली कनेक्शन काटने गई विभागीय टीम के साथ उपभोक्ताओं की नोकझोंक हुई।

बुधवार को बकाया बिल जमा न करने पर बिजली विभाग की टीम ने चेकिंग अभियान चलाया था। मोहल्ला मनिहारन के एक उपभोक्ता पर 14,000 रुपये बकाया थे। विभाग की टीम उपभोक्ता का कनेक्शन काटने गई थी। इस दौरान टीम एवं उपभोक्ता के बीच नोकझोंक हो गई, विद्युत टीम ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़कर कोतवाली ले आई। बाद में कुछ व्यक्तियों ने उपभोक्ता एवं विद्युत विभाग की टीम के बीच समझौता करा दिया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग की टीम के साथ नोकझोंक करने के मामले में एक व्यक्ति को पकड़ा था, लेकिन दोनों पक्षों में समझौता हो जाने के कारण कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।


नारेबाजी करते भाकियू असली के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## दिल्ली जा रहे भाकियू कार्यकर्ताओं को रोका

- हापुड़ जिले के अठसैनी में कार्यकर्ताओं को रोका
- किसानों ने हाईवे पर जाम लगाकर की नारेबाजी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** दिल्ली जा रहे भाकियू असली गुट के कार्यकर्ताओं को हापुड़ जिले के अठसैनी में पुलिस ने रोक दिया। इससे नाराज संगठन के कार्यकर्ताओं ने हाईवे पर जाम लगा दिया और एमएसपी लागू करने की मांग की।

गौरतलब है कि दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन में शामिल होने के लिए बुधवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह के नेतृत्व में भाकियू असली गुट के कार्यकर्ता दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। इस बीच उन्हें गजरौला में पुलिस ने रोक दिया था। हालांकि वहां से कार्यकर्ता दिल्ली के लिए रवाना होने में कामयाब रहे। जिला प्रवक्ता नरेश सिंह ने बताया कि हापुड़ जिले में अठसैनी पुलिस ने सभी कार्यकर्ताओं को रोक लिया। जिसके बाद वहां जाम लगा दिया गया। वहीं किसानों के दिल्ली रवाना होने को लेकर क्षेत्र में पुलिस दिनभर सतर्क रही।

## नशे में सिपाही ने घर में घुसकर युवती से की छेड़छाड़, निलंबित

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** नशे में सिपाही ने घर में घुसकर एक युवती से छेड़छाड़ कर दी। युवती की आवाज सुनकर वहां पहुंचे परिजनों एवं मोहल्लेवासियों ने सिपाही को बंधक बनाकर पिटाई की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे बंधनमुक्त कराते हुए मेडिकल कराया। पीड़िता युवती ने थाने पहुंचकर आरोपी सिपाही के खिलाफ तहरीर भी दी है।

जानकारी के अनुसार गजरौला थाने में तैनात सिपाही विपिन पाल शहर के मोहल्ला मायापुरी में किराये पर कमरा लेकर रहता था। फिलहाल, बीते कुछ समय से वह माल गोदाम मार्ग पर किराये के कमरे में रह रहा है। आरोप है कि विपिन मोहल्ला की एक युवती को फोन कर परेशान करता था। बुधवार सुबह भी वह युवती के घर पहुंच गया व छेड़छाड़ करने लगा। युवती के शोर मचाने पर उसके दो भाई व मोहल्लेवासी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सिपाही विपिन को घर में बंधक बनाकर पिटाई कर दी। इसकी जानकारी होने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर मौजूद लोगों के विरोध के बीच पुलिस टीम ने बमुश्किल सिपाही को बंधन मुक्त कराया। इसी बीच युवती के भाई ने पुलिस अधीक्षक को फोन कर सारा घटनाक्रम बता दिया। जिसके बाद सिपाही का मेडिकल कराया गया। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता ने सिपाही के खिलाफ तहरीर दी है। अनुशासनहीनता के मामले में सिपाही को निलंबित कर दिया गया है और मामले में जांच बैठा दी गई। जांच के बाद दोषी पाए जाने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराने की मांग

**डिडौली, अमृत विचार :** हाईवे से पूरनपुर कांकर सराय, मीरा सराय गांवों से होते हुए अमरोहा को जोड़ने वाली लिंक रोड जर्जर है। इससे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि इस मार्ग से सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं।

डिडौली से अमरोहा केवल नौ किलोमीटर होने के चलते अधिकतर डिडौली-पूरनपुर के ग्रामीण इसी मार्ग का प्रयोग करते हैं। एक दशक पहले इस मार्ग का निर्माण लोक निर्माण ने कराया था। तीन वर्ष पहले पीडब्ल्यूडी ने इस क्षतिग्रस्त मार्ग के गड्ढों की मरम्मत कराई थी, लेकिन समस्या का हल नहीं हो सका। क्षेत्र के कई ग्रामों को अमरोहा मुख्यालय से जोड़ने वाले इस मार्ग से क्षेत्र की जनता परेशान है। लोगों ने वरिष्ठ अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन कोई हल नहीं हो सका। सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, गुफरान, सोमेंद्र आदि का कहना है कि सड़क को ठीक कराया जाए।


मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

## हादसे में बाइक सवार युवक घायल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर के ब्लॉक तिराहे के निकट ओवरटेक करते समय बाइक दूसरे वाहन से टकरा गई। जिसमें बाइक सवार युवक घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां से चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बुलंदशहर के थाना नरसैना के गांव कपसाई निवासी सुनील पुत्र मदनपाल बाइक से गजरौला की दिशा से आ रहा था। जैसे ही वह बाइक लेकर ब्लॉक तिराहे पर पहुंचा तो आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करते समय सामने से आ रहे टाटा मैजिक से उसकी बाइक टकरा गई। हादसे में युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गया। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने टाटा मैजिक को कब्जे में ले लिया, जबकि उसका चालक मौके से फरार हो गया। अभी कारवाई नहीं हुई है।

### महोत्सव में मारपीट में तीन युवकों पर रिपोर्ट

**अमरोहा, अमृत विचार :** मंगलवार रात अमरोहा महोत्सव के समापन पर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मिनी स्टेडियम देखते देखते अखाड़ा बन गया। सेल्फी प्वाइंट पर दो समुदाय के युवकों में हुई कहासुनी देखते ही देखते टकराव की स्थिति में पहुंच गई। दोनों युवक एक-दूसरे को पीटने लगे। मौके पर ही घेराबंदी कर पुलिस ने दोनों और से छह युवकों को हिरासत में लिया था। जांच-पड़ताल में एक पक्ष भाजपा नगर अध्यक्ष प्रेम सिंह सैनी से जुड़ा निकला। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में तीन युवकों पर रिपोर्ट दर्ज कर गई है।

**कार्यक्रम** अमरोहा महोत्सव में डॉ. आदित्य चौहान को किया सम्मानित

## मोहद्दीनपुर लहदवर में जल्द होगा ग्राम उत्सव

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** अमरोहा महोत्सव के समापन पर धनौरा महोत्सव के अध्यक्ष डॉ. आदित्य चौहान सहित धनौरा महोत्सव टीम का जिला प्रशासन, शिक्षक विधायक डॉ. हरी सिंह ढिल्लो व विधायक हसनपुर महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने सम्मान किया।

नगर के मिनी स्टेडियम में एक सप्ताह से चल रहे अमरोहा महोत्सव के समापन पर जनपद के विशिष्ट क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त कर रही हस्तियों व सहयोगियों का सम्मान किया गया। धनौरा महोत्सव की पहल करने वाली टीम धनौरा महोत्सव का भी जिला प्रशासन अमरोहा व जनप्रतिनिधियों ने सम्मान किया। जिसमें धनौरा महोत्सव के अध्यक्ष डॉ. आदित्य चौहान, नगर पालिका के सभासद व धनौरा महोत्सव के कोषाध्यक्ष प्रशांत त्यागी व नरेंद्र कटारिया का शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इन महोत्सव से गांव देहात की कला संस्कृति को विकसित होने का मौका मिलता है। शिक्षक विधायक डॉ. हरी सिंह ढिल्लो ने आह्वान किया कि गांव-गांव इस तरह के आयोजन होने चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. यतीन्द्र कटारिया ने कहा कि जनपद का पहला ग्राम उत्सव ग्राम मोहद्दीनपुर लहदवर में शीघ्र आयोजित होगा।


डॉ. आदित्य चौहान को सम्मानित करते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व एमएलसी डॉ. हरी सिंह ढिल्लो। ● अमृत विचार

### नाराज किसानों को तहसीलदार ने समझाया

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में से निकल रहे गंगा एक्सप्रेस वे के बराबर बन रहे औद्योगिक गलियारे के लिए भूमि देने को मना कर रहे कुछ किसानों को तहसीलदार ने गांव में पहुंचकर समझाया।

मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेस वे बनाया जा रहा है। जो तहसील क्षेत्र के कई गांव में से होकर गुजर रहा है। इसी के साथ उसके किनारे औद्योगिक गलियारा बनाया जा रहा है। कुछ किसानों ने इसमें अपनी भूमि देने से इनकार कर दिया है। उनका कहना था कि शासन उन्हें सर्किल रेट से कम मुआवजा दे रहा है। बुधवार शाम तहसीलदार सुंदीप कुमार ग्राम मंगरौला पहुंचे और नाराज किसानों से वार्ता कर उन्हें समझाया। तहसीलदार संदीप कुमार ने कहा कि किसी भी किसान के साथ अन्याय नहीं होगा जो भी सर्कल रेट हैं। उसी के अनुसार सभी को मुआवजा दिया जाएगा।



## एक नजर

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा 24 को पहुंचेगी संभल

**गुन्नौर अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार को तहसील क्षेत्र में प्रवेश करेगी। न्याय यात्रा का गवां और केसरपुर तिराहा पर स्वागत होगा। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव राजेश गुप्ता ने बताया कि न्याय यात्रा के अगले चरण की शुरूआत 24 फरवरी को मुरादाबाद से होगी। यहां से प्रियंका गांधी भी यात्रा में शामिल होंगी। यात्रा संभल से गवां–केसरपुर तिराहा होते हुए अनूपशहर गंगा पुल से बुलंदशहर जिले में प्रवेश करेगी।

### मदरसा बोर्ड परीक्षा संपन्न

**संभल/सिरसी अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षा बुधवार को संपन्न हो गई। सिरसी के मदरसा जमाए इमाम मेहदी सिरसी में बुधवार को परीक्षा हुई। प्रथम पाली में 36 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। 28 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में पंजीकृत 79 में से 74 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 5 ने परीक्षा छोड़ दी।

# एमएसपी को लेकर किसानों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर धरना दिया

## पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और मांगों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा

संवाददाता,बहजोई(संभल)



मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट की तरफ बढ़ते किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत से जुड़े किसान शंभू बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस द्वारा किसानों के साथ किए जा रहे अत्याचार व एमएसपी खरीद कानून बनाए जाने की मांग को लेकर पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। किसानों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंप कर मांगे पूरी किए जाने की मांग उठाई।

प्रदेश प्रमुख महासचिव व पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी विजेंद्र सिंह यादव व जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों किसान मंडी समिति में एकत्रित हुए। जहां से किसान ट्रैक्टर लेकर तथा पैदल मार्च करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। किसानों ने कलेक्ट्रेट में प्रवेश करने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद किसान मुरादाबाद आगरा हाईवे पर कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठ गये। किसानों ने प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के किसान शंभू बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे हैं। सरकार किसानों की मांगों को मानने की बजाय उन पर लाठीचार्ज व आंसू गैस छोड़ रही है। जिससे किसानों में आक्रोश है। किसान आंदोलन में जो समझौता किसानों से किया था। सरकार उसे न मानकर वादा खिलाफी कर रही है। डिप्टी कलेक्टर दीपक चौधरी को किसानों ने 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर सिंह यादव, रामवीर सिंह यादव, बनवारी सिंह, महावीर सिंह यादव, उदयवीर सिंह, आजम सिद्दीकी, महेश यादव, मुकेश यादव, राजपाल सिंह, केपी यादव, कृष्णपाल राणा, रमाशंकर हनुमान आदि मौजूद रहे।

▸▸ केंद्र सरकार के खिलाफ की जोरदार नारेबाजी

### जेसीबी पर चढ़कर आंदोलन करने पहुंचे किसान

**बहजोई,अमृत विचार :** पंजाब हरियाणा बॉर्डर की तर्ज पर संभल जिले के किसान भी जब कलेक्ट्रेट पर आंदोलन करने आ रहे थे तो उनके काफिले में एक जेसीबी थी। जिसके ऊपर दर्जन भर किसान चढ़े हुए थे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ रहे थे। पुलिस ने जेसीबी को रोकने की कोशिश की लेकिन किसान नहीं माने। जेसीबी लेकर कलेक्ट्रेट तक पहुंच गए। वहां जेसीबी पर खड़े होकर जमकर नारेबाजी की।



पंचायत में बोलते रामेश्वर दयाल शर्मा। ● अमृत विचार

## आंदोलन में हम किसानों के साथ

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** किसान संघर्ष समिति की पंचायत का आयोजन ग्राम असालतपुर जारई स्थित कार्यालय पर किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ने कहा कि दिल्ली में होने वाले धरना प्रदर्शन में जाने के लिए किसान हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर संघर्ष कर रहे हैं। पूरे देश के किसानों की निगाहें दिल्ली में होने वाले आंदोलन पर लगी है। हम देश के किसानों के साथ खड़े है, आंदोलन में किसी भी किसान को खाने पीने की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

समिति के किसान भी आंदोलन में भाग लेने के लिए जाते रहेंगे। इस अवसर पर रामपाल सिंह, संजय पाल सिंह, मंगल सैन सैनी, शानू शर्मा, राहुल कश्यप, विनोद सैनी, मनोज, देवपाल जोशी, मोहम्मद इब्राहिम, तारिख रजा, नरेश सागर, ओमकार सिंह, बबलू सागर आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली कूच करते भाकियू असली के राष्ट्रीय अध्यक्ष को गढ़ में रोका

संवाददाता,संभल

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के नेताओं को दिल्ली कूच करने से रोकने के लिए पुलिस लगातार नजर रखी, लेकिन भाकियू असली के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह पुलिस को चकमा देकर दिल्ली रवाना हो गये। हालांकि उन्हें गढ़मुक्तेश्वर में रोक लिया गया।

भारतीय किसान यूनियन असली के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी ने कहा कि बुधवार को गजरौला में हुई।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में एमएसपी को लेकर आवाज उठाने के बाद पदाधिकारियों और किसानों ने दिल्ली कूच किया। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह और अन्य को पुलिस ने गढ़मुक्तेश्वर में गिरफ्तार कर लिया गया। कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत तमाम कार्यकर्ताओं को गुरुवार को सुबह तक रिहा नहीं किया गया तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान सभी थानों में पशुओं को साथ ले जाकर गिरफ्तारी देंगे।

### किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर करें निस्तारण : सीडीओ

**बहजोई, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट पर किसान दिवस कार्यक्रम में किसानों ने सीडीओ के सामने किसान सम्मान निधि से संबंधित समस्याओं के बारे में बताया। सीडीओ ने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित किसान दिवस में किसानों ने सीडीओ भारत कुमार मिश्रा के किसानों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संबंधित समस्याओं का मुद्दा उठाया। जिसमें भूमि अंकन और आधार कार्ड सीडिंग नहीं होना समेत कई प्रकार की समस्याएं बताई।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी किशोर गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में 13 दिन पहले तमंचे के बल पर रात को घर से बाहर ले जाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी किशोर को पुलिस ने मंडलाई बाईपास तिराहे से पकड़ लिया। पुलिस ने कार्रवाई कर किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोर आठ फरवरी की रात को मुहल्ला में ही ग्रामीण के घर से सो रही किशोरी को तमंचे के बल पर उठाकर ले गया और दुष्कर्म करते हुए फोन से फोटो खींच लिए थे। किशोरी के पिता ने किशोर सहित चार लोगों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

बुधवार को किशोर थाना क्षेत्र में मंडलाई बाईपास तिराहे पर खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और किशोर को पकड़कर बाल सुधार गृह भेज दिया।

# आंदोलन के दौरान किसानों के ट्रैक्टर से बाइक सवार की मौत, हुआ हंगामा

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के आंदोलन के दौरान किसानों के ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। घायल ग्रामीण को गंभीर हालत में रेफर किया गया। मुरादाबाद के निजी अस्पताल में उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया।

बहजोई मंडी समिति से किसान अपने ट्रैक्टरों से आंदोलन के दौरान कलेक्ट्रेट की और कूच कर रहे थे गांव आलपुर मेथरा निवासी ओमपाल अपने भतीजे विजेंद्र के साथ बाइक पर सवार होकर मेडिकल से दवा लेकर जा रहा था। मंडी समिति के सामने आंदोलन में शामिल किसान के ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में ओमपाल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। वहां से भतीजा विजेंद्र उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए ले गया। रेफर किया गया तो ओमपाल को परिजन मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान ओमपाल ने दम तोड़ दिया। परिजन ओमपाल का शव बहजोई सीएचसी पर लेकर पहुंचे और कार्रवाई को लेकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप था कि टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर को पुलिस के हवाले किया लेकिन पुलिस ने उसे छोड़ दिया। कोतवाल सतेंद्र पवार ने मामले को शांत करते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### ट्रैक्टर ट्राली व कार की टक्कर में तीन घायल

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल आदमपुर मार्ग पर आमने सामने हुई ट्रैक्टर ट्राली व कार की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। कार में सवार युवक परिवार के लोगों के साथ लड़की देखने मुरादाबाद जा रहे था। कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव चाचूनागल निवासी रवि बुधवार की देर शाम परिवार के लोगों के साथ मुरादाबाद में शादी के लिए लड़की पसंद करने जा रहा था। रास्ते में फोन कर रिश्ते से इंकार कर दिया गया तो सभी लोग वापस घर जाने लगे। गांव का ही चालक सुनील कार लेकर जैसे ही हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल आदमपुर मार्ग पर गांव मोतीनगर के पास पहुंचा। सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने कार में टक्कर मार दी। मौका मिलते ही चालक ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर मौके से भाग गया। इस हादसे में कार में सवार रवि, सुनील गंभीर रुप से और श्यौराज मामूली रुप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर सदर कोतवाली व थाना हयातनगर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में लेकर घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सार-संक्षेप



धरना देते भाकियू असली कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### किसानों का धरना 29वें दिन भी जारी

**संभल अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 29वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने गांव भटौला और हिसामपुर के बीच अंडरपास निर्माण कराए जाने की मांग उठाई। कहा कि जब तक अंडरपास का निर्माण शुरू नहीं होगा तब तक धरना जारी रहेगा। इस दौरान गनपत, सतपाल, ब्रह्मराज, अरविंद, प्रकाश, छोटे, करन सिंह, नासिर, जैद आदि रहे।

### श्रद्धालुओं ने रखा प्रदोष व्रत, की पूजा अर्चना

**बबराला अमृत विचार :** माघ माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के मौके पर श्रद्धालुओं ने प्रदोष व्रत रखा और मंदिर में भगवान शिव व गणपति की विधिवत पूजा कर परिवार के लिए मंगल की कामना की। श्री बांके बिहारी मंदिर के महंत श्याम बिहारी मिश्रा ने बताया कि कलिकाल में प्रदोष व्रत अति मंगलकारी और शिव कृपा प्रदान करने वाला होता है। मान्यता है कि प्रदोष के समय महादेव कैलाश पर्वत के रजत भवन में नृत्य करते हैं और देवता उनकी स्तुति करते हैं। जो भी लोग अपना कल्याण चाहते हों, यह व्रत रख सकते हैं। प्रदोष व्रत करने से सभी प्रकार के दोष मिट जाते हैं।



सिरसी में महफिल को खिताब करते वक्ता। ● अमृत विचार

### तालीम हासिल कर आगे बढ़ने का दिया संदेश

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी में मदरसा दारुल उलूम फैजाने मुस्तफा सादक सराय में महफिल आयोजित हुई। जिसमें नाते पाक आजम इकबाल रामपुरी और शुएब रजा बरेलवी ने पढ़ी। महफिल में शिरकत करने वाले लोगों को तालीम हासिल करने का संदेश दिया गया। महफिल में बरेली से आए मुफ्ती इरशाद मंजरी ने कहा कि हमें चाहिए के हम किसी को भी ऐसा न बोलें जिससे उसका दिल दुखे। हम लोगों को तालीम हासिल करके अपनेआप को आगे बढ़ना होगा। कोई भी धर्म किसी भी इंसान को परेशान करने की तालीम नहीं देता। अमरोहा से आए मौलाना नाजिम रजा मंजरी ने इल्म पर रोशनी डालते हुए कहा कि हम ज्यादा से ज्यादा इल्म हासिल करेंगे तो हमारी इतनी ही तरक्की होगी। इसलिए हमें चाहिए कि हम ज्यादा से ज्यादा इल्म हासिल करें। मुफ्ती शारिक नूरी ने कहा कि दीनी और दुनियाबी तालीम हासिल करें। महफिल में बच्चों की दस्तारबंदी की गई। मुफ्ती आलम नूरी ने मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई। इस दौरान कारी फरमान, कारी मुहम्मद कामिल, इमाम शब्बन, हाजी मुश्ताक, चांद बाबू, मिंबर कयामुद्दीन, नदीम, डॉ. हसन, शुजात, तारिक, हाफिज आदिल, मुफ्ती सुलेमान, अजहर रामपुरी, मेहदी हसन आदि रहे। मदरसे के कारी शहजाद आलम ने शुक्रिया अदा किया। निजामत हस्सान रजा बरेलवी ने की।

### चलती बाइक से गिराकर युवक से मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर खड़े तीन युवकों ने लात मारकर चलती बाइक जमीन गिराकर बाइक चालक के साथ लात घूसों से मारपीट की। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव ईसापुर निवासी अमरदीप मंगलवार की देर रात नौ बजे बाइक पर सवार होकर चंदौसी जा रहा था। सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर गांव मोहम्मदपुर टांडा से आगे तीन युवकों ने लात मारकर अमरदीप की चलती बाइक जमीन पर गिरा दी और गाली गलौज करते हुए तीनों युवक अमरदीप के साथ मारपीट करने लगे। राहगीरों की भीड़ जुटी तो तीनों युवक मौके से भाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अमरदीप को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। अमरदीप ने बुधवार को बताया कि पुलिस को अभी तहरीर नहीं दी है।

### शांतिपूर्ण परीक्षा कराने को कक्ष निरीक्षकों की बैठक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसएम इंटर कॉलेज में बुधवार को बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को कक्ष निरीक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रवक्ता मनोज कुमार ने कहा कि सभी कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन लेकर नहीं आना है। किसी भी प्रकार की ब्लूटूथ डिवाइस को भी परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी कक्ष निरीक्षक विभाग द्वारा जारी कक्ष निरीक्षक परिचय पत्र लेकर ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश करेंगे। प्रशासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश से भी अवगत कराया गया। केंद्र व्यवस्थापक राजेश गुप्ता ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित वर्ष 2024 की परीक्षा में हाईस्कूल में ओएमआर शीट का प्रयोग किया जा रहा है। जिसमें 20 नंबर के 20 बहुविकल्पीय प्रश्नों का उत्तर विद्यार्थियों को इस ओएमआर शीट में देना होगा। इससे भी कक्ष निरीक्षकों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर केपी सिंह, नेमी चंद्र, गणेश सिंह, एके सिंह, संजीव कुमार, मोहम्मद मुकीम आदि मौजूद रहे।

# जीव जागरण धर्म यात्रा से दिया शराब, मांस त्यागने का संदेश

कार्यालय संवाददाता, संभल



जीव जागरण धर्म यात्रा में शामिल जयगुरुदेव के अनुयायी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जय गुरुदेव के अनुयायियों द्वारा आगरा से शुरू की गई जीव जागरण धर्म यात्रा बुधवार को संभल पहुंची। बाइकों और कारों से निकली यात्रा में अनुयायियों ने पोस्टरों पर लिखे नारों से समाज को बुराइयां त्यागने का संदेश दिया। जीव जागरण धर्म यात्रा संभल से अमरोहा जिले के लिए रवाना हुई।

जय गुरुदेव के अनुयायियों की जीव जागरण धर्म यात्रा ने बुधवार को चंदौसी मार्ग से संभल में प्रवेश किया। यात्रा चंदौसी चौराहा, यशोदा चौराहा, हल्लू सराय, चौधरी सराय, आदमपुर मार्ग पर खिरनी तिराहा, सौंधन मोहम्मदपुर होते हुए अमरोहा जिले की तरफ बढ़ी।

यात्रा में शामिल जय गुरुदेव के अनुयायियों ने पोस्टर पर लिखे नारों के जरिये शराब, मांस को त्यागने का संदेश दिया। बताया गया कि जीव जागरण धर्म यात्रा का समापन अमरोहा में होगा।

### स्वयंसेवकों ने रैली निकाल दिया स्वच्छता का संदेश

**संभल, अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रासेयो इकाई के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन प्राचार्य डॉ.प्रभा शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार और सचिन कुमार के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता एवं शिक्षा संबंधी जागरूकता रैली निकाली और प्राथमिक विद्यालय घुंघावली में ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। दूसरी इकाई के स्वयंसेवकों ने प्राथमिक विद्यालय मुजफ्फरपुर में ग्रामीणों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जागरूक किया। यहां शिविर में सीएचसी पंवासा के डॉ.मोहम्मद फहीम, डॉ.फातमा बी के निर्देशन में टीम ने छात्रों और स्वयंसेवकों का चिकित्सीय परीक्षण कर दवा वितरित की।


## तीन दिन बाद जंगल में मिली चोरी की बाइक

**संभल/ओबरी, अमृत विचार:** सोमवार की शाम चोरी हुई बाइक का मामला थाने पहुंचा तो पुलिस के डर से चोर बाइक को जंगल में खड़ी कर फरार हो गए।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव ओबरी निवासी अनीस अहमद सोमवार की शाम थाना क्षेत्र के गांव रचैटा में स्थित तालाब के पास बाइक खड़ी कर मछली खरीदने गया था। मछली खरीदने के बाद अनीस अहमद तालाब से वापस आया तो मौके से बाइक गायब थी। मंगलवार को अनीस अहमद थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर देकर बाइक बरामद करने की मांग की। बुधवार को खेतों पर काम करने जा रहे लोगों ने मनोटा रतनपुर मार्ग पर गांव रचैटा व ओबरी के बीच सरकारी नलकूप के पास गेहूं फसल के खेत में बाइक खड़ी देखी। नंबर प्लेट व रंग के आधार पर अनीस अहमद पहचान करने के बाद बाइक अपने साथ ले गया।

## रुक्मिणी विवाह और सुदामा चरित्र का सुंदर वर्णन किया

संवाददाता, बबराला



बबराला में प्रवचन करते कथा वाचक ललित शास्त्री। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर के मुहल्ला लोहिया कॉलोनी में स्थित स्वामी ध्यानानंद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में सात दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के अंतिम दिन बुधवार को कथा वाचक ललित शास्त्री ने रुक्मिणी विवाह और सुदामा चरित्र का सुंदर वर्णन किया। जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

कथा वाचक ललित शास्त्री ने कहा कि रुक्म देश की राजकुमारी रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल नाम के क्रूर राजा के साथ हुआ था जबकि वह भगवान श्रीकृष्ण को चाहती थीं। रुक्मिणी के आमंत्रण पर ही श्रीकृष्ण ने शिशुपाल और रुक्म के 10 हजार राक्षसों को परास्त करके रुक्मिणी के साथ विवाह किया था। सुदामा चरित्र कथा में वृतांत सुनाते हुए कहा कि भगवान अपने भक्तों के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने को सदैव तत्पर रहते हैं। अगर रुक्मिणी हाथ नहीं रोकतीं तो श्रीकृष्ण सुदामा को तीनों लोक दे देते।

कथा वाचक ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा सुनने से व्यक्ति के सभी कष्ट दूर होते हैं। कथा समापन पर सच्चिदानंद राय ने भागवत आरती की। इस दौरान प्रधानाचार्या शालू शर्मा, राकेश कुमार, प्रियंका, कंचन आदि मौजूद रहे।



संभल के बाल विद्या मंदिर स्कूल से परीक्षा देकर बाहर आती छात्राएं। ● अमृत विचार

## 10वीं के दो परीक्षार्थियों ने छोड़ी हिंदी की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सीबीएसई परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों में उत्साह नजर आ रहा है। यहां दो केंद्रों पर 10वीं के परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। दो केंद्रों पर दो परीक्षार्थी हिंदी की परीक्षा से गैरहाजिर रहे।

बुधवार को सुबह 10.30 बजे से 1.30 बजे तक 10वीं की हिंदी की परीक्षा हुई। जिसमें परीक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। संभल के बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल केंद्र पर 10वीं के 341 परीक्षार्थियों ने हिंदी की परीक्षा दी जबकि एक परीक्षार्थी गैरहाजिर रहा। वहीं सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल केंद्र पर परीक्षा में 337 परीक्षार्थी शामिल हुए और एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। दोपहर में परीक्षा देकर केंद्रों से बाहर आए परीक्षार्थियों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। परीक्षार्थियों ने आपस में प्रश्नों को लेकर चर्चा भी की।

तैयारी | जनपद के 77 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा

# हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा आज से

संवाददाता,बहजोई/संभल



हिंद इंटर कॉलेज में सीटिंग प्रबंध देखते प्रधानाचार्य विनोद खन्ना। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की बृहस्पतिवार से शुरु होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए दिन भर जनपद के 77 केंद्रों पर परीक्षा की तैयारी चलती रही। परीक्षा केन्द्रों पर नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर सीटिंग प्लान बनाया गया। डीआईओएस ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जनपद के 77 परीक्षा केंद्रों पर हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा का आयोजन बृहस्पतिवार से प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें हाई स्कूल के 27786 जबकि इंटरमीडिएट के 22950 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कुल 50736 परीक्षार्थी परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे। बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन करने को लेकर जनपद के परीक्षा केन्द्रों पर दिनभर तैयारी को अमली जामा पहनाया गया। नकल विभिन्न परीक्षा को लेकर सीटिंग प्लान के हिसाब से तैयारी की जा रही थी। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका भी ख्याल रखा जा रहा था। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर परीक्षा केंद्रों पर सशस्त्र पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

### नकल विहीन परीक्षा कराने को कसी कमर

| | |
|---|---|
| हाई स्कूल के छात्र–छात्राएं | 27786 |
| इंटरमीडिएट छात्र–छात्राएं | 22950 |
| हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के कुल परीक्षार्थी | 50736 |
| जिले में बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी पर शिक्षक | 2745 |
| स्टेटिक मजिस्ट्रेट | 77 |
| केंद्र व्यवस्थापक | 77 |
| सेक्टर मजिस्ट्रेट | 77 |
| अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक | 77 |
| जोनल मजिस्ट्रेट | 3 |
| सचल दल | 8 |

> जिले के 77 केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन कराने को लेकर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई हैं। केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी नकल करते पाया जाए तो उसके खिलाफ समय से कार्रवाई की जाए। अगर केंद्र व्यवस्थापक की भूमिका संदिग्ध पाई गई तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **–वेदराम,** डीआईओएस

## एक नजर

### वुमेन शिखर ने किया रस की खीर का वितरण

अमृत विचार : बुधवार को जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर ने काली मंदिर में गन्ने की रस खीर का वितरण किया। ग्रुप की पदाधिकारियों ने बताया कि माघ के महीने में गन्ने की रस की खीर का बहुत महत्व है। इसी के चलते रस खीर का वितरण किया गया। वितरण के बाद मंदिर परिसर में भगवान राम के भजन गाए गए। ग्रुप अध्यक्ष शालिनी शर्मा, सचिव शालिनी सक्सेना, कोषाध्यक्ष रागिनी सैनी आदि रहीं।

### सरकारी योजनाओं का किया गुणगान

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के नरौली मंडल की लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला का आयोजन गांव अजीमगंज में किया गया। कार्यक्रम का आरंभ माता भारत के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया गया। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ सभी लाभार्थियों को दिया जा रहा है। जिसमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है। जो पात्र है, उसे लाभ घर बैठे मिल रहा है। ब्लाक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह ने सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी।

# संदिग्ध परिस्थिति में पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

## मां ने लगाया हत्या करने का आरोप ,मंगलवार को ही दिल्ली से लौटा था युवक

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा



युवक का शव मिलने के बाद बिलखती मां व एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

अमृत विचार :रजपुरा थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। मां ने युवक की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया।



फोरेंसिक टीम ने मौके पर साक्ष्य जुटाए । पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

थाना क्षेत्र के गांव डुप्टा कला निवासी विकास शर्मा (20 वर्ष) पुत्र चंद्रपाल शर्मा दिल्ली के बवाना में प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। मंगलवार को सुबह 10 बजे विकास शर्मा घर पहुंचा और मां कमलेश से कहा कि वह शाम को वापस लौटेगा। इस बीच विकास शर्मा के मोबाइल पर कॉल आई तो वह चला गया। मां ने बेटे के लिए गाजर का हलुआ तैयार किया। शाम तक विकास का इंतजार किया लेकिन वह घर नहीं लौटा। मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गया। इस बीच मां कमलेश और अन्य परिजनों ने विकास की तलाश शुरू की। बुधवार को सुबह करीब 11 बजे गांव डुप्टा खुर्द के जंगल में गन्ने के खेत में जब खेत स्वामी पहुंचा तो होश उड़ गए। बबूल के पेड़ पर फंदे से विकास का शव लटका हुआ था। खेत स्वामी ने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस पहुंच गई। जानकारी मिलने पर विकास के परिजन भी आ गए । मां ने बेटे की हत्या कर शव पेड़ पर फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# प्रदेश में भयमुक्त होकर कारोबार कर रहे व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



व्यापार प्रकोष्ठ के कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यमंत्री जसवंत सिंह। ● अमृत विचार

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ की ओर से व्यापारी सम्मेलन का आयोजन आजाद रोड स्थित संजीवनी पैलेस में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सिंह, विशिष्ट अतिथि माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी व मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ विनीत शारदा मौजूद रहे। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सिंह व राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने हमेशा व्यापारियों का सम्मान किया है। आज व्यापारी भयमुक्त होकर अपना व्यापार को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। अब प्रदेश में पहले जैसा भय वाला वातावरण नहीं रहा। अब हमारी बहन-बेटियों को घर से निकलने में कोई हिचक नहीं होती, जो पहले होती थी। आज की सरकार में गुंडे, अपराधी प्रशासन से माफी मांगते नजर आते हैं। भाजपा की सरकार अपनी योजनाओं का लाभ देने में कोई भेदभाव नहीं करती है। जो पात्र होता है उसे ही योजनाओं का लाभ मिलता है। यह कार्य केवल भाजपा सरकार में ही संभव है।

राज्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के शासन में व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन हुआ। जिसमें बैंक से पांच से बीस लाख तक का लोन, दस लाख का बीमा, लघु उधमियों व श्रमिकों को दस हजार का अनुदान व्यापार शुरू करने को बिना भेदभाव के मिल रहा है।

मुख्य वक्ता विनीत शारदा ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। एक ओर मोदी व योगी है, तो दूसरी ओर घोटालेबाज

▸▸ औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सिंह बोले, भाजपा सरकार ने अपराधियों को पहुंचा दिया जेल

▸▸ अब हमारी बहन-बेटियों को घर से निकलने में कोई हिचक नहीं होती

व भ्रष्टाचारियों का गठबंधन है। 2014, 17, 19 व 22 के चुनाव की तरह व्यापारी वर्ग को 2024 में भी भाजपा को जिताने का कार्य करना है। पहले कारोबारी व्यापार नहीं कर सकता था। पांच बजे के बाद दहशत में दुकानें बंद हो जाती थी। अब अधिकांश अपराधी जेल में पहुंच चुके हैं। प्रदेश में भयमुक्त व अपराध मुक्त शासन चल रहा है। व्यापारी को सरकार से सुरक्षा, मान सम्मान व स्वाभिमान मिल रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, राजेश सिंघल, ब्लाक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह, सुनील धामा, विनोद गुप्ता, जिला संयोजक अरविंद गुप्ता, राहुल बिदंल, नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, अमित गुप्ता, परमेश्वर लाल सैनी, फूलप्रकाश वार्ष्णेय, गिरीश रतन, आकाश अग्रवाल, मनोज दिवाकर, चंद्रपाल सिंह, सुरेश सैनी, सतीश अरोरा, मनोज कठेरिया, आमोद वार्ष्णेय, विनय सर्राफ, शीनू गुप्ता, शरद शर्मा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# परीक्षा देने जा रहे छात्रों की बाइक वाहन से टकराई, गंभीर रूप से घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

▸▸ बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद रोड पर हुआ हादसा

▸▸ हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार, पुलिस नील गाय से टक्कर होना बता रही है

अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर कोल्ड स्टोरेज के पास वाहन (छोटा हाथी) ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। दोनों युवक एमए की परीक्षा देने चन्दौसी आ रहे थे। जबकि पुलिस ने बताया है कि बाइक के नीलगाय से टकराने के बाद हादसा हुआ है।

रामपुर जनपद के थाना सैफनी निवासी शफीक अहमद पुत्र छोटे हफीज व गुड्डू यादव पुत्र किशनलाल गांव छतौनी थाना सैफनी जनपद रामपुर बाइक पर सवार होकर चन्दौसी के एसएम कॉलेज में एमए की परीक्षा देने आ रहे थे। जब बाइक सवार छात्र बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर कोल्ड स्टोरेज के पास पहुंचे तो सामने आ रहे छोटे हाथी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। यहां छात्रों की प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस बीच पुलिस ने बताया कि छात्रों की बाइक सड़क पार कर रही नील गाय से टकराई है। फिलहाल घटना की तहरीर नहीं दी गई है।

# समारोह पूर्वक मनाया गया मातृ भाषा दिवस

चन्दौसी, अमृत विचार: राधा गोविंद कॉलेज ऑफ एजूकेशन में अंतर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

संस्थान के चेयरमैन पवन शर्मा ने कहा कि 1999 में यूनेस्को ने अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस मनाने की स्वीकृति दी थी। इसको मनाने का मुख्य उद्देश्य विश्व में भाषायी व सांस्कृतिक विविधता व बहुभाषिता को बढ़ावा देना है।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. आरके शर्मा ने कहा कि मातृ भाषा हमारी सभ्यता बचाने का सशक्त माध्यम है, हमारी भाषा ही हमारी पहचान है। हम सभी का यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम अपनी मातृ भाषा को विलुप्त न होने दे।

इस अवसर डॉ. अनुज कुमार, डॉ. कविता, अजय सारस्वत आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से दो भाई घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



गांव मोहम्मदपुर काशी में ट्रैक्टर के नीचे गिरी हुई बाइक। ● अमृत विचार

अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर काशी में मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने सामने आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो भाई घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। घटना के बाद चालक फरार हो गया।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर खास निवासी नागेंद्र सिंह पुत्र सत्यवीर सिंह अपने चचेरे भाई मोहित कुमार पुत्र उदयभान सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर बुधवार की सुबह साढ़े दस बजे चन्दौसी आ रहा था। जब बाइक सवार गांव मोहम्मदपुर काशी के पास पहुंचा तो सामने से आ रही मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली के चालक ने सड़क के मोड़ पर सावधानी नहीं बरती जिससे बाइक ट्रैक्टर से जा टकराई । बाइक सवार टक्कर के बाद उछल कर दूर

▸▸ बाइक पर सवार थे दोनों भाई,मोहम्मदपुर काशी में हादसा,चालक वाहन छोड़ फरार

गिर गए। जिससे वह घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। घायलों ने बताया कि ट्रैक्टर चालक के कानों में हेडफोन लगा था। जिसके कारण हादसा हुआ। पुलिस ने मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लिया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

संभल/सरायतरीन, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव असलमपुर निवासी शानू बुधवार की दोपहर दो बजे बाइक पर सवार होकर हयातनगर से गांव वापस जा रहा था। हयातनगर थाने के पास संभल बहजोई मार्ग पर सामने से कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे शानू सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया।

## सार-संक्षेप

### सीबीएसई के विद्यार्थियों ने प्रश्न पत्र को आसान बताया

चन्दौसी, अमृत विचार : बुधवार को सीबीएसई की हाईस्कूल हिंदी की परीक्षा हुई। परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं में उत्साह नजर आया। विद्यार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र आसान आया था और सभी प्रश्नों के उत्तर दिए हैं। शहर में तीन विद्यालयों ओपीजीएम कान्वेंट स्कूल, सिल्वर स्टोन स्कूल व आरआरके स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।छात्र पारस शर्मा का कहना था कि प्रश्न पत्र मिलने से पहले काफी परेशानी महसूस हो रही थी। मगर जैसे ही प्रश्न पत्र मिला तो उसे देखने के बाद सारी परेशानी दूर हो गई। क्योंकि पूछे गए सभी सवालों के उत्तर आते थे।निशांत मिश्रा ने बताया कि हिंदी के प्रश्न पत्र में पूछे गए प्रश्न आसान थे, सभी प्रश्नों के उत्तर आसानी से उत्तर पुस्तिका पर लिख दिए। पहला पेपर अच्छा होने से खुशी हो रही है। आगे के भी पेपर अच्छे होंगे।

### जुनावई क्षेत्र के तीन केंद्रों पर होगी परीक्षा

संभल/जुनावई अमृत विचार : जुनावई क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। जनता इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक मधुव कुमार आर्य की देखरेख में हाईस्कूल के 879 तो इंटर के 535 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। घोंसली राजा के हरि बाबा इंटर कॉलेज केंद्र में केंद्र व्यवस्थापक तिलक सिंह की देखरेख में 10वीं के 258 और इंटर के 231 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। युग निर्माण विद्यापीठ इंटर कॉलेज मणिकावली परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक राजाराम सिंह यादव की देखरेख में हाईस्कूल के 224 तो इंटर के 164 परीक्षार्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे।



सिरसी रेलवे क्रासिंग पर फर्राटा भरते वाहन। ● अमृत विचार

### सिरसी रेलवे क्रॉसिंग पर मरम्मत कार्य पूरा ,मिली राहत

संभल/सिरसी, अमृत विचार : सिरसी रेलवे क्रॉसिंग पर सड़क मरम्मत का काम पूरा होने पर बुधवार को यातायात सुचारू हुआ। मुरादाबाद जाने और वहां से संभल आने वाले वाहन रेलवे क्रॉसिंग से होकर गुजरे तो लोगों को राहत महसूस हुई।

सिरसी रेलवे क्रॉसिंग पर सड़क मरम्मत के चलते मंगलवार को सुबह यातायात रोका गया था। जिस कारण रेलवे क्रॉसिंग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जानकारी लेकर लोगों ने गांव फुलसिंहा और बारीपुर भमरौआ होते हुए वाहन निकाले तो गांवों में भी सुबह से लेकर देररात तक जाम के हालात बने लगे। किसी तरह वाहन गांवों से होकर सिरसी रेलवे क्रॉसिंग के पार मुरादाबाद की तरफ और संभल की ओर बढ़े। जिस कारण न सिर्फ लंबा रास्ता तय करना पड़ा बल्कि समय की बर्बादी भी हुई। इस बीच रेलवे क्रॉसिंग पर सड़क मरम्मत का कार्य पूरा होने पर बुधवार को सुबह से ही आवागमन सुचारू किया गया। रेलवे क्रॉसिंग से होकर ही वाहन संभल और मुरादाबाद की तरफ बढ़े। रेलवे क्रॉसिंग पर यातायात सुचारू होने से लोगों को सहूलियत मिली।

### रंजिश के चलते किया धारदार हथियार से हमला



जिला अस्पताल में भर्ती परमानन्द।

संभल,अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में रंजिश के चलते दूसरे समुदाय के दो लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर खेत से घर लौट रहे व्यक्ति को घायल कर दिया। आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो हमलावर धमकी देते हुए भाग गए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने घायल व्यक्ति का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला हल्लू सराय निवासी परमानन्द सिंह बुधवार की सुबह साढ़े 11 बजे कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मंडी किशनदास सराय के जंगल में स्थित खेत से घर आ रहा था। परमानन्द सिंह पैदल चलते-चलते जैसे ही टीले के पास पहुंचा। दूसरे समुदाय के दो लोगों ने अपने साथियों के साथ मिलकर परमानन्द सिंह को रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते दूसरे समुदाय के लोग परमानन्द सिंह के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। परमानन्द सिंह के शोर को सुनकर खेतों पर काम कर रहे आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को अपनी ओर आता देखकर दूसरे समुदाय के लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया और धमकी देते हुए भाग गए। जिससे परमानन्द सिंह घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन परमानन्द सिंह को लेकर कोतवाली आ गए।

### जिला अस्पताल में चक्कर खाकर गिरी आशा



संभल जिला अस्पताल में आशा को संभालती महिलाएं। ● अमृत विचार

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कोट गर्वी निवासी आशा कार्यकत्री यासमीन पत्नी अब्दुल जब्बार बुधवार को जिला अस्पताल में दवा लेने आई थीं। पर्ची कटाने के लिए लाइन में लगी तो अचानक से यासमीन की तबियत और बिगड़ने लगी। यासमीन अस्पताल के अंदर पहुंचकर लोहे की बेंच पर बैठ गई। जिसके कुछ देर बाद उसको चक्कर आने लगे और बेंच से अस्पताल के फर्श पर गिर गई। पास में बैठी महिलाओं ने यासमीन को उठाकर इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर मौके पर परिजन डॉक्टर से उपचार कराकर यासमीन को घर लेकर चले गए।

# रोजगार मेले में 159 अभ्यर्थियों का चयन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



रोजगार मेले का फीता काटकर उद्घाटन करतीं ब्लाक प्रमुख सुगंधा सिंह।

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन व जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से ब्लॉक बनियाखेड़ा के अंतर्गत रोजगार मेले का आयोजन बदायूं रोड स्थित आईटीआई परिसर में किया गया। मेले का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह ने फीता काटकर किया।

रोजगार मेले में 13 कंपनियों की ओर से 750 रिक्तियां प्रकाशित की गई हैं। जिसमें बालाजी मैन पॉवर प्राइवेट लिमिटेड फरीदाबाद, सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस लिमिटेड देहरादून, डीबीजी टेक्नालाजी, विग्रेश प्राइवेट लिमिटेड, क्रिक इंजीनियर्स फरीदाबाद, पुखराज हेल्थ केयर, पैशन स्क्वायर नोएडा, हिमवैन ट्रेडिंग सर्विस गाजियाबाद, एलआईसी संभल, मदरसन भिवाड़ी, पैरामाउंट भिवानी आदि कंपनियों ने भाग लिया।

▸▸ आईटीआई में रोजगार मेले का ब्लाक प्रमुख ने किया उद्घाटन

मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, ग्रेजुएशन, आईटीआई के 302 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। जिसमें कंपनियों के अधिकारियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। जिसमें 159 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर राजकुमार यादव, संजय बंसल, शुभम राघव, अजीत त्रिपाठी, गौरव पूठिया, नोडल प्रधानाचार्य राहुल कृष्ण शर्मा, पवन सिंह, कासिम अली, महीपाल सिंह, रियाजुल हसन, जय प्रकाश जाखड़, जयवीर सिंह, कीर्ति पाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सीढ़ियों से पैर फिसलने से गिरी महिला, गंभीर घायल

चन्दौसी, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के घटलेश्वर गेट में छत पर कपड़े सुखाने गई महिला का उतरते समय सीढ़ियों से पैर फिसल गया। जिससे वह गिर गई। महिला को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। सिर में अधिक चोट आने से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

घटलेश्वर गेट निवासी श्याम लाल की पत्नी गुलाब देवी (55) बुधवार की सुबह साढ़े आठ बजे कपड़े छत पर सुखाने गई थी। जब महिला सीढ़ियों से उतर रही थी, तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नीचे आ गिरी।

घटना में महिला के सिर में अधिक चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

महिला को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# युवक-युवतियों को साथ ले गई एंटी रोमियो टीम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: मुंसिफ रोड स्थित मयूर विहार कॉलोनी के बाहर एक युवक दो युवतियों से वार्ता कर रहा था। लोगों को शक हुआ तो एंटी रोमियो टीम को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची टीम तीनों को पूछताछ के लिए कोतवाली ले गई। युवक दूसरे समुदाय का बताया जा रहा है।

बुधवार की अपराह्न तीन बजे मुंसिफ रोड स्थित मयूर विहार में बाइक सवार युवक आया और उधर से गुजर रही दो युवतियों से वार्ता करने लगा। आसपास के लोगों को शक हुआ तो एंटी रोमियो टीम को सूचना दे दी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची टीम ने युवक से जानकारी की। तो वह इधर-उधर बगले झांकने लगा। टीम के सवालों का स्पष्ट जवाब नहीं दे सका। वहीं युवतियों से जानकारी की तो वह चुपचाप रही। नाम पूछने पर युवक दूसरे समुदाय का निकला। एंटी रोमियो को टीम पूछताछ के लिए तीनों को अपने साथ कोतवाली ले गई। जहां उनसे पूछताछ की जा रही है।



मुंसिफ रोड मयूर विहार में जानकारी करती एंटी रोमियो टीम। ● अमृत विचार



एसडीएम नीतू रानी को ज्ञापन सौंपते युवा व्यापारी। ● अमृत विचार

# महाशिवरात्रि से पहले मार्ग दुरुस्त कराने की मांग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल की ओर से एसडीएम नीतू रानी को ज्ञापन देकर महाशिवरात्रि से पूर्व शहर की खस्ताहाल सड़कों को दुरुस्त कराने की मांग की है। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि आठ मार्च को महाशिवरात्रि का त्योहार है। सात मार्च को त्योहार को लेकर शिव भक्तों द्वारा शिव बरात निकाली जाएगी। जिसमें कांवड़िये अपनी कांवड़ लेकर नंगे पांव चलेंगे। सड़कें क्षतिग्रस्त होने से कांवड़ियों को परेशानी उठानी पड़ेगी। इसके अलावा त्योहार को लेकर प्रत्येक मंदिर व उसके आसपास सफाई अभियान चलाकर सफाई कराई जाए। प्रत्येक शिव मंदिर पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कर्मी तैनात किए जाए। जबकि नगर पालिका के सभासद व श्री कांवड़ सेवा समिति के उपाध्यक्ष तरुण कुमार नीरज ने संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम को ज्ञापन दिया था।

**खटास** पति-पत्नी के रिश्ते टूटने का कारण बन रहा मोबाइल, मायके वाले भी नहीं सिखा पा रहे लचीला व्यवहार

# मायके के दखल से लड़कियों की ससुराल में दरक रहे रिश्ते

श्याम मिश्रा, चन्दौसी

अमृत विचार: मोबाइल फोन रिश्तों को बनने से पहले ही बिगड़ने की ओर ले जा रहा है। शादी के बाद लड़कियों के मायके का ज्यादा दखल होने से पति-पत्नी के रिश्ते में खटास उत्पन्न हो रही है। क्योंकि लड़कियां मोबाइल से अपने मायके में ससुराल में होने वाली हर छोटी-बड़ी बात की चर्चा करती हैं और मायके से मिलने वाले आदेश के अनुसार ससुराल में व्यवहार कर रही हैं। जिससे परिवार परामर्श केंद्र में सैकड़ों मामले ऐसे ही पहुंच रहे हैं। जिसमें मायके में मां का ज्यादा दखल सामने आ रहा है। जिससे पति-पत्नी के रिश्ते टूटने की कगार पर पहुंच रहे हैं।

जनपद संभल के कस्बा बहजोई में परिवार परामर्श केंद्र है। जहां हर शनिवार को पति-पत्नी के बीच होने वाले विवादों को सुना जाता है।

परामर्श केंद्र में ज्यादा मामले नई शादी होने के बाद मायके वाले लगातार अपनी बेटियों के संपर्क में रहते हैं। जिससे उनकी बेटी भी ससुराल में होने वाली हर छोटी-बड़ी बातों को मोबाइल से साझा करती हैं और मायके में अपनी मां आदि की बताई गई बातों पर अमल करती हैं।

जिससे घर में आई लड़की अपने पति व ससुराल पक्ष से अच्छा रिश्ता नहीं बना पाती। वह ससुराल को अलग तरीके से देखना शुरू कर देती हैं। जबकि मायके वाले भी यह नहीं सोचते कि उनकी पुत्री का घर बिगाड़ जाएगा। इसी मोबाइल के कारण जब पति-पत्नी के रिश्तों में कड़वाहट होती है, तो रिश्ता टूटने के कगार पर पहुंच जाता है।

यहां भी मायके वाले अपनी पुत्री का पक्ष लेकर आग में घी डालने का कार्य करते हैं। परामर्श केंद्र में पहुंचने वाले 40 प्रतिशत मामले मोबाइल से जुड़े पहुंच रहे हैं। यहां काउंसलर दंपती के बीच सुलह कराने का प्रयास करते हैं। मगर बहुत ही कम मामले सुलझ पाते हैं। बाकी मामले परिवार न्यायालय पहुंच जाते हैं। जहां तलाक तक की नौबत आ जाती है।

### लड़कियां मोबाइल पर कम रिश्तों पर ज्यादा ध्यान दें



बहजोई परामर्श केंद्र व परिवार न्यायालय में काउंसलर पद पर कार्य करने वाली संगीता भार्गव बताती हैं कि शादी होकर जब लड़की अपनी ससुराल पहुंचती है। तो वह सबसे ज्यादा बात अपने मायके वालों और मां से करती है। पति व ससुराल की हर बात को वह मायके में बताती है और उनके दिशा निर्देश पर ही ससुराल में कार्य करना शुरू कर देती है। लड़की अपनी ससुराल को अपना घर नहीं समझती। जिसे नवदंपति के बीच पति-पत्नी का रिश्ता बनने से पहले ही टूटने के कगार पर पहुंच जाता है। बताया कि बहुत कम लड़कियां ऐसी होती है जो शुरू से ही अपनी ससुराल में तालमेल बनाकर रिश्ता बनाकर चलती है। उन्होंने नवदंपति को सलाह देते हुए बताया कि ससुराल पहुंचने पर लड़कियां मोबाइल पर ध्यान कम दें और अपने रिश्तों पर अधिक ध्यान दे। शादी के बाद लड़की का घर ससुराल होता है न ही मायका।

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पंच यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम्॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए।

## संपादकीय

# पाकिस्तान में चुनौतियां

पड़ोसी देश पाकिस्तान की राजनीति में दो पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी दलों ने गठबंधन सरकार बनाने की घोषणा की है। पाकिस्तान में 2024 चुनाव के नतीजे राजनीति में अस्थिरता के साथ आर्थिक परेशानी और आतंकवाद बढ़ाने की ओर इशारा कर रहे थे। परमाणु-सशस्त्र राष्ट्र में सरकार बनाने में देरी चिंता का कारण बन रही थी। क्योंकि पाकिस्तान में धीमी वृद्धि और रिकॉर्ड मुद्रास्फीति, बढ़ती आतंकवादी हिंसा के बीच निर्णय लेने के लिए अधिकार संपन्न के साथ एक स्थिर प्रशासन की आवश्यकता हमेशा रही है। आखिरकार पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच गठन को लेकर जारी बातचीत आखिरकार रंग लाई और दोनों दलों के बीच नई गठबंधन सरकार बनाने को लेकर समझौता हो गया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ (72) प्रधानमंत्री पद संभालेंगे, वहीं पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी (68) दूसरी बार देश के राष्ट्रपति बनेंगे। पीएमएल-एन 79 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है और पीपीपी 54 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है। कहा जा रहा है 8 फरवरी को घोषित चुनाव परिणामों के बाद पाकिस्तान जिस राजनीतिक गतिरोध का सामना कर रहा था, उन पर फिलहाल विराम लगा है।

हालांकि देश में बनने वाली नई सरकार को गंभीर आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ेगा, जिसमें देश का खराब आर्थिक विकास, महंगाई, बेरोजगारी के साथ-साथ एक बड़ी चुनौती है। देश का आंतरिक और बाह्य कर्ज का बोझ है, जो पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ गया है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी आर्थिक चुनौती उसके विदेशी मुद्रा भंडार में आई कमी है। 2023 की शुरुआत में उसका विदेशी मुद्रा भंडार ऐतिहासिक रूप से गिरकर केवल 3.19 अरब डॉलर रह गया था। ये रकम केवल दो सप्ताह के लिए पाकिस्तान के आयात का बिल अदा कर सकने लायक़ थी और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा सुझाए गए न्यूनतम तीन महीने के भंडार के भी नीचे चली गई थी। पाकिस्तान द्वारा लिए गए तमाम क़र्ज़ों में से 73 अरब डॉलर को 2025 तक चुकाने की चुनौती से ये नाजुक हालात और भी बिगड़ गए। पाकिस्तान पर लदे कर्ज के बोझ में से ज्यादातर हिस्सा चीन और सऊदी अरब का है। पिछले 60 वर्षों के दौरान पाकिस्तान, खुद को संकट से उबारने के लिए आईएमएफ से 22 बार मदद की गुहार लगा चुका है। अब देखना होगा कि सरकार किस तरह सबसे बड़ी चुनौती से निपटती है। अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि गठबंधन सरकार, अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए कठिन निर्णय लेने में अन्य सहयोगी दलों का समर्थन जुटा पाएगी या नहीं।

# सबसे बड़ा मुद्दा बन गया राज्य बहाली का दर्जा



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य बहाली की सबसे बड़ी मांग 18 वीं लोकसभा में कानून बनाकर पूरे होने की उम्मीद के मद्देनजर लद्दाख के लोगों को अपने हालात साफ तौर पर समझ आ रहे हैं। वे ऐसा केंद्र शासित प्रदेश चाहते थे जिसकी अपनी विधायिका हो और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कानून बनाए जाएं।

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में जनप्रतिनिधियों और जनता की जब-तब की जाने वाली राज्य के दर्जे की मांग लद्दाख में भी मुद्दा बन गई है। एक महीने से ज्यादा समय से लेह और कारगिल के लोग खुद को छठी अनुसूची में शामिल करते हुए विशेष दर्जे के की मांग के साथ अपनी विधानसभा, लोकसभा सीटें दो करने और पृथक लोकसेवा आयोग के लिए आंदोलित हैं। लद्दाख अपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के प्रतिनिधियों ने 19 फरवरी को दिल्ली में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय से इस बारे में बैठकर बात की। इस बावत दोनों पक्ष कुछ बता नहीं रहे है, लेकिन विचार-विमर्श आगे भी जारी रहना तय हो गया है।

लोकसभा चुनाव से पहले किसी भी मांग पर फैसला होने के आसार नहीं हैं। दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में छह लोकसभा सीटें हैं और राज्य बहाली की मांग चुनाव पर असर डालेगी। हालांकि केंद्र में सरकार बनने-बिगड़ने पर इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा फिर भी अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और कूटनीति अछूती नहीं रहेगी। 2014 से जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव नहीं हुए है, वहीं लद्दाख में विधानसभा खत्म ही कर दी गई है। पांच अगस्त 2019 से पहले जम्मू-कश्मीर स्वायत्तशासी और पूर्ण राज्य था और लद्दाख इसका हिस्सा था।

विपक्ष से जुड़े जनप्रतिनिधियों के लिए केंद्र शासित प्रदेशों को फिर से राज्य बनाने की मांग महज चुनावी मुद्दा नहीं है। संस्कृति की रक्षा के साथ जमीन और रोजगार का हक पूर्ववत (अनुच्छेद-370 समाप्त होने से पहले) रहने की भावना भी इससे जुड़ी है। लद्दाख के लोग नवंबर 2022 में भी अपनी मांगें मनवाने के लिए दिल्ली में धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। गौरतलब है कि लेह के बौद्ध लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिलाने के लिए 30 साल तक आंदोलन कर चुके हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर में भाजपा के अलावा अन्य सभी दल राज्य के दर्जा हासिल करने के लिए किसी ने किसी रूप में एकजुटता जताते रहते हैं। जनता के बीच राज्य के मुद्दे पर जद्दोजहद नहीं है। साफ मांग भाजपा के लिए बड़ी चुनावी चुनौती है। जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली का आश्वासन अनुच्छेद-370 हटाने के तुरंत बाद से लगातार दिया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कहते रहे हैं कि विधानसभा चुनाव के बाद राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा।

**छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि, रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। सांसद नामग्याल ने दिसंबर 2021 में इसकी मांग की थी। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग है।**

अनुच्छेद-370 हटाने को जायज ठहराते हुए सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के थोड़े समय बाद पूर्व प्रशासनिक अधिकारी आरके माथुर के बाद लद्दाख में पूर्व सेनाधिकारी बीडी मिश्र को जिम्मेदारी सौंपना हो या फिर नौकरशाह गिरीश चंद्र मुर्मू के हाथ से कमान लेकर राजनीतिज्ञ मनोज सिन्हा को दिया जाना रणनीतिक पहल रहा है। इसके अलावा सियासी समीकरण साधने के लिए केंद्र सरकार समय-समय पर कदम उठाती रही है। स्थानीय निकाय चुनाव में अति पिछड़ों और विधानसभा में और पहाड़ी समुदाय को अनुसूचित जातियों में आरक्षण देना भी इसी का हिस्सा है। चूंकि लद्दाख में विधानसभा नहीं है, इसलिए राजनीतिक दृष्टि से उसकी चिंता नहीं की जाती है। तीन फरवरी को लद्दाख में बड़ा प्रदर्शन तब हुआ था, जब 16 जनवरी को केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपे गए मांग पत्र पर ध्यान नहीं दिया गया था। इस पर लद्दाख के भाजपा सांसद जामयांगा त्सेरिंग नामग्याल, भाजपा के ही पूर्व सांसद थुपस्तान छेवांग और शिक्षा व पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के कड़े रूख अपनाए जाने के बाद दिल्ली में वार्ता की सहमति बनी। कश्मीर में आतंकवाद बढ़ने पर केंद्र सरकार ने जितने भी वार्ताकार नियुक्त किए, उनका कार्यक्षेत्र मुख्यतः कश्मीर ही रहा। एनएन वोहरा को जब केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर 'मिशन कश्मीर' में लगाया गया तो उन्होंने जम्मू को इसमें शामिल कर लिया था, लेकिन शांतपूर्ण-अपराधमुक्त और पर्यटन के लिए विख्यात लद्दाख को नजरअंदाज कर दिया।

वोहरा 2003 में वार्ताकार बनाए गए और 2008 में राज्यपाल नियुक्त किया गया था। तिब्बत, चीन और पाकिस्तान से घिरे सामरिक महत्व के लद्दाख के लोग पूरी शिद्दत से चाहते हैं कि उन्हें पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। जब तक यह संभव न हो, संविधान की छठी अनुसूची के तहत उनके हित सुरक्षित किए जाएं। दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजन के समय लद्दाख के लोग बहुत खुश थे। कारण, कश्मीरी हुक्मरानों से आजादी की उनकी मांग पूरी हो गई थी। खुशी के आलम में उन्होंने यह सोचना भी मुनासिब नहीं समझा कि दिल्ली ने उन्हें विधानसभा न देकर नौकरशाहों की नीतियों और नीयत पर छोड़ दिया है। पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर की 87 सदस्यीय विधानसभा में लद्दाख के दो जिले लेह और कारगिल से चार विधायक चुने जाते थे। सरकार किसी भी पार्टी की हो, एक मंत्री अनिवार्य तौर पर रहता था। यहां के लोगों के हक-हकूक के लिए नए सिरे से एकजुट होने से नहीं लगता कि ये सिलसिला कुछ हासिल किए बिना खत्म होगा।

पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के कार्यकाल में लद्दाख को अलग मंडल बनाया गया था। इससे पहले लेह और कारगिल के लोगों को श्रीनगर के चक्कर काटने पड़ते थे। यही नहीं, पहली बार हुए आंदोलन के बीच केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के मनाली और लद्दाख के कारगिल को जोड़ने वाली शिंकूला सुरंग के निर्माण की मंजूरी दी। अभी तक हिमाचल प्रदेश से अटल टनल के जरिए ही लद्दाख पहुंचा जा सकता है। श्रीनगर-लेह के बीच जोजिला पर भी सुरंग बनाई जा रही है। छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि, रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। सांसद नामग्याल ने दिसंबर 2021 में इसकी मांग की थी। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग है। 5,40,493 आबादी वाले सिक्किम में 32 सीटें हैं। लद्दाख की जनसंख्या सवा तीन लाख है। आंदोलनकारी चाहते हैं कि क्षेत्र में सरकारी नौकरियों में सिर्फ लद्दाख के युवाओं को ही नियुक्ति देने के अलावा लद्दाख के अलावा लेह और कारगिल को अलग-अलग संसदीय सीट बनाना भी उनकी मांग है। बीते दिनों उन्होंने संसदीय सीटों की मांग को विस्तार देते हुए गिलगित-बाल्टिस्तान को भारत में शामिल कर लोकसभा की सीटें दो करने का सुझाव दिया है। 2019 में लद्दाख में बौद्ध अनुयायी 45.87 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 47 फीसदी थी। बौद्धों की बहुतायत लेह में है, जबकि कारगिल में शिया मुस्लिम ज्यादा हैं। संभावना है कि आने वाले दिनों में लेह और कारगिल के अलावा नुब्रा और जांस्कार को भी जिला बनाया जा सकता है। नुब्रा और जांस्कार पहले विधानसभा सीटें थीं।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य बहाली की सबसे बड़ी मांग 18 वीं लोकसभा में कानून बनाकर पूरे होने की उम्मीद के मद्देनजर लद्दाख के लोगों को अपने हालात साफ तौर पर समझ आ रहे हैं। वे ऐसा केंद्र शासित प्रदेश चाहते थे जिसकी अपनी विधायिका हो और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कानून बनाए जाएं। इस बीच लद्दाख की लगातार लड़ाई ने जम्मू-कश्मीर के अवाम को ही नहीं, नेताओं को भी अहसास करा दिया है कि राज्य के अपने अधिकार के प्रति उनकी थोड़ी सी अनदेखी वर्षों तक उनके वजूद को बदनीयती के दायरे में ले आएगा। बुनियाद की मजबूती के लिए वोट भी बड़ा हथियार है। लग रहा है कि चुनाव में मतदाता सबसे पहले अपनी मंशा पर ही मुहर लगाएंगे।

## प्रसंगवश

# न अदालत की परवाह और न ही जनता की चिंता

20 फरवरी को पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय ने धरना-प्रदर्शन को नागरिक का अधिकार तो कहा, लेकिन ट्रेक्टर लेकर राजमार्ग पर आने को गलत बताया। इसके बावजूद 21 फरवरी को हरियाणा-पंजाब की सीमाओं पर कई जगह किसानों के मोर्चे हजारों ट्रकों के साथ लगे थे।

हालांकि किसानों का धरना दिल्ली से कोई 247 किलोमीटर दूर हरियाणा-पंजाब की सीमा पर है, लेकिन पिछले कड़वे अनुभवों से सीख लेकर सरकार ने दिल्ली की जो किलेबंदी की है, उससे आम लोग बहुत परेशान हैं। हर दिन दफ्तर जाने वाले हों या रेल, हवाई जहाज से यात्रा करने वाले या बोर्ड के इम्तहान के लिए जा रहे बच्चे या अस्पताल जा रहे बीमार, तीमारदार एहतीयतन उठाए गए कदमों से सड़कों पर लग रहे जाम ने आवागमन का समय और परेशानी दोनों बढ़ा दी है। हालांकि भारत के कानून में दर्ज की ऐसे प्रावधान हैं जिनके अंतर्गत सड़क या रेल को रोकना दंडनीय अपराध है, लेकिन भीड़ को किसी कानून की परवाह होती ही कहां है। हाल ही में देश भर की सड़कों, राज्यों के राजमार्ग को लंबे समय तक धरना प्रदर्शन या किसी अन्य तरीकों से बाधित किए जाने की घटना से निपटने के लिए विधि आयोग ने केंद्र सरकार के समुचित कानून बनाने की सिफारिश की है। समझना होगा कि परिवहन और संचार में किसी भी तरह का व्यवधान देश की विकास गति में अवरोध होता है।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

आयोग ने केंद्र सरकार को भेजी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सड़कों को बाधित करने वालों से निपटने के लिए समुचित कानून या फिर भारतीय दंड विधान या हाल ही में बनाए गए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में संशोधन करके प्रावधान करने की जरूरत है। विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ऋतु राज अवस्थी की अगुवाई वाली समिति ने अपनी 284 वीं रिपोर्ट में सरकार से कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों को बाधित किया जाता है तो इससे निपटने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 है और रेलवे लाइनों को बाधित करने पर रेलवे अधिनियम 1989 है और इसमें दंडात्मक प्रावधान पहले से है, लेकिन समय की मांग है कि ऐसे कानून और कड़े बनाए जाएं। लोकतंत्र में निर्णय जनता के हाथों होता है। इसका यह मतलब कतई नहीं है कि लोकतंत्र जनता के हाथों में खेलता है। चुनाव वह समय होता है जब जनता अपनी अपेक्षाओं पर खरा न उतरने वालों को कुर्सी से नीचे उतार फेंकती है, लेकिन आज हालात तो अराजकता की ओर इशारा कर रहे हैं। अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए सड़क पर आ जाओ, जाम कर दो, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाओ, प्रशासन तंत्र को बंधक बनाओ।

सरकारी आंकड़े गवाह हैं कि हमारे देश में हर साल सड़कों पर हंगामें की 56 हजार छोटी-बड़ी घटनाएं होती हैं। इनकी चपेट में आकर कोई पचास हजार वाहन बर्बाद हो जाते हैं जिनमें 10 हजार बस या ट्रक होते हैं। इस प्रकार के रोज-रोज के बंद, धरने, प्रदर्शन, जाम से आम आदमी आजिज आ चुका है। इन अराजकताओं के कारण समय पर इलाज न मिल पाने के कारण मौत होने, परीक्षा छूट जाने, नौकरी का इंटरव्यू न दे पाने जैसे किस्से अब आम हो चुके हैं और सरकार इतने गंभीर विषय पर संवेदनहीन बनी हुई है।

पुलिस का काम कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस का काम सुचारु यातायात बनाए रखना है, लेकिन जब पच्चीस, पचास लोग नारे लगाते हुए चौराहों पर लेट जाते हैं तो पुलिस मूक दर्शक बनी रहती है, इंतजार करती है, लंबे ट्रैफिक जाम का या फिर स्थिति बिगड़ने का और उसके बाद अपनी चरम कार्यवाही यानी बल प्रयोग पर उतारू हो जाती है। साफ दिखता है कि पुलिस का प्रशिक्षण ऐसे हालातों से निपटने के नाम पर शून्य है। अब समय आ गया है कि विधि आयोग की सिफारिशों के अनुरूप नई बन रही भारतीय न्याय संहिता में देश के विकास में व्यवधान बनी ऐसी हरकतों को सख्ती से रोकने के लिए प्रावधान किए जाएं और इसमें संबंधित अधिकारियों को अधिक जिम्मेदार बनाया जाए। इस तरह की हरकतों में शामिल राजनेताओं पर भी कुछ पाबंदियां हों।

# भू-माफिया कीट चट कर रहे खेती की जमीन



असलम कोहरा
वरिष्ठ पत्रकार, रुद्रपुर

**नाबार्ड की मानें तो मौजूदा वक्त में देश के आधे से अधिक किसान 21 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबे हैं, यानी एक किसान पर 1.35 करोड़ रुपये का कर्ज है।**

मौजूदा वक्त में उपजाऊ कृषि भूमि के रकबे का घटते जाना बढ़ती आबादी के लिए खाद्य आपूर्ति के मार्ग में खतरे की घंटी है। पिछले साल के मुकाबले में इस साल सरकारी भंडार में 1.38 करोड़ कम गेहूं हैं। यही नहीं 2023-24 में गेहूं का उत्पादन 10.64 करोड़ टन कम रहने का अनुमान है। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के मुताबिक गेहूं बुआई के रकबे में पिछले साल के मुकाबले 4.7 लाख हेक्टेयर की गिरावट आई है। पिछले साल 91.02 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस साल घटकर 86.02 लाख हेक्टेयर रह गया है। पानी की कमी के कारण किसानों ने गेहूं की खेती कम कर दी है। केवल गेहूं का ही नहीं, धान और दालों की बुवाई का भी रकबा कम हुआ है। चिंता की बात यह भी है कि जनसंख्या के मुकाबले में खाद्यान्न उत्पादन की वृद्धि दर कम है।

आजादी के बाद देश की जनता को भरपेट भोजन मुहैय्या कराने की ज्वलंत चुनौती थी। देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाने की चुनौती को स्वीकारते हुए महान कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन ने 1960 में हरित क्रांति नारा दिया। इसका आगाज तत्कालीन उत्तर प्रदेश (वर्तमान में उत्तराखंड) के नैनीताल जिले (वर्तमान में उधम सिंह नगर) के तराई भूभाग में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के रूप में हुआ। इसके साथ ही बांध बनाए गए, उत्तम गुणवत्ता के बीच एवं उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई और बीज निगमों की स्थापना की गई। इन बहुआयामी प्रयासों से न केवल देश खाद्य आपूर्ति में आत्मनिर्भर बन गया, बल्कि दूसरे देशों को निर्यात करने की स्थिति में आ गया। 1991 में नई आर्थिक नीतियां लागू होने के बाद औद्योगिक क्रांति ने कृषि क्रांति को निगलना शुरू कर दिया। भू माफियाओं एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अंधाधुंध कमाई चक्कर में खादों के असंतुलित प्रयोग एवं अन्य माध्यमों से जमीन, पानी और हवा को प्रदूषित करने के साथ ही उपजाऊ कृषि भूमि की प्लॉटिंग कर भूखंड और कुकुरमुत्तों की तरह आवासीय कॉलोनियां उगाकर करोड़ों की धंधेबाजी शुरू कर दी। उधर पारिवारिक बंटवारे के बाद छोटी होती जोतों, कर्ज और खेती में घाटे के दबाव में आत्महत्या का ग्राफ बढ़ने लगा।

इससे मुक्ति पाने के लिए विवश होकर किसान भूमाफियाओं को खेत बेचने लगे। वर्तमान में पूरे देश में कॉलोनाइजर्स द्वारा बनाई जा रही कॉलोनियां हर साल हजारों हेक्टेयर कृषि उपजाऊ भूमि लीलती जा रही है। शायद ही कोई प्रांत, कोई शहर और कोई गांव इस त्रासदी से अछूता हो। इस संबंध में एक लचर दलील यह दी जाती है कि भूमि की खरीद-फरोख्त से रेवेन्यू जेनेरेट होता है। सवाल है, क्या खाद्यान्न के स्थान पर नोट खाए जा सकते हैं? विकास तो होना ही चाहिए, लेकिन खेती भी बचना चाहिए। आवासों, कारखानों एवं सड़कों के लिए उपजाऊ कृषि भूमि के बजाए बंजर भूमि को उपयोग में लाया जा सकता है। भला हो वैज्ञानिकों एवं किसानों का जोकि अपने शोध एवं तकनीकों और परिश्रम से बढ़ती आबादी का पेट भर रहे हैं, लेकिन आखिर कब तक? कृषि उपज पर अब चौतरफा मार पड़ने के संकेत मिलने लगे हैं। स्थिति ये है कि एक ओर दिनोंदिन खेती की जमीन सिकुड़ती रही है और उधर आबादी थमने का नाम नहीं ले रही। 2015 में 60.43 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि का रकबा आज घट कर 51.43 प्रतिशत रह गया है और जो कृषि भूमि बची भी है, उसकी उपजाऊ शक्ति कम होती जा रही है, साथ ही बहुरुपिए मौसम की धोखेबाजी भी एक बड़े दुश्मन के रूप में सामने आ रही है और प्रदूषण की मार अलग से है।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की मानें तो मौजूदा वक्त में देश के आधे से अधिक किसान 21 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबे हैं, यानी एक किसान पर 1.35 करोड़ रुपये का कर्ज है। नेशनल सैंपल सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक एक किसान परिवार को खेती से केवल 3798 रुपये मासिक आय होती है। बहुत कम आमदनी होने के कारण लोग खेती ही नहीं, वरन् रोजगार के लिए गांव भी छोड़ रहे हैं। 1962 में गांवों में जो आबादी 82 प्रतिशत थी, आज घटकर 64 प्रतिशत रह गई है। कृषि पर निर्भर रहने वालों का प्रतिशत 70 से घटकर 47 रह गया है। नतीजतन जीडीपी में भी कृषि का योगदान आजादी के समय के 50 प्रतिशत से घटकर मात्र 15 प्रतिशत रह गया है। उनकी जमीनों पर भूमाफियाओं एवं भवन निर्माण व्यक्तियों एवं कंपनियों का कब्जा होता जा रहा है। ऐसे में अगर उपजाऊ कृषि भूमि यूं ही इनकी भेंट चढ़ती रही तो वह दिन दूर नहीं कि फिर से देश की जनता का पेट भरने के लिए दूसरे देशों की मोहताजी पर निर्भर रहना पड़ सकता है। सरकार को इस समस्या पर गंभीरता से मंथन करना होगा।

## सोशल फोरम

# गुलजार और ज्ञानपीठ

आदमी परंपरा से ग्रहण करता है और उसमें अपनी तरफ से कुछ जोड़ता भी है, जो वह जोड़ता है, वह उसकी देन है। इसकी कद्र होनी चाहिए। मिसाल हैं शेक्सपियर, जिन्होंने अपनी सारी कहानियां अपने पूर्ववर्ती रचनाकारों से लीं, लेकिन उन कहानियों के माध्यम से मानव मनोविज्ञान का और जीवन तथा जगत की समस्याओं का इतना गहन और सम्यक विश्लेषण किया कि वे आज अंग्रेजी साहित्य के, बल्कि विश्व साहित्य के, महानतम नाटककार के रूप में समादृत हैं।



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इसी तरह से, वाल्मीकि ने अपनी रामायण लिखी, बाद में इस रामायण को और राम कथा को आधार बनाकर दर्जनों कृतियों की रचना हुई और उन सभी कृतियों का अपने आप में महत्व है। इधर चर्चा चल पड़ी है कि गुलजार ने अपने बहुतेरे गीतों की पंक्तियों को यहां वहां से लिया है, (कुछ लोगों के अनुसार 'चुराया' है)। दूसरे लेखकों के विचारों या पंक्तियों को अपनी रचना में स्थान देना या प्रयोग करना एक सुनियोजित सिद्धांत और सोच के चलते भी होता है। इसमें कोई बुरी बात भी नहीं है। असली बात यह देखना है कि रचनाकार ने अपनी तरफ से इसमें क्या जोड़ा? गुलजार ने अगर अपनी रचनाओं में यहां वहां से पंक्तियां ली हैं तो यह साहित्यिक रचना-प्रक्रिया का स्वाभाविक अंग माना जाना चाहिए, न कि इसे नकल या चोरी कहना चाहिए। इस तरह की बातें उनके ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने के बाद ही इधर शुरू हुई हैं, पहले मैंने कभी नहीं सुना। भाजपा की नीतियों के प्रति अपनी असहमति और विरोध को किसी सम्मानित लेखक के खिलाफ ले जाना कहां तक वांछित है।

चर्चा को यही तक सीमित रख रहा हूं, क्योंकि गुलजार को मैंने लगभग नहीं के बराबर पढ़ा है। विशेष परिचय तो उनको पढ़ने वाले ही दे सकते हैं। बॉब डायलन को अगर नोबेल प्राइज मिल सकता है तो गुलजार को ज्ञानपीठ क्यों नहीं? वैसे भी चुनावों का मौसम है। इस साल इतने सारे भारत रत्न पैदा हुए हैं तो बहुत सारे ज्ञानपीठ लेखक भी पैदा हो सकते हैं। कौन जाने दो चार दिन बाद कुछ और लोगों के नाम घोषित हो जाए। शैलेंद्र और साहिर दो इसके सबसे बड़े हकदार हैं।

-फेसबुक वॉल से

# क्या थे वे दिन, गीतमाला वाले

उन दिनों अमूमन अखबारों के दफ्तर में देर शाम फोन की घंटी बजती थी (तब मोबाइल नहीं जन्मा था), तो अंदेशा होता था कि 'कुछ तो हुआ होग'। मसलन ताशकंद में लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु (तड़के तीन बजे), जान कैनेडी की हत्या (आधी रात), याहया खान द्वारा भारतीय वायुसेना स्थलों पर बांग्लादेश युद्ध पर प्रथम रात वाला हवाई हमला, इत्यादि।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

उस रात (दिसंबर, 1966) दफ्तर में अचानक फोन की घंटी बजी। तीसरी मंजिल के रिपोर्टर कक्ष में बैठा, मैंने फोन उठाया। कोई पूछ रहा था : 'सिटी डायरी' के लिए फलां कार्यक्रम भेजा था छाप दीजिएगा'। खोजकर मैंने उन्हें बताया कि आइटम दे दिया है। उधर से वह व्यक्ति अपना नाम बताने ही वाला था कि बीच में मैंने टोका। कह दिया : 'आपको कौन नहीं पहचानता? आपकी आवाज ही आपकी पहचान है'। वे थे अमीन सयानी। उनकी दिलकश वाणी सुनकर ही मेरी स्कूली पीढ़ी वयस्क हुई थी। तभी रेडियो सीलोन पर बिनाका गीतमाला शुरू हो गई थी। बुधवार की शाम हुई कि आठ बजते-बजते रेडियो से सभी कान सटाकर बैठते थे। 'भाइयों और बहनों,' अमीन सयानी...।' उनकी उद्घोषणा का अंदाज भी निराला था। मानो श्रोता के सामने बैठकर संवाद कर रहे हों। बीन बजा रहे हों! एकदा बॉलीवुड में किस्मत आजमाने से पहले अमिताभ बच्चन रेडियो उद्घोषक बनना चाहते थे। इसके लिए वह 'ऑल इंडिया रेडियो' के मुंबई के स्टूडियो में अमीन सयानी के पास ऑडिशन देने भी गए थे। तब अमिताभ से मिलने का समय उनके पास नहीं था, क्योंकि इस युवक ने अमीन सयानी जी से वॉयस ऑडिशन के लिए पहले से समय नहीं लिया था। अमीन सयानी को याद कभी हुआ कि 'जब मैं एक हफ्ते में 20 कार्यक्रम करता था तो हर दिन मेरा अधिकतर समय साउंड स्टूडियो में गुजरता था। मैं रेडियो प्रोग्रामिंग की हर प्रक्रिया में शामिल रहता था।'

सयानी याद करते हैं कि एक दिन अमिताभ बच्चन नाम का एक युवक बिना समय लिए वॉयस ऑडिशन देने आया। मेरे पास उस पतले-दुबले व्यक्ति के लिए बिल्कुल समय नहीं था। उसने इंतजार किया और लौट गया। इसके बाद भी वह कई बार आया, लेकिन मैं उससे नहीं मिल पाया और रिसेप्शनिस्ट के माध्यम से यह कहता रहा कि वह पहले समय लें, फिर आएं।' हालांकि 1970 के दशक में निजी टीवी चैनलों के आने और फिल्मी गीतों की गुणवत्ता में लगातार गिरावट के कारण गीतमाला ने अपनी चमक खोनी शुरू कर दी थी। विविध भारती की जो चमक रही है, उसमें भी अमीन सयानी को ही श्रेय देना चाहिए। आकाशवाणी के संचालक समझ गए कि फिल्मी गीत धनोपार्जन का अजेय स्रोत हैं। उसे परिमार्जित कर चलाया गया। आज वह शीर्ष पर है।

# अब संकल्प दिवस की आस

पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को भारत रत्न देने के बाद संसदीय संकल्प पूरा होने की आस बढ़ गई है। भारत की जम्मू-कश्मीर और लद्दाख नीति के संदर्भ में भारतीय संसद द्वारा 22 फरवरी 1994 को पारित प्रस्ताव एक महत्वपूर्ण एवं आवश्यक दस्तावेज है।



अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

इसके अनुसार पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का अटूट अंग है। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोड़ना होगा, जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है। सदन का मानना है कि पाकिस्तान की तरफ से आतंकियों को हथियारों और धन की आपूर्ति के साथ-साथ आतंकियों को भारत में घुसपैठ करने में मदद दी जा रही है। सदन भारत की जनता की ओर से घोषणा करता है कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत अपने इस भाग के विलय का हर संभव प्रयास करेगा। भारत में इस बात की पर्याप्त क्षमता और संकल्प है कि वह उन नापाक इरादों का मुंहतोड़ जवाब दे, जो देश की एकता, प्रभुसत्ता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ हो और मांग करता है कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के उन इलाकों को खाली करे, जिसे उसने कब्जाया हुआ है। 22 फरवरी के संकल्प की भारतीय संसद को आवश्यकता क्यों पड़ी, इसके लिए पाकिस्तान अधिक्रांत भूभाग की स्थिति को समझना आवश्यक है। पाक अधिकृत भूभाग के लोग बार-बार अपने साथ उत्पीड़न की घटनाओं को विभिन्न माध्यमों से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष रखते रहे थे। पाकिस्तान की सेना पश्चिमी ताकतों के इशारे पर वहां के खनिज और प्राकृतिक संपदा का निरंतर दोहन कर रही है। वहां न सिर्फ भौगोलिक स्थिति से छेड़छाड़ की जा रही है, बल्कि सामाजिक संरचना को भी अस्त व्यस्त किया जा रहा है। यदि इतिहास में लौटें तो द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद कमजोर हो चुके ब्रिटिश अब ज्यादा समय भारत को अपने आधीन रखने की स्थिति में नहीं थे। ब्रिटेन के साथ उसका सहयोगी अमेरिका अपनी जर्जर हो चुकी आर्थिक व्यवस्था के बीच एशिया में ऐसे ठिकानों की तलाश में थे, जहां से वह अपने दुश्मन सोवियत संघ और चीन पर काबू रख सकें। जम्मू कश्मीर भूभाग उनकी इन दोनों जरूरतों पर खरा उतरता था। तत्कालीन परिस्थिति, षड्यंत्रकारी ब्रिटिश सोच और अमेरिका के आर्थिक हितों के बीच पाकिस्तान उन्हें एक मोहरे की तरह मिल गया। यदि समग्रता के साथ देखें 1947 में इस भारतीय भूभाग का ब्रिटिश और अमेरिका द्वारा तत्कालीन सोवियत संघ और चीन को नियंत्रित करने के लिए विवाद बताकर इसका अंतर्राष्ट्रीयकरण किया गया, अब वर्तमान में चीन और पाकिस्तान मिलकर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस भारतीय क्षेत्र का दोहन कर रहे हैं।

एक नजर

### 24 को मनेगी विवेकानंद सरस्वती की जयंती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अध्यात्म विद्यापीठ नैमिषारण्य के पूर्व संचालक एवं ब्रह्मलीन जगदाचार्य स्वामी विवेकानंद सरस्वती महाराज की जयंती 24 फरवरी को लाल बाग स्थित स्वामी नारदानंद ऋषि आश्रम में मनाई जाएगी। संयोजक आरए शर्मा ने बताया आश्रम में 24 फरवरी की सुबह सुंदरकांड का पाठ होगा। भजन और सद्गुरु की महिमा से अवगत कराया जाएगा। अंत में भंडारा होगा।

### अटल स्कूल में प्रवेश तिथि बढ़ी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश लेने के इच्छुक श्रमिक परिवारों के बच्चों के आवेदन करने की अंतिम तारीख बढ़ाकर पांच मार्च कर दी गई है। मंडल के अटल विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार महतो ने बताया कि आवेदन श्रम विभाग के कार्यालय में जमा होंगे। प्रवेश परीक्षा 14 मार्च को होगी।

# उरमू का पीडब्ल्यूआई इंचार्ज कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

आरोप

- ट्रैकमैनों के मानसिक एवं आर्थिक शोषण करने का आरोप लगाया

**अमृत विचारः** कार्य स्थल की सेवाओं और रेल पथ निरीक्षक के व्यवहार को मुद्दा बनाते हुए उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के सदस्यों ने बुधवार को प्रदर्शन किया। रेल प्रबंधन से मामले पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की और दोहराया कि अगर इस तरह के मामले बढ़ेंगे तो संगठन बड़े आंदोलन का ऐलान कर देगा। उरमू के सदस्यों ने भोजनावकाश (लंच आवर) के दौरान सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्यालय के बाहर नारेबाजी की।

सांकेतिक सभा में संगठन के मंडल मंत्री शलभ सिंह ने कहा कि सभी जानते हैं कि इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत ट्रैकमैनों का रेल संचालन में अहम योगदान रहता है। उन्हें सबसे अधिक शारीरिक परिश्रम भी करना रहता है। ऐसे में अधिकारियों द्वारा शोषण बेहद निंदनीय है। आरोप लगाया कि रेल पथ निरीक्षक इंचार्ज द्वारा लगातार ट्रैकमैनों का मानसिक व आर्थिक शोषण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मामले को ध्यान में रखते हुए संगठन द्वारा मोर्चा खोल दिया गया है। इसीलिए पीडब्ल्यूआई इंचार्ज के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन एवं नारेबाजी की गई। यह आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। प्रदर्शन में संगठन के आकाश कुमार, शेखर ठाकुर, संजय कुमार, धर्मवीर, पीके भटनागर, अमित यादव, संतोष यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




यह तस्वीर मुरादाबाद के बुध बाजार क्षेत्र की है। जहां देखा जा सकता है कि अतिक्रमण को ध्वस्त करने के लिए कितनी सुस्ती दिखाई जा रही है। इस भवन को तोड़ने के लिए एक महीने से भी ज्यादा का समय बीत गया है, लेकिन फिर भी अभी तक अतिक्रमण को ध्वस्त नहीं किया जा सका। वहीं दूसरी ओर सड़क निर्माण के लिए पुरानी सड़क को तोड़ा जा रहा है। जिस कारण वहां जाम व धूल की समस्या पूरे दिन रहती है। जिसके कारण दुकानदार व राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अब देखना यह है कि विभाग इस काम को कितने समय में पूरा करता है। ● अमृत विचार

# अस्पताल में भर्ती संभल सांसद से मिले अखिलेश, जाना हाल

## पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के पहुंचने पर निजी अस्पताल के अंदर और बाहर सुरक्षा कर्मियों की सख्ती से नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को मुरादाबाद में संभल के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के स्वास्थ्य का हाल जानने कांठ रोड स्थित निजी हास्पिटल पहुंचे। यहां उनसे संभल सांसद के पौत्र और कुंदरकी के विधायक जियाउर रहमान बर्क ने हास्पिटल के गेट पर ही मुलाकात की।

इसके बाद अखिलेश यादव उनके साथ अस्पताल के आईसीयू में भर्ती सांसद शफीकुर्रहमान बर्क से मिलने पहुंचे। आईसीयू में करीब 15 मिनट तक वह अंदर रहे। इसके बाद हाल में चिकित्सकों व संभल सांसद के परिवार वालों से बातचीत की। सांसद का इलाज कर रहे चिकित्सकों से बातचीत कर उनके सेहत की बारे में विस्तार से जानकारी ली। सांसद के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ स्थानीय सपा सांसद डॉ. एसटी हसन के अलावा पार्टी के जिलाध्यक्ष डीपी यादव, विधायक कांठ कमाल अख्तर, मुरादाबाद ग्रामीण विधायक नासिर कुरैशी, बिलारी के विधायक मोहम्मद फहीम आदि भी मौजूद रहे। यहां से उनका काफिला वापस सर्किट हाउस के लिए रवाना हुआ।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को देखते हुए हास्पिटल के अंदर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। मुख्य प्रवेश द्वार से किसी को भी बिना अनुमति अंदर आने से रोका गया। इसको लेकर कई मरीजों व उनके परिजनों को परेशानी हुई। यहां तक की सुरक्षा कर्मियों ने पार्टी के पदाधिकारियों को भी नहीं बख्शा। उन्हें भी रोकने पर तू-तू मैं-मैं हुई। इसके पहले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दोपहर में ठाकुरद्वारा विधायक नवाब जान के बेटे की पिछले दिनों हुई शादी के बाद वलीमा में आने का कार्यक्रम रद होने के बाद बुधवार को उनके आवास पर पहुंचे और वर-वधू को आशीर्वाद दिया। वहां से लौटकर सर्किट हाउस में बने हेलीपैड पर पहुंचे। यहां भी सर्किट हाउस के गेट पर सपा के पदाधिकारियों को गेट पर रोकने के चलते सुरक्षा कर्मियों से नोकझोंक हुई। पुलिस कर्मियों ने यह कहकर सर्किट हाउस के गेट पर पार्टी के नेताओं व मीडिया कर्मियों को रोक दिया कि जिसका नाम जिलाध्यक्ष ने अंदर आने के लिए दिया है केवल उसे ही आने दिया जाएगा और किसी को नहीं। इसके बाद नाराज पार्टी के कई पदाधिकारी सर्किट हाउस में धरने पर बैठ गए। पुलिस कर्मियों और पार्टी के जिलाध्यक्ष डीपी यादव के खिलाफ नारेबाजी की।



कांठ रोड स्थित नर्सिंग होम में सांसद की तबीयत के बारे में जानकारी लेते अखिलेश यादव।



ठाकुरद्वारा विधायक नवाब जान खान के घर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री। ● अमृत विचार

### एक घंटा रुके पूर्व मुख्यमंत्री

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अपने निर्धारित समय से करीब आधा घंटा विलंब से विधायक नवाब जान खान के आवास के निकट बने हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से उतरे। विधायक आवास पर उन्होंने वीआईपी गैलरी में बैठे विधायक समर्थकों से भी हाथ मिलाकर हालचाल जाना। बाद में सीधे विधायक आवास पहुंचकर बेटे और पुत्रवधू को आशीर्वाद दिया। इसके बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत करने के बाद वह कार से सीधे से हेलीपैड पहुंचे और दोपहर 1:44 बजे मुरादाबाद के लिए प्रस्थान कर गए।

### चौ. चरण सिंह के किसानों के सुधार को देखे गए सपनों को पूरा करे सरकार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन की तस्वीर बहुत जल्द साफ हो जाएगी। उन्होंने प्रदेश में आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा में धांधली को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। पूर्व मुख्यमंत्री बुधवार को सपा विधायक नवाब जान खान के पुत्र व पुत्रवधू को आशीर्वाद देने ठाकुरद्वारा पहुंचे थे। उनके आवास पर प्रेसवार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और नफरत का बोलबाला है। सरकार दिवंगत किसान नेता चौधरी चरण सिंह और डॉ. स्वामीनाथन को भारत रत्न दे रही है जो अच्छी बात है लेकिन, इससे पहले उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। चौधरी चरण सिंह के किसानों के सुधार के लिए देखे गए सपनों को पूरा करने के साथ ही स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को भी लागू करना चाहिए। जिससे किसानों को दिल्ली में जाकर धरना न देना पड़े। उन्होंने उत्तर प्रदेश कांस्टेबल परीक्षा में धांधली का जिक्र करते हुए कहा कि परीक्षा में खूब गड़बड़ी हुई है। बदायूं में धर्मेंद्र यादव का टिकट काटकर शिवपाल यादव को देने के सवाल पर बोले शिवपाल और धर्मेंद्र यादव दोनों चुनाव लड़ेंगे। इससे पूर्व कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में धांधली को लेकर युवाओं के पांच सदस्यीय डेलिगेशन ने पूर्व मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर परीक्षा में धांधली की न्यायिक जांच कराने की मांग की है।



सर्किट हाउस के बाहर धरने पर बैठे सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# सर्किट हाउस में अंदर जाने से रोकने पर सपाइयों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को सर्किट हाउस पहुंचे थे। उनके आने से पहले पुलिस द्वारा रोके जाने पर सपाइयों ने गेट पर जमकर हंगामा किया।

बुधवार दोपहर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सर्किट हाउस पहुंचे। उनके आने से पहले जिले व अन्य जिलों के सपा नेता भी सर्किट हाउस पहुंच गए। लेकिन, पुलिस ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया और बाहर गेट पर ही रोक लिया। जिस पर सपाइयों ने बाहर ही हंगामा करना शुरू कर दिया।

इस दौरान पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव फिरासत हुसैन गामा, मुकेश यादव, धर्मेंद्र यादव समेत अन्य नेताओं ने हंगामा करते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष ने जो लिस्ट बनाई उसमें कई लोगों के नाम नहीं है। इस वजह से वह लोग अंदर नहीं जा पा रहे हैं। इस दौरान सपाइयों ने जमकर हंगामा किया।

# 5000 की रिश्वत लेते दरोगा गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** सरकार की सख्ती के बाद भी सरकारी विभागों में रिश्वत मांगने का सिलसिला कम नहीं हो रहा है। आए दिन अलग-अलग विभागों में रिश्वतखोरी के मामले सामने आ रहे है। एंटी करप्शन की टीम ने सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक दरोगा को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी दरोगा शस्त्र लाइसेंस की रिपोर्ट लगाने के नाम पर पीड़ित से 20,000 रुपये की रिश्वत मांग रहा था।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र गांव विशनपुर भीमारेठ निवासी निजार खान ने शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदन कर रखा हैं। जिसकी रिपोर्ट अगवानपुर चौकी पर तैनात दरोगा महेश कुमार को लगानी थी। रिपोर्ट लगाने के लिए दरोगा महेश कुमार तीन माह से चौकी के चक्कर कटवा रहे थे। महेश कुमार ने उससे रिपोर्ट लगवाने के नाम पर 20 हजार रुपए की डिमांड की। जिसमें तय हुआ कि पांच हजार पहले और 15 हजार रिपोर्ट लगाने के बाद दिए जाएंगे। लेकिन, दरोगा को सबक सिखाने के लिए निजार खान ने उसकी शिकायत एंटी करप्शन के सीओ मोहम्मद फाजिल सिद्दीकी से की। उन्होंने जांच की तो आरोप सही पाए गए। जिसके तहत बुधवार दोपहर निजार को दरोगा महेश कुमार ने पांच हजार रुपए लेकर सिविल लाइंस थाने बुलाया। पहले से तैनात एंटी करप्शन टीम ने दरोगा महेश कुमार को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। सीओ मोहम्मद फाजिल अहमद ने बताया कि गुरुवार को एंटी करप्शन की टीम आरोपी दरोगा को बरेली स्थित कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजेगी।



एंटी करप्शन द्वारा रिश्वत लेते पकड़ा गया दरोगा (वर्दी में)। ● अमृत विचार

### दबंगों ने युवक को पीटा एफआईआर दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** गाली देने का विरोध करने पर दबंगों ने एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल युवक की मां की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना कटघर क्षेत्र के वीरशाह हजारी में रहने वाली महिला रानी पत्नी श्यामबाबू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका बेटा रोहन किसी काम से गुलाबबाड़ी गया था। रास्ते में उसे दबंग राजा सरकार व उसके दो साथियों ने रोक लिया और गाली देने लगे। रोहन ने गाली देने का विरोध किया तो दबंग राजा सरदार ने अपने दोनों साथियों के मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। मारपीट में युवक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। रोहन की मां द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राजा सरदार व उसके दो साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# एक जनपद एक उत्पाद योजना का लाभ नहीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया, देखती रही सरकार
- सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पत्रकारों से सर्किट हाउस में बातचीत की

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक हो गया और सरकार देखती रही।

पूर्व मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी है। पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होने पर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हर नौजवान कह रहा है कि पेपर लीक हुआ है।

अखिलेश यादव बुधवार को मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा से पार्टी के विधायक नवाब जान खान के ठाकुरद्वारा स्थित आवास पर पहुंचकर पुत्र व वधू को आशीर्वाद देने के बाद कांठ रोड स्थित निजी हास्पिटल में भर्ती सम्भल के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को देखने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने भाजपा पर लोकतंत्र खत्म करने का आरोप लगाया। कहा कि जनता इस बार भाजपा को सबक सिखाएगी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मुरादाबाद ने पीतल के काम से पूरे विश्व में नाम कमाया है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी द्वारा लागू की गई योजना एक जनपद-एक उत्पाद में यहां के लोगों को कोई लाभ नहीं मिला है। पहले जो मुरादाबाद का कारोबार था, आज वो कुछ भी नहीं रहा। देश व प्रदेश में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी है। गाजीपुर से अफजल अंसारी को टिकट दिए जाने के सवाल पर अखिलेश ने कहा कि दो दिन पहले ही प्रधानमंत्री अपने पड़ोसी जिले में प्रमोद कृष्णम के कार्यक्रम में आए थे। कुछ समय पहले ही प्रमोद कृष्णम ने एक चैनल के माध्यम से कहा था कि योगी आदित्यनाथ सबसे बड़े माफिया है। अब ऐसे में मैं कौन सी बात मान लूं। भाजपा पार्टी नहीं गिरोह है। स्वामी प्रसाद मौर्य के सवाल पर उन्होंने कहा कि जो दो बार दल बदले उस पर भरोसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि मदरसों के साथ और जो बोर्ड को काम करने के अधिकार थे वो सरकार ने छीन लिए। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद से सपा का प्रत्याशी ही चुनाव लड़ेगा। इस दौरान मुरादाबाद के सांसद डॉ. एसटी हसन, कांठ विधायक कमाल अख्तर, देहात विधायक हाजी नासिर कुरैशी, असमोली की विधायक पिंकी यादव, बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम, जिलाध्यक्ष डीपी यादव मौजूद रहे।

### विधायकों व जिलाध्यक्ष पर भारी पड़े निजी सुरक्षाकर्मी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निजी सुरक्षाकर्मी पार्टी के ही दो विधायकों और जिलाध्यक्ष पर भारी पड़ गए। हुआ यह कि कांठ रोड स्थित जिस हास्पिटल में सम्भल के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान भर्ती थे, उनको देखने के बाद अखिलेश यादव अभी अपनी गाड़ी तक नहीं आए थे इसके पहले ही पार्टी के दो विधायक और जिलाध्यक्ष उनकी गाड़ी में आकर बैठ गए। जब अखिलेश यादव के आने का समय हुआ तो सुरक्षाकर्मियों की नजर गाड़ी में बैठे लोगों पर पड़ी। इसके बाद उन्होंने ऐसी नसीहत दी कि कुछ देर तक झेलने के बाद तीनों को गाड़ी से बाहर निकलना पड़ा। हालांकि बाद में सांसद के बैठने के बाद दोनों विधायक फिर बैठे। बाद में अखिलेश गाड़ी की अगली सीट पर बैठकर सभी के साथ सर्किट हाउस रवाना हुए।

आयोजन | एमआईटी में चल रहे रामायण नाट्योत्सव में एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने किया दीप प्रज्जवलन

# राम-शबरी के संवाद का मंचन देख भक्त हुए मंत्रमुग्ध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** एमआईटी में चल रहे रामायण नाट्योत्सव में बुधवार का दिन भक्त और भगवान के नाम रहा। मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

समता लोक नाट्य कला संस्था की ओर से अभय पाण्डेय के निर्देशन में मंचन शबरी की भगवान राम की प्रतीक्षा से आरंभ हुआ। नाट्य मंचन में दिखाया गया कि भगवान शंकर अपने आराध्य श्रीराम की भक्ति में मग्न होकर गीत गाते हुए विचरण कर रहे हैं। तब मां पार्वती जी पूछती हैं कि आखिर आपके राम में ऐसी क्या विशेषता है जो आपको अपना देवत्व भुलाकर राम जी में डुबो देती है। भगवान शंकर कहते हैं देवी मेरे राम में एक दो विशेषताएं हों तब तो बताऊं। मेरे राम जी में उनका हो जाने के अनेक कारण हैं। प्रभु राम और लक्ष्मण सीता जी को खोजते हुए शबरी के यहां पहुंचते हैं। भीलनी प्रेम पूर्वक अपने झूठे बेर खिलाकर प्रभु की भूख शांत करती है। बॉलीवुड कलाकार मदन कबीर ने रामायण के संवादों को सुनाकर कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान की। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रमुख पवन जैन, सांस्कृतिक समाज की अध्यक्ष अनिता गुप्ता, सुरेशचंद्र अग्रवाल, डॉ. अनुज अग्रवाल, डॉ.गौरव कुमार, डॉ.अनिल महेश आदि मौजूद रहे।



एमआईटी में आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

### कंचन, कामिनी व कीर्ति ही भक्ति में बाधा उत्पन्न करती है

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अर्द्धमौनी सर्व कल्याण ट्रस्ट की ओर से रामगंगा विहार में बुधवार को दो दिवसीय एकादशी उद्यापन अनुष्ठान का आयोजन हुआ। हवन एवं भंडारे के साथ इसका विश्राम हुआ। कथा व्यास धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने छब्बीस एकादशियों का महात्म एवं कथा का विस्तार से मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि समस्त एकादशी समान पुण्यदायक एवं परम कल्याणकारी हैं। इनमें बड़ी छोटी का भेदभाव नहीं करना चाहिए। एकादशी का पवित्र व्रत समस्त युवक-युवती, स्त्री पुरुष एवं विवाहित और अविवाहित सभी को रखना चाहिए। इस व्रत में कोई वहम नहीं करना चाहिए। अपितु यह सबसे सरल एवं प्रत्यक्ष फल प्रदाता है। बताया कि हम भगवान के हैं। इस बात को मान लो तो शुद्धि करनी नहीं पड़ेगी, अपने-आप शुद्धि होगी। आपको आश्चर्य आयेगा कि बिना कुछ किए इतनी शुद्धि, इतनी निर्मलता कैसे आ गई। व्यवस्था में मालती भटनागर, साहब बहादुर भटनागर, शक्ति भटनागर, शिवानी भटनागर, शौर्य भटनागर, तनिषा भटनागर, राध्या भटनागर, नीरज भटनागर, पं. अखिलेश पाण्डेय, अरविन्द चौधरी गुरुजी, पं. राजकिशोर शास्त्री, पं. आशीष स्वरूप शर्मा, दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# राहुल गांधी के साथ प्रियंका भी रहेंगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** यूपी में कांग्रेस और सपा के बीच गठबंधन हो गया है। जिसके बाद कांग्रेस ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी और तेज कर दी है। 24 फरवरी को मुरादाबाद से निकलने वाली न्याय यात्रा में राहुल के संग प्रियंका गांधी के अलावा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रभारी अविनाश पांडे से लेकर पीएल पूनिया, पूर्व सांसद अजहरुद्दीन, राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी, इमरान मसूद समेत अन्य नेता भी शामिल होंगे।

राहुल गांधी की अगुआई में चल रही न्याय यात्रा बुधवार को कानपुर में प्रवेश कर गई। यात्रा का दूसरा चरण 24 से मुरादाबाद से शुरू होगा। यात्रा मुरादाबाद से संभल, अलीगढ़, आगरा होकर राजस्थान पहुंचेगी। एआईसीसी सचिव प्रदीप नरवाल ने बैठक में यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की।



जिला कार्यालय पर बैठक करते अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने का आह्वान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारत जोड़ो यात्रा के लिए कांग्रेसी माहौल बनाने में जुट गए हैं। एआईसीसी सचिव संजय कपूर व प्रदेश महामंत्री सुबोध शर्मा ने जिला व शहर कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। सचिव ने 24 फरवरी को निकलने वाली यात्रा का स्वागत करने का आह्वान किया। वहीं दूसरी ओर अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने जिला व महानगर कमेटी के लोगों के साथ बैठक कर भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने की बात कही। बैठक में शहर जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा, प्रवक्ता सुधीर पाठक, अफजल साबरी, राजेन्द्र वाल्मीकि, भयंकर सिंह बौद्ध, अनुराग शर्मा, मोहम्मद शमी, श्याम बाबू बाल्मीकि, अब्दुल वाहिद, कबीर अहमद, निर्मल अरोड़ा, सीमा सहगल आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### परास्नातक की परीक्षा में 5860 छात्र हुए शामिल

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा में बुधवार को तृतीय सेमेस्टर के 5860 विद्यार्थियों ने 115 केंद्रों पर परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान सिर्फ 83 छात्र किसी कारण से अनुपस्थित रहे। हालांकि इस दौरान कोई भी छात्र नकल करते हुए नहीं पकड़ा गया। बरेली कॉलेज में भी परीक्षा के दौरान काफी सख्ती की गई। परीक्षा से पहले छात्रों की चेकिंग की गई। इसके अलावा परीक्षा के दौरान भी सचल दल ने चेकिंग की। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि परीक्षा के दौरान सचल दल लगातार सक्रिय है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना ने बताया कि बुधवार को 14 सौ छात्र परीक्षा में शामिल हुए। बृहस्पतिवार को 16 सौ छात्रों की परीक्षा होगी।

### एमबीबीएस परीक्षा का कार्यक्रम बदला

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमबीबीएस की मुख्य परीक्षा का कार्यक्रम एक बार फिर से बदला है। आठ मार्च को शिवरात्रि होने की वजह से परीक्षा पर आपत्ति आने के बाद अब इस दिन की परीक्षा 9 मार्च को होगी।

# रुविवि के कुलपति के नाम फर्जी आईडी बनाकर भेजे गए ई-मेल

## कई शिक्षकों और कॉलेजों को ईमेल भेजकर पूछा गया कि काम हो गया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शिक्षकों की ओर से पूछे जाने पर चला पता, दर्ज होगी जाएगी रिपोर्ट
- अभी तक किसी से रुपयों की मांग नहीं की गई है

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह के नाम पर फर्जी आईडी बनाकर कई शिक्षकों और कॉलेजों को ईमेल भेजी गई। ईमेल में हाल चाल के अलावा काम होने के बारे में लिखा गया। कुछ शिक्षकों ने जब इस बारे में विश्वविद्यालय में संपर्क किया तो फर्जीवाड़े की जानकारी हुई।

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि इस तरह के फर्जी ईमेल पहुंचने पर तुरंत विश्वविद्यालय में संपर्क करें।

जानकारी के मुताबिक कुछ शिक्षकों और कॉलेजों को कुलपति के नाम पर एक फर्जी ईमेल अकाउंट बनाया गया। 15 फरवरी से अब तक कई लोगों को vchancellor26@gmail.com नाम से कई लोगों को ईमेल भेजे गए, जबकि कुलपति की अधिकृत ईमेल vcoffice@mjpru.ac.in है।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि अभी तक जितनी मेल भेजी गई हैं, उसमें सिर्फ कैसे हो और काम हो गया है ही लिखकर भेजा गया है। अभी तक किसी से रुपयों की मांग नहीं की गई है लेकिन भविष्य में ठग ऐसा भी कर सकते हैं। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने विश्वविद्यालय संबद्ध सभी छात्रों, शिक्षकों अधिकारीयों और अन्य से भी कहा है कि कुलपति के नाम से फर्जी ईमेल और पोस्ट भेजी गई हैं, अन्य किसी के पास भी फर्जी ईमेल आई हो तो इसकी जानकारी दें।

### शिक्षकों के नाम पर पैसे मांगने का भी आ चुका है मामला

कुछ महीने पहले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षकों को एक शिक्षक के नाम से व्हाट्सएप पर फर्जी मेसेज भेजकर पैसे मांगने का भी मामला सामने आया था। इसके अलावा बीएएमएस परीक्षा में कई लोगों को फोन कर ठगी का भी मामला आ चुका है। इस मामले में परीक्षा नियंत्रक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी और एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया था।



हापुड में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर अध्यापिकाएं और छात्र-छात्राएं।

# अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर महाविद्यालय में हुई संगोष्ठी

संवाददाता, हापुड़

**अमृत विचार :** आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भाषा, कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ व शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कहा गया कि जिस अनौपचारिक भाषा का प्रयोग हम परिवार में सामान्य बोलचाल के लिए करते हैं वस्तुतः उसे ही मातृभाषा की संज्ञा दी जाती है।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या द्वारा वाग् देवी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। संगीत विभाग एवं 'साहित्यिक सांस्कृतिक समिति' की अध्यक्षा डॉ. जया शर्मा के नेतृत्व में कुमारी अनामिका मुद्गल, कुमारी मनु शर्मा, कुमारी मुस्कान वर्मा आदि छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। संगोष्ठी में हिंदी विभाग की डॉ० नीशू यादव ने मातृभाषा दिवस के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर अपने विचार रखे। प्रो० करुणा गुप्ता ने भाषा के महत्व को विस्तारित करते हुए मातृभाषा की चर्चा की तथा उसे व्यक्ति के अवचेतन मन से सम्बद्ध माना।

# 6 और दंगाई गिरफ्तार, अब तक 74 पहुंचे जेल के अंदर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- बनभूलपुरा दंगे में उपद्रव करते नजर आए गिरफ्तार आरोपी
- लगातार जारी है सीसीटीवी और घटना के वीडियो की जांच

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे में दंगाइयों के चिह्निकरण के साथ उनकी गिरफ्तारियों की सिलसिला लगातार जारी है। पुलिस ने घटना से जुड़े 6 और दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब तक 74 दंगाइयों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में जानकारी देते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के दौरान उपद्रवियों ने पुलिस, प्रशासन, नगर निगम और मीडिया कर्मियों पर पथराव, आगजनी व गोलीबारी की थी। मामले में तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे। टीमों ने घटनास्थलों के आसपास के लगे सीसीटीवी व अन्य साक्ष्यों के आधार पर 6 और उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है।

बुधवार तक नामजद समेत 68 दंगाइयों को पकड़ा जा चुका था। ताजा गिरफ्तारियों में सुलेमान उमेर, समीर फैयाज,जिशान पुत्र स्व. जहीर खान निवासी ख्वाजा कॉलोनी इंद्रानगर बनभूलपुरा और गुलजार पुत्र इसरार अहमद निवासी गोसिया मस्जिद के पीछे काबुल का बगीचा बनभूलपुरा हैं।

### कर्फ्यू में मारे गए तीन लोगों की पत्नियों को मिलेगी विधवा पेंशन

**भीमताल, अमृत विचार :** जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह की पहल पर समाज कल्याण विभाग ने बनभूलपुरा क्षेत्र में कर्फ्यू में मृतकों की पत्नी को निराश्रित विधवा पेंशन का लाभ प्रदान किया है। विभाग ने पेंशन का अनुमोदन ऑनलाइन आवेदन मिलने और सभी आवश्यक प्रपत्र की जांच के उपरांत किया है।

## सार-संक्षेप

### दहेज के लिए मारपीट कर दिया तीन तलाक,रिपोर्ट दर्ज

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में चार माह से पिता के घर रही महिला ने मंगलवार की देर शाम पति सहित सात लोगों पर दहेज मांगने व तीन तलाक देने को लेकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के गांव झानपुर सिसौना निवासी मोहम्मद उमर ने अपनी पुत्री नाजिया की शादी छह वर्ष पहले असमोली थाना क्षेत्र के गांव मवईडोल निवासी कासिम के साथ की थी। दंपति पर तीन बेटियां हैं। आरोप है कि शादी के बाद से ही कासिम मायके से दहेज लाने की मांग करने लगा था। नाजिया ने परिजनों से एक लाख रुपये लाकर कासिम को दिए थे। बताया कि 23 नवंबर की रात को अकेली देखकर कासिम के पिता सईद अहमद ने नाजिया को दबोच लिया और छेड़छाड़ की। बताने पर कासिम ने नाजिया की पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर 24 नवंबर को मायके वाले मवईडोल पहुंचे तो कासिम ने नाजिया को तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने कासिम, सईद अहमद, सास बानो, जेठ मोहम्मद आसिम, जेठानी सुसईया सहित सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

### भाइयों के पथराव में ईंट लगने से बच्ची घायल

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी चचेरे तहेरे भाइयों में बुधवार की शाम किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ ही देर बाद दोनों चचेरे तहेरे भाइयों ने एक दूसरे पर पथराव कर दिया। गांव निवासी जसवीर की 6 वर्षीय पुत्री शिवानी रास्ते में जा रही थी। पथराव में आकर अचानक से लगी ईंट से शिवानी घायल हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पथराव कर रहे चचेरे तहेरे भाई मौके से भाग गए। जिसके बाद परिजन शिवानी को लेकर जिला अस्पताल आ गए और उपचार के लिए भर्ती कराया।

### फंदे पर दुपट्टे से लटका मिला महिला का शव

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव चमरोआ निवासी शिवम की शादी एक वर्ष पहले रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव हिरोनी निवासी 20 वर्षीय इंत्रेस के साथ हुई थी। बुधवार की सुबह 11 बजे परिजन बाहर बैठे हुए थे। इंत्रेस ने कमरे में जाकर संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे दुपट्टे के फंदे पर लटक गई। कुछ देर बाद शिवम की बहन कमरे में पहुंची तो इंत्रेस को फंदे पर लटका हुआ देखकर चीख निकल गई। चीख पुकार को सुनकर बाहर बैठे परिजन अंदर पहुंचे और फंदा खोलकर इंत्रेस को नीचे उतारा, लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। जिसे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर सब पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### जनसंख्या नियंत्रण के लिए किया जाए जागरूक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति की ओर से सुभाष रोड पर जनसंख्या नियंत्रण पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जनसंख्या नियंत्रण के बारे बताया गया। क जनसंख्या नियंत्रण के कुछ प्राकृतिक तथा कृत्रिम साधन भी जनसंख्या वृद्धि को रोकने में सहायता कर सकते हैं। लोगों को जनसंख्या नियंत्रण के उपाय बताए जाए, महिलाओं को दवाई वितरित की जाए जिससे वह समय पर दवा का सेवन कर सके। बताया जाए कि ज्यादा बच्चे होने पर उनकी परवरिश, पढ़ाई, लिखाई ठीक तरह नहीं हो सकती। इसके अलावा गली-मोहल्लों व गांवों में जारुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। इस अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, अनुराधा, मृदुल अग्रवाल, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी, उषा वार्ष्णेय, कविता बच्चन, रानी अग्रवाल, शैलेश, सीमा, सुनीता आर्य, अंजू अग्रवाल, मीना वार्ष्णेय, मंजू अग्रवाल, मीरा गोयल, रेखा रस्तोगी आदि मौजूद रहीं।

### योगेंद्र तोमर ने सपा के राष्ट्रीय सचिव पद से दिया इस्तीफा

**गुन्नौर, अमृत विचार :** पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी के करीबी योगेंद्र तोमर ने भी समाजवादी पार्टी से किनारा कर लिया। बुधवार को उन्होंने सपा के राष्ट्रीय सचिव पद से इस्तीफा देते हुए शेरवानी के प्रति अपनी निष्ठा जाहिर की। योगेंद्र तोमर मूलत: क्षेत्र के गांव मिठनपुर के निवासी हैं। सपा के राष्ट्रीय सचिव पद से इस्तीफा देने का पत्र उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव को भेजा है। पत्र में उन्होंने स्पष्ट लिखा है कि अपने राजनीतिक जीवन में वे हमेशा पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम शेरवानी के साथ रहे हैं। अब जबकि शेरवानी सपा से अलग हैं, उनका सपा में बने रहने का कोई औचित्य नहीं हैं। स्वामी प्रसाद मौर्या और सलीम शेरवानी के पार्टी छोड़ने के बाद योगेन्द्र तोमर का इस्तीफा सपा के लिए एक और झटका माना जा रहा है। 28 जून 2023 को ही उन्हें सपा का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया था। योगेंद्र तोमर की राजपूत समाज में गहरी पकड़ मानी जाती है।

### तय समय में किया जाए वादों का निस्तारण

**गुन्नौर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के सदस्य न्यायिक ने तहसील का निरीक्षण कर राजस्व न्यायालयों में वादों का निस्तारण नियत समय में मानक अनुसार करने के निर्देश दिए। सबसे पुराने लंबित वादों की पत्रावलियों की समीक्षा करते हुए निर्णीत वाद पत्रावलियों के दाखिल दफ्तर किए जाने की स्थिति देखी।सदस्य न्यायिक श्रीराम सिंघसन प्रेम ने निरीक्षण के दौरान राजस्व संग्रह में मानक के अनुरूप वसूली के निर्देश देते हुए वसूली प्रमाण पत्रों की कंप्यूटराइजेशन स्थिति और दो लाख से अधिक वसूली पर जोर दिया। संग्रह अभिलेखागार में अभिलेखों के रखरखाव, सफाई, प्रकाश, अग्निशमन यंत्र और कीटनाशक छिड़काव के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील परिसर में अनावासीय भवनों में साफ-सफाई, जनसामान्य के बैठने की व्यवस्था, पूछताछ व स्वागत कक्ष, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, वाहन पार्किंग व तहसील हवालात की सफाई व्यवस्था को देखा। हालांकि उनके निरीक्षण के मद्देनजर तहसील परिसर की सफाई कर चमाचम कर दिया गया था। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, एसडीएम रमेश बाबू, तहसीलदार सारा अशरफ और नायब तहसीलदार बबलू कुमार मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन, उठाई मांगें

**गुन्नौर अमृत विचार :** बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष चिन्ता हरण सिंह की अगुवाई में वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने राजस्व परिषद सदस्य न्यायिक को समस्याओं के निस्तारण की मांग का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दाखिल खारिज नामांतरण वाद की पत्रावलियों में विलंब, बंधक भूमि के बैनामा पंजीकरण के बाद नामांतरण आदेश में हीलाहवाली की जानकारी देकर रियल टाइम खतौनी के अंश सुधार के लिए सरल उपाय करने की मांग की गई।

# स्वास्थ्य विभाग ने ईसमपुर डांडा में डाला डेरा

संवाददाता, गुन्नौर

- फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए मरीजों की हालत में सुधार

**अमृत विचार :** गांव ईसमपुर डांडा में फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए मरीजों की हालत में सुधार है। गंभीर हालत वाले 11 मरीजों की तबीयत ठीक होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। बुधवार को भी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव ईसमपुर डांडा पहुंच कर फूड प्वाइजनिंग के शिकार लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

गांव ईसमपुर डांडा में लोगों को फूड प्वाइजनिंग होने के बाद से स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा के निर्देश पर मंगलवार रात को भी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में कैंप कर मरीजों पर नजर रखी। टीम में डॉ. मनदीप चहल, स्टाफ नर्स धर्मा राम, सीएचओ शिवम, दीपक रहे। बुधवार को भी चिकित्साधिकारी डॉ. एच रहमान, डॉ. मनदीप चहल, फार्मासिस्ट हेमपाल सिंह, फिजियोथेरेपिस्ट राजेश कुमार आदि ने गांव ईसमपुर डांडा में कैंप लगाकर फूड प्वाइजनिंग प्रभावित लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पवन सिंह ने बताया कि गांव में स्थिति सामान्य है। फिर भी एहतियात के तौर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को ईसमपुर डांडा भेजा गया। दूसरी तरफ 11 मरीजों की हालत में सुधार होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।



गुन्नौर में दुकान से नमकीन का सैंपल लेते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

### छापेमारी में दुकान में मिली एक्सपायरी डेट की नमकीन

**गुन्नौर, अमृत विचार :** गांव ईसमपुर डांडा में फूड प्वाइजनिंग की घटना के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग हरकत में आ गया है। विभाग की टीम ने मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को नगर में घास मंडी स्थित पंछी मिष्ठान भंडार पर छापेमारी की। यहां काफी पुरानी एक्सपायर डेट की पैकेट बंद नमकीन मिली। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि एक्सपायर डेट नमकीन रखने पर संबंधित दुकान स्वामी के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 की धारा 58 के तहत चालान कर एडीएम कोर्ट में मामला प्रस्तुत किया जाएगा। टीम ने कोतवाली के सामने दानिश कनफैक्शनरी से भी लोकल ब्रांड अमित चाय पत्ती का सैंपल लिया। सैंपल को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया।

# फसल विविधीकरण से किसान अपनी आय दोगुनी करें : डीएम

संवाददाता, हापुड़

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने किसानों की विद्युत, सिंचाई, छुट्टा पशु, सफाई, भूमि पैमाइश, सड़क, योजनाओं का लाभ तथा अन्य संबंधित शिकायतों को निर्धारित अवधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। किसान दिवस में किसानों द्वारा श्यामनगर गांव में विद्युत ट्रांसफार्मर सड़क के बीच में होने की शिकायत पर जिलाधिकारी प्रेरणा सिंह ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को कार्रवाई कर शीघ्र रिपोर्ट से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बाबूगढ़ में हाईटेक नर्सरी होने के बारे में किसानों को जानकारी दी। कहा कि इस नर्सरी में किसान बंधु अपने बीज देकर रोपण के समय वापस प्राप्त कर सकते हैं । सभी किसान इस योजना का लाभ उठाएं।

जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी से इस योजना का ओरिएंटेशन करने के निर्देश दिए।

### दर्जनों दोपहिया वाहनों का चालान किया

**हापुड़, अमृत विचार :** वाहन चेकिंग अभियान के अन्तर्गत बुधवार को यातायात प्रभारी निरीक्षक उपदेश कुमार व हापुड़ नगर कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार ने पुलिसकर्मियों के साथ दो पहिया वाहन चालकों को रोकते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाया ।इस दौरान दोपहिया वाहन चालक पुलिस कर्मियों को देखकर इधर-उधर भागते हुए नजर आए। दो पहिया वाहन चालकों को अतरपुरा चौराहे पर रोक कर यातायात नियम बताए और बिना हेलमेट पहने वाहन चालकों व लाइसेंस न होने जैसी आदि कमियों पर करीब 2 दर्जन दोपहिया वाहनों के चालान किए ।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत, लो0नि0वि0, मुरादाबाद
### ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

पत्रांकः-532 / निविदा-मु0वृत्त / 23-24 दिनांक :-01.02.2024

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0 मुरादाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से कॉलम-8 के अनुसार अर्ह एवं पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 23.02.2024 प्रातः 10 बजे से 29.02.2024 समय दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कॉलम-5 एवं 7 में दर्शायी गयी धनराशि E-Tender Portal पर Net Banking के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड दिनांक 29.02.2024 को समय दोपहर 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत् है-

| क्रसं | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि(वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित(रू) में | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मुरादाबाद | आर0आई0डी0एफ0 योजनान्तर्गत होलिका मंदिर चौराहे की ओर से ग्राम मल्हपुरा लक्ष्मीपुर मार्ग का नव निर्माण कार्य। | 100.40 | 7.02 | 12 माह | 300+2000+54 =2354 | ए,बी (मार्ग श्रेणी) |
| 2 | मुरादाबाद | आर0आई0डी0एफ0 योजनान्तर्गत मुरादाबाद-टाण्डा-दढियाल मार्ग के कि0मी0-22 से ग्राम मलवाड़ा उर्फ मानूपुर से डाण्डी दुर्जन तक मार्ग का नव निर्माण कार्य। | 106.00 | 7.30 | 12 माह | 300+2000+54 =2354 | ए,बी (मार्ग श्रेणी) |
| 3 | मुरादाबाद | आर0आई0डी0एफ0 योजनान्तर्गत किशनपुर गावड़ी से सुन्दरपुर भूतखेड़ा सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य। | 56.60 | 4.83 | 3 माह | 300+2000+54 =2354 | ए,बी,सी (मार्ग श्रेणी) |
| 4 | मुरादाबाद | आर0आई0डी0एफ0 योजनान्तर्गत अगवानपुर से गौहरपुर सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य। | 143.70 | 9.19 | 12 माह | 300+2000+54 =2354 | ए,बी (मार्ग श्रेणी) |
| 5 | मुरादाबाद | आर0आई0डी0एफ0 योजनान्तर्गत जनपद मुरादाबाद में ग्राम पंचायत कुमरिया जुबला से हसनगढ़ी प्राईमरी स्कूल से मजरा हसनगढ़ी प्राईमरी स्कूल तक मार्ग का नव निर्माण कार्य। | 141.90 | 9.10 | 12 माह | 300+2000+54 =2354 | ए,बी (मार्ग श्रेणी) |

निविदा के नियम/शर्तें और विवरण वेबसाइट http://etender-up-nic.पद पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं-879(1)/23-7-2020 दिनांक 25-08-2020 एंव प्रमुख अभियन्ता (विकास) एंव विभागाध्यक्ष के पत्रांक-4650/4एन-एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें।

(मो0 नवेद अहमद खां)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मुरादाबाद

(एस0पी0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
मुरादाबाद वृत, लो0नि0वि0, मुरादाबाद।
(महामहिम राज्यपाल की ओर से)

UP-203980 दिनांक 20.02.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली

FREE ओ. पी. डी. परामर्श

बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें

मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श

दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024

समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक

स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल , हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ , मुंबई

रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900 , 8006460900

Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly



रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल

पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

विशाल चिकित्सा शिविर

हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग

यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक

समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं

रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये

डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।

भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर

रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें

इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.

इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड

*T&C Apply

हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965

इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में

एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर कानपुर पहुंचे राहुल युवाओं से बोले, जितना चिल्लाना हो चिल्लाओ रोजगार नहीं मिलेगा

# नए भारत के नए राजा-महाराजा आपको जीने नहीं देंगे : राहुल गांधी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** अंबानी, अडानी, टाटा और बिरला जैसे चंद उद्योगपति आज नए भारत के राजा-महाराजा बनकर देश पर राज कर रहे हैं। आपको सताया जा रहा है। आप लोग इनकी कंपनियों में खून-पसीना देते हो, लेकिन नौकरी से आपको ही निकाला जाता है। यह बात बुधवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर कानपुर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घंटाघर में एकत्र जन समूह को संबोधित करते हुए कही।

राहुल गांधी लखनऊ से उन्नाव होते हुए शुक्लागंज पुल के रास्ते यात्रा लेकर सुबह 11.45 बजे कानपुर पहुंचे। घंटाघर में भारत माता मंदिर पर राहुल गांधी ने जैसे ही जनसभा को संबोधित करना शुरू कर दिया, एक कोने में एकत्र कुछ युवाओं ने रोजगार को लेकर शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर कांग्रेस नेता ने कहा कि जितना चिल्लाना है, चिल्लाओ लेकिन मोदी सरकार में आपको रोजगार नहीं मिलेगा। नौकरी के नाम पर पहले भर्ती निकाली जाती है, फिर पेपर लीक कराए जाते हैं। पिछड़े और दलित लोगों की सबसे ज्यादा भर्ती सेना में होती थी। लेकिन सरकार ने अग्निवीर योजना लागू कर यह रास्ता भी बंद कर दिया है। यह लोग आपको जीने नहीं देंगे।

न्याय यात्रा निकालने की जरूरत बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान' थी। उस चार हजार किलोमीटर की कश्मीर से कन्याकुमारी तक की यात्रा के दौरान जब लोगों से देश में नफरत फैलने का कारण पूछा तो लोगों ने सबसे ज्यादा शिकायत न्याय नहीं मिलने की थी। आज पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासी समाज को मीडिया, पुलिस, ब्यूरोक्रेट, कोर्ट कहीं से भी न्याय नहीं मिल रहा है। जनसंख्या के लिहाज से पिछड़े 50 फीसदी, दलित 15 फीसदी, अल्पसंख्यक 15 फीसदी और आदिवासी आठ फीसदी हैं। यह आबादी करीब 90 प्रतिशत

- **घंटाघर पर सभा में पिछड़े दलितों अल्पसंख्यकों, आदिवासियों के लिए आबादी के मुताविक हक मांगा**

होने के बावजूद देश की 200 बड़ी कंपनियों में इनकी संख्या जीरो, ब्यूरोक्रेसी में जीरो, मीडिया संस्थानों और न्याय पालिका तक में जीरो है। उन्होंने आबादी के हिसाब से हक मांगा। ऐसे में जातीय जनगणना और आर्थिक सर्वे के बिना देश की प्रगति संभव नहीं है। अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि आपने टीवी पर देखा होगा राम मंदिर में कितने भव्य तरीके से प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया, लेकिन क्या कोई पिछड़ा, दलित, आदिवासी वहां देखने को मिला। आदिवासी समाज की राष्ट्रपति को मंदिर में प्रवेश नहीं किया करने दिया गया। मंदिर में सिर्फ मोदी, अंबानी व अडानी जैसे लोगों को ही देखा गया। गरीब, मजदूर, किसान, भूखे-नंगे लोग वहीं कहीं नहीं दिखाई पड़े। इससे पहले भारत जोड़ो न्याय यात्रा सुबह 9:35 बजे लखनऊ से



कानपुर में यात्रा के दौरान लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी। ● अमृत विचार

उन्नाव की सीमा में पहुंची। उन्नाव बाईपास पर सुबह से जमे कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया। अकरमपुर में राहुल गांधी ने कुछ देर रुककर कार्यकर्ताओं से बातचीत की। इसके बाद यात्रा शुक्लागंज होते कानपुर निकल गई। यात्रा मार्ग पर तमाम स्थानों पर कार्यकर्ता फूल-माला लिए खड़े रहे लेकिन काफिला नहीं रुका और राहुल गांधी हाथ हिलाकर अभिवादन करते हुए आगे बढ़ गए।

## राजा भैया को साधने सपा के बाद पहुंचे भाजपा नेता

**लखनऊ, अमृत विचार:** राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के मुखिया और कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया का भाव बढ़ा हुआ है। सपा प्रदेश अध्यक्ष की ओर से पुराने गिले-सिकवे भुलाकर समझौते की कोशिश करने की घटना में 24 घंटे भी नहीं बीते कि भाजपा प्रदेश भूपेंद्र सिंह चौधरी और मंत्री जेपीएस राठौर उनसे मिलने आवास पर पहुंच गए। भाजपा राज्यसभा चुनाव में राजा भैया की पार्टी के दोनों वोट समेत लोकसभा चुनाव में भी समर्थन चाहती है। राजा के लिए भाजपा के दबाव के बाद सपा के साथ जाना मुश्किल माना जा रहा है। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मंगलवार को ही कुंडा विधायक राजा भैया से मुलाक़ात की थी। इसके बाद दोनों दलों के गठबंधन को लेकर क़यास तेज़ हो गए। खासकर राज्यसभा चुनाव में सपा का तीसरे प्रत्याशी की जीत नजदीक लग रही थी।

## तय तारीखों पर वकील की गैर-उपस्थिति पेशेवर कदाचार

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाबाद हाईकोर्ट ने विभिन्न आपराधिक मामलों में तय तारीखों पर अधिवक्ताओं के उपस्थित न होने पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अपने क्लाइंट के लिए अधिवक्ता की गैर-उपस्थिति पेशेवर कदाचार की श्रेणी में आता है। इसे बेंच हंटिंग या फोरम शॉपिंग के समान माना जा सकता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की एकलपीठ ने वर्ष 2019 में एक आरोपी द्वारा दाखिल अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए की। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि आवेदक को बिना किसी उचित स्पष्टीकरण के बार-बार न्यायिक कार्यवाही से अनुपस्थित रहकर न्याय की धारा को कमजोर करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। अधिवक्ता की गैर-उपस्थिति के लिए किसी ठोस कारण का अभाव कानून की प्रक्रिया का खुला दुरुपयोग है। अंत में कोर्ट ने बताया कि सीआरपीसी की धारा 438 के अनुसार विधायिका ने अग्रिम जमानत आवेदन के निपटारे के लिए 30 दिनों की एक सीमा अवधि तय की है।

# कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के कई कार्यों को सरकार ने दी मंजूरी

### कई जिलों के सड़कों का चौड़ीकरण मंजूर, धन का आवंटन किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने कई जिलों की सड़कों के चौड़ीकरण समेत वाराणसी में मेडिकल कालेज को जमीन देने की मंजूरी दी है। साथ ही महाकुंभ मेला कार्य का पैसा खर्च करने की वित्त विभाग से अनुमति नहीं लेनी होगी। यह निर्णय कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से लिए गए हैं।

राज्य कैबिनेट मे प्रदेश के कई जिलों की सड़कों का चौड़ीकरण करने जा रही है। इसके प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी देने के साथ ही धन का आवंटन भी कर दिया गया है। प्रदेश कैबिनेट ने मुजफ्फरपुर, मेरठ व गाजियाबाद में चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग, गंग नहर की दायीं पटरी (चैनेज 51.910 से 163.400 तक) के नवनिर्माण की पुनरीक्षित लागत की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति को मंजूर कर दिया। इसके अलावा जिला गोरखपुर में असुरन से मोहद्दीपुर चौराहा चारफाटक मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण होगा।

मथुरा में कोसी-नंदगांव-बरसाना-गोवर्धन-सौरव-मथुरा व मथुरा-राया मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य की पुनः पुनरीक्षित प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति को भी मंजूरी दी गई है। वाराणसी में नए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बनने का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के अधीन मानसिक चिकित्सालय की रिक्त भूमि के अलावा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय को चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा। इस प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी दे दी गई।

### महाकुंभ मेला में खर्च को नहीं लेनी होगी अनुमति

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन महाकुंभ मेला में खर्च के लिए वित्त विभाग से अनुमति लेने की बाध्यता को समाप्त कर दिया। महाकुंभ मेला-2025 एक विशिष्ट और समयबद्ध आयोजन है। महाकुंभ के कामों के लिए नगर विकास विभाग को नोडल की जिम्मेदारी दी गई है। राज्य सरकार ने इस साल 2500 करोड़ रुपये बजट आवंटित किया है। नगर विकास विभाग के पास महाकुंभ के कामों के लिए बजट आवंटन की जिम्मेदारी है। महाकुंभ मेले में होने वाले कामों की अनुमति देने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 27 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन भी किया गया है। महाकुंभ के कामों को तय समय पर कराने के लिए वित्त विभाग से अनुमति की व्यवस्था से मुक्त कर दिया गया है।

## सुरक्षित है फाइलेरिया रोधी दवा, खुद से सेवन करें : पाठक

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि फाइलेरिया रोधी दवा अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर बनी है और पूरी तरह सुरक्षित है। दवा जब अपना कार्य शुरू करती है तो कुछ देर के लिए जी मितलाना, सर दर्द या चक्कर आना जैसी प्रतिक्रिया स्वाभाविक हैं, जो कि कुछ ही देर में स्वतः समाप्त हो जाती हैं, यह दवा के सकरात्मक प्रभाव हैं। इसलिए लोगों को स्वतः दवा मंगाकर सेवन करना चाहिये।

उप मुख्यमंत्री, बुधवार को सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मात्र 10 दिन में एक करोड़ 91 लाख 50 हजार लोगों ने दवा सेवन किया है। यह फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में सकारात्मक प्रयास है। इस अभियान में कुल तीन करोड़ 54 लाख 59 हजार 457 लोगों को दवा सेवन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर दिन अभियान का आंकड़ा ई-कवच पोर्टल पर अवश्य दर्ज कराएं।

## पत्नी के नाम पर खरीदी संपत्ति पर बेटे का समान अधिकार

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संपत्ति विवाद के एक मामले में अति महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा कि हिंदू पति द्वारा अपनी गृहिणी पत्नी, जिसके पास आय का कोई स्वतंत्र स्रोत नहीं है, उसके नाम पर खरीदी गई संपत्ति पारिवारिक संपत्ति मानी जाएगी।



बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम के प्रावधान के अनुसार पति द्वारा अपनी पत्नी या बच्चों के नाम पर खरीदी गई संपत्ति को बेनामी संपत्ति नहीं कहा जा सकता है। कोर्ट ने आगे कहा कि जब तक यह साबित ना हो जाए कि संपत्ति पत्नी द्वारा अर्जित आय से खरीदी गई थी, तब तक संपत्ति पर पूरे परिवार का अधिकार माना जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरुण सिंह देशवाल की पीठ ने मृत पिता की संपत्ति पर स्वामित्व के अधिकार के लिए अपीलकर्ता की अपील को स्वीकार कर विपक्षी के लिए निषेधाज्ञा जारी करते हुए पारित किया। दरअसल मौजूदा मामले में अपीलकर्ता/बेटे ने अपने पिता की संपत्ति के 1/4 हिस्से पर अधिकार के लिए जिला अदालत में दाखिल आवेदन खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में दाखिल अपील में अपीलकर्ता ने तर्क दिया कि चूंकि संपत्ति उसके मृत पिता ने अपनी आय से खरीद कर मां को उपहार स्वरूप दी थी। अतः मां के साथ-साथ बेटे का भी संपत्ति पर बराबर का अधिकार होगा, क्योंकि इसे मां ने अपनी आय से नहीं खरीदा तो यह उनकी निजी संपत्ति नहीं हुई, इसलिए वह इसे किसी तीसरे पक्ष को हस्तांतरित नहीं कर सकतीं। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि उपहार में दी गई संपत्ति पर पूर्ण अधिकार केवल साक्ष्यों के आधार पर निर्धारित किया जा सकता है। अंतरिम निषेधाज्ञा मामले का अंतिम निर्णय होने तक यथास्थिति बनाए रखने और संपत्ति को तीसरे पक्ष के अधिकारों के निर्माण से बचाने के लिए आवश्यक है।

### वर्ग पहेली-350

**बाएं से दाएं**

3. 1. भवन, इमारत आदि बनाने से पहले उसकी नींव में पहला पत्थर, ईंट इत्यादि रखे जाने की क्रिया, शिलान्यास 2. शिला की स्थापना 3. आरंभ, संस्थापना।

4. 1. सभा 2. बैठने का कमरा 3. चौपाल 4. अधिवेशन 5. उठने और बैठने की कसरत, उठक-बैठक।

6. टोंटीदार लोटा, गड़ुआ।

7. 1. देवता आदि के सामने रखा जाने वाला खाद्य पदार्थ, नैवेद्य 2. उपयोग में लाना, भोगने का भाव, उपभोग 3. संभोग, मैथुन 4. लाभ 5. सुख-दुख आदि का अनुभव करते हुए उन्हें अपने मन और शरीर पर सहन या प्राप्त करना 6. संपत्ति 7. शासन 8. भोज, दावत।


8. 1. चूसने की क्रिया या भाव 2. बच्चों को दूध पिलाने की शीशी 3. वह खिलौना जिसे बच्चे मुंह में लेकर चूसते हैं।

**ऊपर से नीचे**

1. जंग (युद्ध) आरंभ करने की घोषणा।

2. वह पुस्तक जिसकी जिल्द मोटे कागज़ या कार्ड बोर्ड की हो।

5. शनि की पत्नी का नाम।, लड़ने वाली, झगड़ालू।



### वर्ग पहेली - 349 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बें | च | | 2 घ | | |
| | | 3 तु | ड़ | वा | 4 ना |
| 5 छ | ठी | | घ | | ली |
| ल | | | ड़ा | | क |
| 6 का | रा | गृ | ह | | |
| री | | | 7 ट | कु | ली |
| | 8 ज | ड़ी | | | |

# अपनी-अपनी शर्तों पर समझौता करने का दबाव बना रहे थे दोनों दल

**उप्र. में सपा-कांग्रेस समझौता**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने सीटों पर समझौता करके इंडिया गठबंधन की हवा निकलने की बात करने वालों को करारा जवाब दिया है। एक बात तो तय थी कि यह स्थिति जैसे-तैसे बननी थी, बस दोनों ही दल अपनी-अपनी शर्तों पर समझौता करने का अपने-अपने तरीके से दबाव बना रहे थे, क्योंकि सपा जहां उप्र. में अपने को बड़ा दल मानती है तो वहीं कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर।

बात लंबी खिंच रही थी और भ्रम यह फैला कि गठबंधन टूट गया है। एक ओर अखिलेश तेजी के साथ अपने उम्मीदवार घोषित कर कांग्रेस नेतृत्व पर दबाव बना रहे थे तो वहीं राहुल गांधी निरन्तर अपनी यात्रा में दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यकों के मुद्दे को सपा के पीडीए फार्मूले के मुकाबले कहीं ज्यादा मजबूती से उठा कर सपा को संदेश दे रहे थे। बहरहाल, मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने भी सपा को एक सीट दी है। सपा मप्र. में खजुराहो सीट पर लड़ेगी। सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें दिए जाने के अलावा उप्र. में अपने हिस्से की एक सीट आजाद समाज पार्टी को दी है। नगीना सीट पर उसके नेता चंद्रशेखर आजाद का लड़ना पहले से ही बताया जा रहा था। वास्तव में, दोनों दलों के बीच गतिरोध सीट की संख्या से ज्यादा इस पर था कि कांग्रेस को कौन-कौन सी सीट दी जा रही हैं। फिलहाल सपा अब कुछ ऐसी सीट देने पर सहमत हो गई है जिसपर कांग्रेस लड़ना चाहती है। समझौते के तहत सपा ने कांग्रेस को जो सीटें दी हैं उनमें वाराणसी-अमरोहा समेत कुछ पर अपने प्रत्याशी भी उतार दिए हैं। अब सपा अपने प्रत्याशियों को वापस लेगी और कांग्रेस की तरफ से नामों की घोषणा होगी। उधर, कांग्रेस भी दो सीटों समझौता करने पर सहमत हुई है। कांग्रेस ने मुरादाबाद सीट छोड़ दी। वहीं, सीतापुर सीट जहां कांग्रेस को दे दी गई है. वहीं, हाथरस की सीट अब सपा ने वापस ले ली है।

### प्रियंका ने करायी सपा-कांग्रेस की दोस्ती

लखनऊ। कांग्रेस और सपा के समझौते में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की की अहम भूमिका रही। सपा प्रमुख अखिलेश यादव से उनकी फोन पर हुई बातचीत के बाद सीटों पर निर्णायक सहमति बनी। सूत्रों मुताबिक, प्रियंका ने अखिलेश से कहा कि, अगर वे साथ नहीं लड़ते हैं, तो इससे विपक्षी एकता का खराब संदेश जाएगा। इसके तुरंत बाद अखिलेश यादव की प्रतिक्रिया आयी और उन्होंने साफ किया कि गठबंधन होगा। सीट बंटवारे को लेकर सपा का कांग्रेस में कोई विवाद नहीं है। अब अखिलेश यादव राहुल गांधी के साथ कांग्रेस की न्याय यात्रा में भी नजर आएंगे।

### प्रतिक्रिया



जीत एक सौ एक प्रतिशत भाजपा की लोकसभा चुनाव में होगी। दो महीनों का इंतजार करिए सपा के परिणाम सामने होंगे। **- संघमित्रा मौर्य,** भाजपा सांसद (बदायूं)



सपा-कांग्रेस गठबंधन का कोई असर नहीं पड़ेगा। दोनों में तकरार हो या इकरार, वे मिलकर लड़ें या अलग-अलग, भाजपा गठबंधन उप्र. की सभी 80 सीटें जीतेगा। यहां कांग्रेस का खाता नहीं और सपा का जो पिछली बार खाता खुल गया था वो भी बंद हो जाएगा। **- केशव प्रसाद मौर्य,** उप मुख्यमंत्री

### सुडोकू -67

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | 8 | | | 1 | |
| 5 | | | 1 | | 6 | | 4 | |
| 9 | | | | | 7 | | | 2 |
| | | 8 | 3 | | | | | 6 |
| | | 2 | | | | 9 | | |
| 4 | | | 6 | | 5 | 7 | | |
| | | | 9 | | 2 | | | 5 |
| | 7 | | | | | | | 3 |
| | 6 | | | 1 | | 2 | | |


### सुडोकू - 66 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 | 9 |
| 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 5 | 6 | 8 |
| 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 |
| 3 | 4 | 2 | 7 | 9 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 8 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 2 | 1 | 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 |

### आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 13.21 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुष्य 16.43 तक तत्पश्चात आश्लेषा।

**मेष** - आज अफवाहों के आधार पर राय न बनाएं। करियर में उतार-चढ़ाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। लोग आपकी बातों का विरोध करेंगे। कारोबार में बदलाव का विचार कर सकते हैं। सोच-विचार कर के ही कोई निर्णय लें।

**वृष** - आज अपनी व्यवहार-कुशलता से अटके हुए कार्य निपटा लेंगे। पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। नए प्रेम प्रसंग पल्लवित हो सकते हैं। कारोबार में उतार-चढ़ाव होने की सम्भावना है। घर के माहौल से काफी प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** - आज घर में किसी निर्माण कार्य की रूपरेखा बन सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों से पहले माता-पिता की सलाह अवश्य लें। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन शुभ रहने वाला है। परिवार का माहौल अच्छा और सन्तोषजनक रहेगा।

**कर्क** - आज परिवार के लोगों के मध्य सद्भाव बढ़ेगा। जीवनसाथी के रवैये से काफी प्रसन्न रहेंगे। मनोरंजन में काफी रुचि लेंगे। काफी ऊर्जावान रहने वाले हैं। रुके हुए कार्य सहजता से पूरे होंगे। जॉब में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह** - आज संपत्ति से जुड़े विवाद उपज सकते हैं। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। रोजगार को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। व्यापार में बड़ा निवेश करने से बचें। बीमारियों में धन खर्च होगा। यात्रा सफल रहेगी।

**कन्या** - आज शारीरिक रूप से काफी सक्रिय रहेंगे। आपकी आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। परिवार का माहौल काफी अच्छा रहेगा। उच्चाधिकारी से आपकी काफी प्रशंसा होगी। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय बहुत ही अच्छा है।

**तुला** - आज नौकरी और व्यवसाय में अच्छे नतीजे मिलेंगे। शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। यात्रा सुगम और बाधारहित रहेगी। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक** - आज भाग्य आपका साथ देगा। नौकरी में आपका प्रभाव बढ़ेगा। धार्मिक विचारों से प्रभावित रहेंगे। बुजुर्गों के आशीर्वाद से अभिभूत रहेंगे। काम को लेकर भागदौड़ रहेगी। पुराने प्रयास लाभ देंगे। व्यस्तता पूर्ण दिन बीतेगा।

**धनु** - आज रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी शानदार रहने वाला है। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। मन में बेवजह की चिंता हो सकती है। कुसंगति से दूर रहें वरना आपको हानि हो सकती है। वाहन चलाने में सावधानी रखें।

**मकर** - आज आपको समाज में काफी सम्मान मिलेगा। मानसिक तनाव कम होगा। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। जीवनसाथी से गिले-शिकवे को दूर करने के लिए दिन अनुकूल है। व्यापार को लेकर कुछ विशेष योजना बना सकते हैं।

**कुंभ** - आज काम पर आपका ध्यान बढ़ेगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। आपकी स्थिति काफी मजबूत रहेगी। पुराने रोग समाप्त होंगे। व्यापार में लाभ का प्रबल योग है।

**मीन** - आज जल्दबाजी करने से काम बिगड़ सकता है। बिजनेस पार्टनर्स से साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे। प्रेमी जन के प्रति आकर्षित रहेंगे। संतान की उन्नति होने से प्रफुल्लित रहेंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। संपर्क लाभकारी साबित होंगे।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
- परदेसी बाबू — सुबह : 10.00
- सीता और गीता — रात : 07.00

SONY MAX
- बेफ्रिकरे — सुबह : 09.00
- स्ट्रीट डांसर थ्री डी — रात : 07.00

SONY PIX
- इट — सुबह : 11.29
- स्पाइडर मैन-2 — रात : 08.45

ZEE CINEMA
- एक : द पावर ऑफ वन — सुबह : 10.30
- टॉयलेट - एक प्रेम कथा — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- खूबसूरत — दोपहर : 12.09
- मद्रास कैफे — रात : 10.28

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अर्रेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी-जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

संता-ये लड़की बहुत सुंदर है।
बंता-मैं तो इसका नाम भी जानता हूं
संता- क्या नाम है? मैं उसे फेसबुक पर खोजूंगा।
बंता-यह बैंक मैं काम करती है इसके काउंटर पर इसका नाम अकाउंटेंट लिखा है।

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 980 फ्लैग 1100 डीएमओ 865 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

### मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपए मूंग धोआ : 104 - 106 मूंग छिलका : 102 मूंग साबुत : 100 रुपए चना देसी : 80 चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 लोबिया सफेद : 98 रुपये।

### एक नजर

#### उसना चावल पर जारी रहेगा निर्यात शुल्क

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि उसना चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क 31 मार्च के बाद भी जारी रहेगा। स्थानीय स्तर पर पर्याप्त भंडारण और घरेलू कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए 25 अगस्त, 2023 से 16 अक्टूबर, 2023 तक उसना चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया गया था। हालांकि बाद में इसे 31 मार्च 2024 तक के लिए बढ़ा दिया गया था। वित्त मंत्रालय ने कहा कि 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क बिना किसी अंतिम तिथि के 31 मार्च के बाद भी जारी रहेगा।

#### एचएसबीसी का मुनाफा 19 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** एचएसबीसी समूह का भारतीय परिचालन से मुनाफा दिसंबर, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 151.7 करोड़ डॉलर रहा है। बैंक ने बुधवार को बयान में यह जानकारी दी। एचएसबीसी बैंक ने 2023 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

### एफएसडीसी की 28वीं बैठक को सीतारमण ने किया संबोधित

## ऐप से अनधिकृत कर्ज वितरण पर लगाम लगाएं वित्तीय नियामक

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) समेत वित्तीय क्षेत्र के नियामकों से ऑनलाइन ऐप के जरिए अनधिकृत कर्ज वितरण के प्रसार पर लगाम लगाने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने को कहा। सीतारमण ने यहां 'वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद' (एफएसडीसी) की 28वीं बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने वित्तीय नियामकों से घरेलू और वैश्विक व्यापक वित्तीय स्थिति को देखते हुए उभरते वित्तीय स्थिरता जोखिमों का पता लगाने के लिए निरंतर निगरानी बनाए रखने और सक्रिय रहने के लिए भी कहा। बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, एफएसडीसी ने व्यापक वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों और उनसे निपटने के लिए भारत की तैयारियों के बारे में चर्चा की। बयान के मुताबिक, गांधीनगर के गिफ्ट सिटी स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) को दुनिया के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों में से एक बनाने और घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए विदेशी पूंजी एवं वित्तीय सेवाओं को सुविधाजनक बनाने की रणनीतिक भूमिका में इसे समर्थन देने के लिए चल रहे अंतर-नियामकीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

एफएसडीसी ने एफएसडीसी के फैसलों और केंद्रीय बजट में की गई घोषणाओं को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। इन मुद्दों में केवाईसी का एकसमान मानदंड तय करना, वित्तीय क्षेत्र में केवाईसी रिकॉर्ड की अंतर-उपयोगिता और केवाईसी प्रक्रिया का सरलीकरण और डिजिटलीकरण शामिल है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,050 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,600-47,800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,400 |
| चांदी पक्की | 723 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## भारत का एक अपना मोबाइल ब्रांड विकसित करने की तैयारी में सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-हम कर रहे हैं काम



दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि सरकार देश में मोबाइल विनिर्माण की व्यापक सफलता से सीख लेकर एक भारतीय मोबाइल फोन ब्रांड विकसित करने पर काम कर रही है।

वैष्णव ने भुगतान सेवा प्रदाता फोनपे की तरफ से इंडस ऐप स्टोर को पेश करते हुए कहा कि सरकार बहुत जल्द दो-तीन सेमीकंडक्टर विनिर्माण संयंत्रों को मंजूरी दे सकती है। इस मौके पर वैष्णव ने कहा कि हम अपना खुद का भारतीय मोबाइल फोन ब्रांड विकसित करने की दिशा में काम करेंगे। हम देश में संपूर्ण हैंडसेट पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर काम करेंगे। वैष्णव ने कहा कि बड़े पैमाने पर मोबाइल विनिर्माण की हमारी शुरुआती सफलता ने हमें बहुत अच्छी सीख दी है। इसने उद्योग को बहुत आत्मविश्वास दिया है। इसने पारिस्थितिकी तंत्र भागीदारों को भारत आने के लिए प्रोत्साहन दिया है। अगले पांच वर्षों में यह सफर तय किया जाएगा।

## महिला किसानों की आजीविका बनेगी प्राकृतिक खेती

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**बढ़ेगी आय**

- हैदराबाद का राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान सखियों को देगा प्रशिक्षण
- 54 जिलों में 9368 आजीविका सखी महिला किसानों को सिखाएंगी खेती के गुर

**अमृत विचारः** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की कृषि सखी 54 जिलों में महिला किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ेंगी। जो कम लागत पर गुणवत्तायुक्त फसल के साथ उनकी आजीविका बढ़ाने में मददगार बनेंगी।

फसल की तैयारी करना, बीज व मृदा परीक्षण करना, जैविक खाद नीम ऑयल बनाना, फसल का बचाव करना आदि तौर-तरीके सिखाएंगी और बुआई से कटाई तक का उन्नत खेती का प्रशिक्षण देंगी। इससे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा और महिला किसानों की आय बढ़ेगी। कृषि मंत्रालय की इस योजना में सखियों को हैदराबाद के राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान द्वारा जिलों पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण देकर प्रमाणित किया जाएगा।

**अब पशु व कृषि सखी बनी आजीविका सखीः** पहले पशु व कृषि सखी अलग-अलग होती थीं। दोनों को समायोजित करके आजीविका सखी नाम दिया गया है। इन्हें राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अपने स्तर से प्रशिक्षित करता था। लेकिन, और बेहतरी के लिए अब कृषि विभाग विशेष प्रशिक्षण दिलाएगा। यह प्राकृतिक खेती के साथ पशु पालन की दिशा में भी काम करेंगी। क्योंकि ज्यादातर किसान पशु पालन करते हैं। प्रदेश में करीब 3300 आजीविका सखी हैं। मिशन 54 जिलों के लिए 9368 आजीविका सखी को एक सप्ताह में चयनित करेगा।

**ये होंगे मुख्य कार्य**

- मृदा प्रबंधन की जानकारी देना।
- स्वास्थ्य व केसीसी कार्ड बनवाना।
- एकीकृत पोषण प्रबंधन पर जागरूक करना।
- कृषि यंत्रीकरण व बीज उत्पादन कराना।
- मौसम व रोग-कीट से फसलों का बचाव।

**केंद्र की योजना में ये जिलेः** बरेली, लखनऊ, शाहजहांपुर, सहारनपुर, बिजनौर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, महोबा, आगरा, अलीगढ़, अंबेडकर नगर, औरैया, आजमगढ़, बागपत, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बुलंदशहर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोरखपुर, झांसी, मैनपुरी, मथुरा, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, संभल, संत रविदास नगर, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी।

> देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे
>
> **-दीपा रंजन,** मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन।

### जीडीपी वृद्धि कम होकर छह प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सितंबर तिमाही के 7.6 प्रतिशत की तुलना में नरम पड़कर छह प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इक्रा रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से वृद्धि दर में यह सुस्ती आने की आशंका है। इसके साथ ही इक्रा ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की अवधि में सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) वृद्धि छह प्रतिशत तक कम होने का अनुमान है।

## भारत को हर साल 9-10 % की वृद्धि की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत बोले



जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने बुधवार को कहा कि भारत वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा और 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए इसे तीव्र गति से बढ़ने की जरूरत है।

कांत ने ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन की तरफ से यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत को अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए अगले तीन दशक तक सालाना नौ-10 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। अब जापान, ब्रिटेन एवं जर्मनी सभी देशों के मंदी के दौर में चले जाने पर हमें इस काम को और अधिक तेजी से कर पाने में सक्षम होना चाहिए।'' फिलहाल भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार मौजूदा मूल्य के आधार पर 31 मार्च, 2024 तक लगभग 3.6 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान है। नीति आयोग के पूर्व प्रमुख कांत ने कहा, ''भारत को तीव्र गति से बढ़ने और 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए महत्वाकांक्षी होना महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा कि भारत उस समय से काफी आगे बढ़ चुका है जब उसे बहीखाते की समस्याओं का सामना करना पड़ा था। कांत ने कहा कि पश्चिमी देशों में सारे नवाचार गूगल, फेसबुक, अमेजन और एप्पल जैसी कंपनियों से आए। इसके उलट भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की ताकत को दर्शाया है।

# राष्ट्रीय

## किसान की मौत के बाद हरियाणा पर भड़के मान

### कहा-पोस्टमॉर्टम के बाद मामला दर्ज किया जाएगा और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगी

चंडीगढ़, एजेंसी



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि वह पंजाब-हरियाणा सीमा पर एक युवा किसान की मौत से दुखी हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मान ने एक वीडियो संदेश में कहा, ''पोस्टमॉर्टम के बाद मामला दर्ज किया जाएगा। किसान की मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

संगरूर-जींद सीमा पर खनौरी में बुधवार को पुलिस और किसानों के बीच हुई झड़प के दौरान शुभकरण सिंह (21) नामक एक किसान की मौत हो गई। पंजाब-हरियाणा सीमा पर शुभकरण सिंह की मौत के साथ ही कुछ अन्य घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब प्रदर्शनकारियों ने अपना 'दिल्ली चलो' आंदोलन फिर से शुरू किया और हरियाणा पुलिस ने शंभू तथा खनौरी सीमा पर अवरोधक तोड़ने के प्रयासों को विफल करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुभकरण की मौत पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, पंजाब के नौजवान शुभकरण की मौत बेहद दुखदाई है। क्या इसी दिन के लिए हमने आजादी की लड़ाई लड़ी थी कि एक दिन अपने ही देश में हमारे द्वारा चुनी हुई सरकारें हमारे ही बेटों को अंग्रेजों की तरह शहीद कर देंगी? उन्होंने कहा-हम पूरी तरह से शुभकरण के साथ हैं और उनके कातिलों को कड़ी सजा दिलवाएंगे। मान ने कहा कि कानून व्यवस्था नियंत्रण में है। हालांकि उन्होंने खनौरी की घटना के संदर्भ में हरियाणा पुलिस पर कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि किसान अपनी मांगों को लेकर राजधानी क्यों नहीं जा सकते। कहा-हरियाणा ने उन्हें क्यों रोका? वे शांतिपूर्ण तरीके से हरियाणा की सीमाओं पर पहुंचे, अगर हरियाणा सरकार ने उन्हें नहीं रोका होता, तो वे राष्ट्रीय राजधानी की ओर जा सकते थे, जहां वे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करते।

#### इतिहास एक दिन किसानों की हत्या का हिसाब जरूर मांगेगा



**नई दिल्ली।** अध्यक्ष राहुल गांधी ने खनौरी बॉर्डर पर गोलीबारी में एक किसान की मौत की घटना पर बुधवार को दुख जताया और दावा किया कि इतिहास एक दिन भाजपा से किसानों की हत्या का हिसाब जरूर मांगेगा। वहीं, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के 10 साल किसानों के लिए "पीठ पर लात और पेट पर लात" की तरह रहे हैं। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "खनौरी बॉर्डर पर युवा किसान शुभकरण सिंह की फायरिंग में मौत की खबर हृदयविदारक है, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। पिछली बार 700 से अधिक किसानों का बलिदान लेकर ही माना था मोदी का अहंकार, अब वो फिर से उनकी जान का दुश्मन बन गया है।

### दिल्ली में आग से बचने के लिए महिला चौथी मंजिल से कूदी, मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम दिल्ली के द्वारका में बुधवार को एक आवासीय इमारत में लगी आग से बचने के लिए उसकी चौथी मंजिल से कूदने पर 83 साल की एक महिला की मौत हो गई और एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान जासुरी देवी के रूप में हुई है और घायल महिला की पहचान 30 वर्षीय पूजा पंत के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि एक आवासीय इमारत में आग लगने की सूचना मिली और दलों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-बचाव कार्य के लिए मामले की जानकारी अग्निशमन अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें द्वारका के सेक्टर 10 इलाके में पैसिफिक अपार्टमेंट स्थित एक फ्लैट में आग लगी थी, तभी यह घटना हुई।

## खाने के पैकेट में लंदन भेजा जा रहा था मादक पदार्थ

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

**मफेड्रोन जब्ती मामला**

- शीर्ष अधिकारी ने बताया कूरियर फर्म के माध्यम से की जा रही थी तस्करी

पुणे पुलिस द्वारा मेफेड्रोन की अब तक की सबसे बड़ी जब्ती मामले की जांच से पता चला है कि इस मादक पदार्थ को खाने के पैकेट में छिपाकर दिल्ली की एक कूरियर फर्म के माध्यम से लंदन में तस्करी की जाती थी। एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा कि पुलिस ने अब तक पुणे और दिल्ली के कुछ स्थानों से लगभग 1,700 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया है। इस सिलसिले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके संबंधों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, ''जारी तलाशी अभियान में, हमारी टीम ने पुणे में 720 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया है, जिसमें से लगभग 600 किलोग्राम शहर के बाहरी इलाके में पुणे-सोलापुर रोड पर कुरकुंभ एमआईडीसी क्षेत्र में स्थित एक उत्पादन इकाई से बरामद किया गया।'' कुमार ने कहा, ''दिल्ली में जारी अभियान में अब तक 970 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद किया जा चुका है। जब्त किए गए प्रतिबंधित पदार्थ की कीमत 3,000 करोड़ रुपये से 3,500 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान है।''

उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुई बरामदगी में एक कूरियर फर्म का नाम सामने आया है। दिल्ली और पुणे पुलिस ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय राजधानी के कोटला मुबारकपुर और हौज खास इलाकों में छापेमारी की। कुमार ने कहा, ''हमें पता चला है कि प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ पैकेट में छिपाकर कुछ प्रतिबंधित पदार्थ दिल्ली स्थित एक कूरियर कंपनी के माध्यम से लंदन भेजा गया था।'' उन्होंने कहा कि इस कूरियर कंपनी के एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। कुमार ने कहा कि मेफेड्रोन का उत्पादन कुरकुंभ एमआईडीसी स्थित इकाई में किया जा रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली और पुणे के अभियान के अलावा, एक और कार्रवाई महाराष्ट्र के सांगली में की जा रही है जहां कुछ मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''अब तक, हमने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है और उनकी भूमिका की जांच की जा रही है। मामले के सिलसिले में पुणे पुलिस की कई टीम को देश के विभिन्न हिस्सों में भेजा गया है।'' इस बीच, मामले के दो मुख्य आरोपियों - भीमाजी सबाले (उत्पादन इकाई का मालिक) और युवराज भुजबल (केमिकल इंजीनियर) को एक स्थानीय अदालत ने 29 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

### एक नजर

#### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग आंशिक रूप से खोला गया

**जम्मू।** रामबन जिले में एक के बाद एक भूस्खलन की वजह से पिछले दो दिनों से बंद 270 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार अपराह्न यातायात एक तरफ से बहाल कर दिया गया। यातायात विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भूस्खलन और पहाड़ियों से पत्थर गिरने के बाद सोमवार सुबह राजमार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया था।

#### बिहार में सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत

**लखीसराय।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार के लखीसराय जिले में एक सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत होने पर शोक व्यक्त किया है। इस हादसे में पांच अन्य लोग घायल हुए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में मोदी ने कहा, ''बिहार के लखीसराय में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## राजस्थान के मुख्यमंत्री अब ट्रैफिक में आम आदमी की तरह चलेंगे

जयपुर, एजेंसी

- भजनलाल शर्मा ने जाम में गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए लिया फैसला



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अब ट्रैफिक में आम आदमी की तरह चलेंगे और लाल बत्ती पर भी रूकेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह फैसला अति विशिष्ट लोगों की आवाजाही के दौरान बार-बार लगने वाले ट्रैफिक जाम से आमजन को राहत दिलाने और जाम में गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए लिया है।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि अति विशिष्ट लोगों की आवाजाही के दौरान आम आदमी और गंभीर रोगियों को होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने बुधवार को यह निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने बुधवार को राजस्थान के पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू को इस फैसले के संबंध में निर्देश दिये। हालांकि, मुख्यमंत्री को प्रदान किया गया सुरक्षा घेरा यथावत जारी रहेगा। पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू ने बताया-मुख्यमंत्री को प्रदान की गई सुरक्षा कवर में कोई बदलाव नहीं होगा। अति विशिष्ट व्यक्ति की आवाजाही के दौरान नयी व्यवस्था का निर्णय आम लोगों और मरीजों को होने वाली यातायात समस्याओं के मद्देनजर लिया गया है।

**लाल बत्ती पर रुकेगा मुख्यमंत्री का काफिलाः** राजस्थान में अब मुख्यमंत्री का काफिला भी आमजन की तरह यातायात की लालबत्ती पर रुकेगा। राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने यह संवेदनशील निर्णय लिया है और वह अब आम राहगीर की तरह यातायात में चलेंगे। शहर में उनके काफिले के निकलते समय आमजन को होने वाली परेशानी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री ने लाल बत्ती पर अपना काफिला रुकवाने का फैसला किया है। श्री शर्मा ने पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू से कहा था कि उनके काफिले की वजह से यातायात रोक दिए जाने से आम लोगों को परेशानी होती है।

## गरीब कैदियों को जमानत के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित

नई दिल्ली,एजेंसी

- गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को जारी किया पत्र

गृह मंत्रालय ने उन गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो अपनी जमानत राशि का भुगतान करने में नाकाम रहने की वजह से जेल में बंद हैं। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को लिखे एक पत्र में कहा कि केंद्र सरकार से राज्य मुख्यालयों तक धन के निर्बाध प्रवाह के लिए प्रत्येक राज्य को एक समर्पित खाता खोलना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को धन वितरित किया जा सके।

पत्र के मुताबिक-गृह मंत्रालय ने वार्षिक 20 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है, जिसका इस्तेमाल राज्य और केंद्रशासित प्रदेश गरीब कैदियों को जेल से रिहाई के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के रूप में कर सकते हैं।'' पत्र में बताया गया कि योजना के उचित कार्यान्वयन और धन के निर्बाध प्रवाह के लिए राज्यों को इस संबंध में कई कदम उठाने के लिए कहा गया है।

### जम्मू-कश्मीर में दम घुटने से दो भाइयों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा जिले के एक मदरसे में ठंड से बचाव के लिए कमरे में जलाए गए अलाव के धुंए से दम घुटने से दो भाइयों मौत का मामला सामने आया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह घटना बांदीपोरा जिले के अस्तेंगो इलाके के फैज-उल-आलूम मदरसा में कल रात उस समय हुई जब एक रसोईया अपने दो बच्चों के साथ रात को सोने से पहले ठंड से बचाव के लिये कमरे में कोयले की अंगीठी जलाए हुए था। बाद में तीनों सो गये और कमरा धुएं से भर गया। इसमें रसोइया बेहोश पाया गया और दोनों बच्चे मृत पाये गए।

## मणिपुर के चुराचांदपुर में इंटरनेट सेवा निलंबन आदेश 26 तक बढ़ाया गया

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने चुराचांदपुर जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर इंटरनेट सेवाओं का निलंबन आदेश पांच दिनों के लिए और बढ़ा दिया है। एक पुलिसकर्मी के निलंबन के बाद इलाके में हिंसा भड़क गई थी और मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। मुख्य सचिव विनीत जोशी द्वारा जारी गृह विभाग के एक आदेश में कहा गया है, राज्य सरकार ने चुराचांदपुर जिले में मौजूदा कानून- व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के बाद जिले के पूरे राजस्व क्षेत्र में वीपीएन के माध्यम से दी जाने वाली इंटरनेट सेवाओं का निलंबन जारी रखने का फैसला किया है।

## अत्याचार के मामले में ममता ने पूर्ववर्ती सरकार को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

**संदेशखालि मामला**

- पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और टीएमसी नेताओं की आलोचना



भाजपा ने बुधवार को दावा किया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने पश्चिम बंगाल के लोगों पर अत्याचार के मामले में पूर्ववर्ती वामपंथी दलों की सरकार को पीछे छोड़ दिया है और लोकसभा चुनाव में जनता राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को करारा जवाब देगी। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न का मुद्दा उठाते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटकों की आलोचना की और इस मामले पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाए।

राष्ट्रीय राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में प्रसाद ने कहा,''संदेशखालि मुद्दा बहुत गंभीर होता जा रहा है। महिलाओं पर हमला, उनके साथ अमपानजनक व्यवहार और उनका यौन शोषण हमारे समाज और लोकतंत्र के लिए शर्म की बात है।'' भाजपा नेता ने राज्य में इस तरह की घटनाओं का बचाव करने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की और उनकी एवं अन्य विपक्षी पार्टियों की अंतरात्मा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, ''जब ममता बनर्जी माकपा के अत्याचारों के खिलाफ (अतीत में) संघर्ष करती थीं और इसके खिलाफ अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठती थीं तब हम सभी उनके प्रशंसक बन गए थे और उनके संघर्ष की सराहना किए करते थे। ज्यादती और पुलिस दमन के मामले में मौजूदा सरकार ने तत्कालीन माकपा शासन को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि यह शर्म की बात है। उनकी अंतरात्मा कहां है?

प्रसाद ने कहा, ''ममता जी आपको जवाब देना होगा। ममता जी आपको इसकी कीमत चुकानी होगी। जनता आपको राजनीतिक जवाब देगी। कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर सुंदरबन की सीमाओं पर स्थित संदेशखालि इलाके में स्थानीय महिलाओं द्वारा फरार तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां और उनके समर्थकों पर जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रसाद ने संदेशखालि मुद्दे पर नहीं बोलने के लिए कांग्रेस, आप, वाम दलों और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटकों की निंदा की और कहा कि उनकी चुप्पी उनके 'पाखंड और स्पष्ट दोहरे मापदंडों' का सबूत है।

# जायसवाल आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 20 में

## इंग्लैंड के खिलाफ शृंखला में लगातार दोहरे शतक जड़कर 14 पायदान की छलांग से 15वें स्थान पहुंचे

दुबई, एजेंसी





युवा भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ चल रही शृंखला में लगातार दोहरे शतक जड़कर 14 पायदान की छलांग से आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 20 में पहुंच गये। वह अभी बल्लेबाजी रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज हैं। जायसवाल लगातार दो टेस्ट में दोहरे शतक जड़ने वाले सात क्रिकेटरों की जमात में शामिल हो गए।

जायसवाल इस तरह विनोद कांबली और विराट कोहली के बाद लगातार दो टेस्ट शतक जड़ने वाले तीसरे भारतीय हैं। जायसवाल ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में पहली पारी में 209 रन जड़े। फिर राजकोट में दूसरी पारी में नाबाद 214 रन की पारी खेलकर उन्होंने भारत को इंग्लैंड पर 434 रन की बड़ी जीत दिलाई, जिससे घरेलू टीम ने शृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा कि राजकोट में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे रविंद्र जडेजा भी पहली पारी में 112 रन की शतकीय पारी की बदौलत बल्लेबाजी रैंकिंग में 41वें से 34वें स्थान पर पहुंच गए। जडेजा ने मैच में 7 विकेट झटके थे, जिससे वह गेंदबाजी रैंकिंग में 3 पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गये। राजकोट में 500 टेस्ट विकेट के क्लब में शामिल हुए अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन एक पायदान ऊपर चढ़कर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गये।

जडेजा और अश्विन टेस्ट आल राउंडर रैंकिंग में पहले दो स्थानों पर कायम हैं। जडेजा ने आल राउंडर सूची में 416 से 469 की करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग से अपना स्थान मजबूत किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से 12वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने राजकोट में पहली पारी में 131 रन बनाए थे। शुभमन गिल (91) 3 पायदान के लाभ से 35वें स्थान पर पहुंच गए। सरफराज खान और ध्रुव जुरेल ने रैंकिंग में 75वें और 100वें स्थान से प्रवेश किया। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शृंखला में नहीं खेल रहे हैं लेकिन वह सातवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड बेन डकेट पहली पारी में 153 रन की मदद से 12 पायदान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के केन वेलियमसन ने बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़ा था जिससे वह सात टेस्ट में सातवें सैकड़े से अरविंद डा सिल्वा, मोहम्मद युसूफ और क्लाइड वालकॉट के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों की जमात में शामिल हो गये।

# खराब फॉर्म में चल रहे बेयरस्टो को बाहर करने की कुक ने दी सलाह

लंदन, एजेंसी





इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने भारत के खिलाफ रांची टेस्ट से विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को टीम से बाहर रखने की सलाह दी जो अभी तक शृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। बेयरस्टो का भारत के खिलाफ शृंखला में प्रदर्शन काफी खराब रहा है। वह छह पारियों में शून्य, चार, 25, 26, 37 और 10 का स्कोर ही बना सके हैं, वहीं उनका औसत भी 17.00 रहा है। कुक ने कहा, मैं खिलाड़ी के हित के लिए उसे बल्लेबाजी लाइन अप से बाहर करने की बात कह रहा हूं क्योंकि मुझे लगता है कि अभी तक भारत का दौरा उसके लिए मुश्किल रहा है। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वह फिर कभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलेगा, लेकिन अच्छा है कि ऐसे किसी खिलाड़ी को उतारा जाये जो अभी तक इस शृंखला में नहीं खेला हो। कुक ने बेयरस्टो की जगह डैन लारेंस को शामिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब आप रन नहीं जुटा रहे हो तो कुछ गेंदबाज आपके खिलाफ दबाव बनाकर लय बना लेते हैं इसलिए मैं डैन लारेंस को मौका दूंगा, लेकिन एक अन्य पूर्व कप्तान माइकल एथरटन को लगता है कि इंग्लैंड टीम प्रबंधन बेयरस्टो का समर्थन करना जारी रखेगा। एथरटन ने कहा कि बेयरस्टो इस शृंखला के लिए अहम रहा है इसलिए मुझे नहीं लगता कि इस अहम मौके पर उसे छोड़ देंगे।

## खेल डायरी

### शीर्ष 100 से बाहर हुए सुमित नागल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल 16 अंक गंवाने के कारण विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए हैं। नागल एटीपी की नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीन पायदान नीचे 101वें स्थान पर खिसक गए हैं। पिछले साल इसी सप्ताह नागल ने एक क्वालीफायर के रूप में चेन्नई चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण 41 अंक हासिल किए थे। नागल को इन अंकों का बचाव करना था लेकिन वह पिछले सप्ताह बेंगलुरु ओपन में केवल 25 अंक ही हासिल कर पाए। नागल ने इस साल चेन्नई ओपन का खिताब जीतकर शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले भारत के कुछ खिलाड़ियों में अपना नाम लिखाया था। नागल अभी पुणे चैलेंजर में खेल रहे हैं। एकल में भारत के दूसरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन हैं जो 42 पायदान की लंबी चलांग लगाकर 420वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके बाद शशि कुमार मुकुंद (457), एसडी प्रज्वल देव (595) और दिग्विजय प्रताप सिंह (623) का नंबर आता है। रोहन बोपन्ना युगल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं।

### टखने की चोट से रियो ओपन से हटे अल्कराज़

**रियो डी जनेरियो।** दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्कराज टखने की चोट के कारण रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं। पहले सेट में जब स्कोर 1-1 से बराबरी पर था तब अल्कराज को कोर्ट छोड़ना पड़ा। इससे ब्राजील के थियागो मोंटेइरो दूसरे दौर में पहुंच गए। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला हमवतन फेलिप मेलिगेनी अल्वेस से होगा। पहले गेम के शुरू में ही अल्कराज का टखना मुड़ गया लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मोंटेइरो की सर्विस तोड़ी। ब्राजील के खिलाड़ी ने हालांकि अगले गेम में हिसाब बराबर कर दिया। इसके बाद अल्कराज़ ने मोंटेइरो से हाथ मिलाया और कोर्ट से बाहर चले गए।

### अमेरिका महिला फुटबॉल टीम 5-0 से जीती

**कार्सन (अमेरिका)।** ओलिविया मोल्ट्री के किए गए दो गोल की मदद से अमेरिका की महिला फुटबाल टीम ने शुरूआती कोंकाकाफ (उत्तरी, मध्य अमेरिका और कैरेबियाई देशों के फुटबॉल संघ का परिसंघ) महिला गोल्ड कप टूर्नामेंट के मैच में डोमिनिक गणराज्य को 5-0 से शिकस्त दी। ओलिविया (18 वर्ष) ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपना तीसरा मैच खेलते हुए मंगलवार की रात सातवें मिनट में और 58वें मिनट में दो गोल किए। अमेरिका के लिए अन्य तीन गोल लिन विलियम्स ने 30वें, जेना निग्सवोंगर ने 86वें और एलेक्स मोर्गन ने 90+2वें मिनट में किए। टूर्नामेंट में चार चार टीम के तीन ग्रुप हैं।

### डब्ल्यूटीटी टीम चैंपियनशिप: भारतीय टीमें प्री क्वार्टरफाइनल में



**बुसान (दक्षिण कोरिया)।** हरमीत देसाई के निर्णायक पांचवां मैच जीतने से भारतीय पुरुष टीम बुधवार को प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी जबकि महिला टीम ने 3-0 की आसान जीत से विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के अंतिम 16 चरण में प्रवेश किया। पुरुष टीम को कजाखस्तान को 3-2 से हराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी लेकिन महिला टीम ने इटली को आसानी से 3-0 से शिकस्त देकर अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष टीम अब मजबूत दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी जबकि महिला टीम का सामना बुधवार को चीनी ताइपे से होगा। हरमीत पहले मैच में किरिल गेरासिमेंको से 2-3 से हार गए जिसके बाद सीनियर साथी और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शरत कमल ने अलान कुरमांगालियेव से दो गेम पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 से हराकर भारत को बराबरी पर ला दिया। जी साथियान ने फिर 3-1 की आसान जीत से भारत को 2-1 से आगे कर दिया। शरत कमल हालांकि अपना दूसरा एकल मैच में किरिल से 1-3 से हार गये। निर्णायक मैच में हरमीत ने संयम बनाये रखा और 3-1 की जीत से पुरुष टीम को प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंचा दिया। महिला वर्ग में श्रीजा अकुला ने निकोलेटा स्टेफानोवा को 3-0 से, मनिका बत्रा ने जियोर्जिया पिकोलीन को 3-0 से और अयहिका मुखर्जी ने गाइया मोनाफार्डिनी को 3-1 से हरा दिया जिससे टीम ने अंतिम 16 में प्रवेश किया।

# तेज गेंदबाजों ने इंग्लैंड के खिलाफ शृंखला में अंतर पैदा किया: गिल

## 4 स्पिनरों ने 3 टेस्ट में 36 तो तेज गेंदबाजों ने 22 विकेट लिए

रांची, एजेंसी



शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि भले ही पिचें भारतीय तेज गेंदबाजों के पूरी तरह से पक्ष में नहीं रही हों लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट झटकने की उनकी काबिलियत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला में काफी अंतर पैदा किया।

आर अश्विन (11 विकेट), रविंद्र जडेजा (12), कुलदीप यादव (8) और अक्षर पटेल (5) इन सभी 4 स्पिनरों ने मिलकर तीन टेस्ट में 36 विकेट चटकाए हैं लेकिन भारतीय तेज गेंदबाज अभी तक 22 विकेट हासिल कर पाउहैं। गिल ने कहा कि तेज गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार अच्छी गेंदबाजी कर टीम को आगे बनाए रखा। गिल ने शुक्रवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले आयोजित मीडिया बातचीत के दौरान कहा कि हम भारत में जहां खेलें, विकेट स्पिनरों को थोड़ा मदद करते हैं। एश (अश्विन) भाई और जड्डू (जडेजा) भाई वैसे भी विकेट ले हीं लेंगे लेकिन हमारे तेज गेंदबाजों ने गेंदबाजी की है, उससे इस शृंखला में अंतर पैदा हुआ है। भारत हालांकि रांची टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के बिना होगा क्योंकि इस मुख्य तेज गेंदबाज को कार्यभार प्रबंधन के अंतर्गत आराम दिया गया है। उन्होंने अभी तक तीन टेस्ट में 17 विकेट झटके हैं और भारतीय गेंदबाजों में शीर्ष पर चल रहे हैं। लेकिन गिल ने कहा कि अन्य तेज गेंदबाजों को पास भी इन हालात का काफी अनुभव है जिससे वे प्रभाव डाल सकते हैं जिसके लिए उन्होंने मोहम्मद सिराज का उदाहरण दिया जिन्होंने राजकोट में चार विकेट झटके थे।

गिल ने कहा कि जैसा कि मैंने विराट भाई के बारे में कहा है, अगर 'बूम' भाई जैसा गेंदबाज नहीं खेल रहा है तो किसी भी टीम को उसकी कमी खलेगी, विशेषकर तब जब वह हमारे तेज गेंदबाजी आक्रमण का अगुआ हो। लेकिन अगर आप देखें तो सिराज ने पिछले मैच में अहम मौके पर 4 विकेट लिए थे।

उन्होंने कहा कि इसलिए मुझे लगता है कि सभी तेज गेंदबाजों के पास भारतीय परिस्थितियों का काफी अनुभव है, विशेषकर रिवर्स स्विंग गेंदबाजी का। गिल ने कहा कि कोहली और बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति युवा खिलाड़ियों के लिए बड़े मंच पर अपनी काबिलियत साबित करने का बेहतरीन मौका है। उन्होंने सरफराज खान का उदाहरण दिया जिन्होंने राजकोट में पदार्पण टेस्ट में दो अर्धशतक जमाए। गिल ने कहा कि विराट भाई तीन टेस्ट से हमारे साथ नहीं हैं, उनकी अनुपस्थिति से असर पड़ता है। मुझे लगता है कि सरफराज ने अच्छा खेल दिखाया। इसलिये मुझे लगता है कि खिलाड़ी मिले मौकों का अच्छा फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों को विराट या बुमराह के नहीं होने से मौका मिला।

यशस्वी जायसवाल ऐसे ही खिलाड़ियों में से एक हैं जिसने मिले मौके का पूरा फायदा उठाया। जायसवाल पारी का आगाज करते हुए अब तक 546 रन बना चुके हैं जिसमें लगातार दो दोहरे शतक शामिल हैं।

### उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने से मुझे निराशा हुई: गिल

शुभमन गिल के सामने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला से पहले कुछ चुनौतियां थी, जिनमें फॉर्म में वापसी करना भी शामिल था क्योंकि अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाने से वह निराश थे। गिल के लिए तीसरे नंबर पर उतरना नया अनुभव था। उन्होंने इस नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अभी तक 5 मैच की शृंखला के पहले 3 मैच में 252 रन बनाए हैं, जिसमें विशाखापत्तनम में खेली गई 104 रन की पारी और राजकोट में बनाए गए 91 रन भी शामिल हैं।

# रांची की पिच पर मुकाबला बराबरी का होगा: पोप

रांची, एजेंसी



- हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में 'स्पोर्टिंग पिच'

इंग्लैंड के उप कप्तान ओली पोप ने बुधवार को कहा कि चौथे टेस्ट में 'टर्न' लेती पिच से उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि मुकाबले में शुरू से ही स्पिनरों को मदद मिलने से मुकाबला बराबरी का हो जाएगा। हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में सभी टेस्ट में 'स्पोर्टिंग पिच' (जिसमें स्पिनरों और तेज गेंदबाजों तथा बल्लेबाजों को मदद मिले) थीं जो मुख्य रूप से स्पिनरों के लिए मुफीद नहीं थी बल्कि इसमें सभी के लिए कुछ न कुछ मौजूद था।

पोप ने कहा, अगर यह पहली गेंद से स्पिन होती है तो इससे टॉस की भूमिका महत्वहीन हो जायेगी। इससे मैदान पर बराबरी की टक्कर होगी। कई दफा शुरू में विकेट सपाट होता है लेकिन फिर यह खराब होने लगता है। हमने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहला टेस्ट जीता। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पिछले दो टेस्ट जीते। अगर आप थोड़े सपाट विकेट पर पहले बल्लेबाजी करते हैं तो इससे नतीजा तय नहीं होता लेकिन इससे आपको फायदा मिलता है। हैदराबाद में इंग्लैंड के नायकों में एक पोप को लगता है कि जिस विकेट पर अच्छा टर्न मिलेगा, इससे उन्हें विकेट झटकने के विकल्प मिल जाएगे। उन्होंने कहा, हम जैसी उम्मीद लगाए हैं, अगर यह थोड़ा इसी तरह बर्ताव करेगा तो हमारा मैच में पलड़ा भारी होगा। हमारे पास कुछ युवा स्पिनर हैं, उन्हेंाने अच्छी पिचों पर अच्छी गेंदबाजी की है। इससे निश्चित रूप से हमें विकेट झटकने के मौके मिलेंगे।

उन्होंने सपाट पिच पर अच्छा काम किया है। पोप ने भारतीय स्पिनरों के असर को कम करने के लिए स्वीप शॉट का सहारा लिया था और 196 रन की पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने शृंखला के शुरूआती मैच में जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा हमने महसूस किया कि जडेजा, अश्विन और कुलदीप स्पिन लेती पिचों पर किस तरह का खतरा पैदा कर सकते हैं। पोप ने कहा, हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें दबाव में बनाये रखना होगा जैसा हमने हैदराबाद में दूसरी पारी में किया था। अगर पिच वैसे स्पिन करती है तो टेस्ट से पहले हमारा काफी मनोबल बढ़ा होगा।

# रांची टेस्ट मैच के दौरान फिर से धोनी से मिलना चाहते हैं जुरेल

रांची, एजेंसी



युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के दौरान फिर से करिश्माई पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से मिलने की तमन्ना रखते हैं। राजकोट में भारत की पहली पारी में 46 रन बनाकर शानदार पदार्पण करने वाले जुरेल 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में अपने पहले वर्ष के दौरान केवल एक बार धोनी से मिले हैं। लेकिन यह विकेटकीपर फिर से धोनी से मिलकर उनसे ज्यादा से ज्यादा चीजें सीखना चाहता है। जुरेल ने कहा कि माही भाई से मिलना मेरा सपना है। पिछली बार मैं आईपीएल में उनसे मिला था लेकिन मैं भारतीय जर्सी में उनसे मिलना चाहता हूं। जब भी मैंने उनसे बात की है, मुझे कुछ चीजें सीखने को ही मिली हैं जिससे मुझे मेरे क्रिकेट में काफी मदद मिली। उन्होंने कहा कि मैं रांची में माही भाई से मिलने और उनसे बात करने की कोशिश करूंगा। जुरेल ने कहा कि मैं खड़े होकर उन्हें देख रहा था कि क्या धोनी मेरे सामने खड़े हैं।

# भारतीय महिला टीम ने एस्तोनिया को हराया

अलान्या (तुर्की), एजेंसी



भारतीय फुटबॉल टीम ने स्ट्राइकर मनीषा कल्याण के दो गोल के दम पर बुधवार को तुर्की महिला कप में एस्तोनिया को कड़े मुकाबले में 4-3 से शिकस्त दी जो उसकी किसी यूरोपीय देश के खिलाफ पहली जीत है। चाओबा देवी की कोचिंग वाली टीम ने इतिहास रच दिया क्योंकि भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम ने कभी भी यूएफा परिसंघ की टीम के खिलाफ आधिकारिक मुकाबले में जीत दर्ज नहीं की थी।

पहले हाफ के बाद दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर चल रही थीं। मनीषा ने 17वें और 81वें मिनट में दो गोल दागे जबकि इंदुमति काथिरेसन (62वें मिनट) और प्यारी खाका (79वें मिनट) ने भारत के लिए अन्य गोल दागे। एस्तोनिया की ओर से लिसेटे तामिक ने 32वें मिनट, व्लाडा कुबासोवा ने 88वें मिनट और मारी लिस लिलेमाए ने 90वें मिनट में गोल किये। मैच में भारतीय टीम की शुरूआत काफी अच्छी रही जिसने मनीषा के गोल से बढ़त हासिल की। एस्तोनिया ने हालांकि तामिक के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। लेकिन इंदुमति, खाका और मनीषा ने स्कोर 4-1 कर दिया जिससे लग रहा था कि भारतीय टीम बड़े अंतर से जीत हासिल करेगी। लेकिन मैच के अंतिम छोर में व्लाडा ने 88वें मिनट में और मैरी ने 90वें मिनट में गोल दाग दिये। पर भारतीय डिफेंस ने मैच के दौरान शानदार प्रदर्शन किया और भारत ने यादगार जीत दर्ज की। भारत ने जवाबी हमले से एस्तोनिया पर हमले करने के इराद से शुरूआत की जिसके लिए उसने अपनी तेज विंगर का इस्तेमाल किया और प्रतिद्वंद्वी टीम को बॉक्स के करीब जाने दिया।



# बॉलीवुड हलचल

## फ़िल्म 'सबपे भारी जनेऊ धारी' रिलीज




**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के निर्माता-निर्देशक अजय सिन्हा की भोजपुरी फिल्म 'सबपे भारी जनेऊ धारी' रिलीज हो गई है। अजय ने कहा कि हमने एक शानदार फिल्म बनाई थी, जो दर्शकों को पसंद आ रही है। सेंसर बोर्ड ने फिल्म से कई सीन कटवाए, बावजूद रिलीज के बाद इसका कोई असर फिल्म पर नहीं दिख रहा है। लोग फिल्म को पसंद कर रहे हैं। यह हमारे लिए शानदार खबर है और हम दर्शकों को धन्यवाद देते हैं कि आपको हमारी फिल्म पसंद आ रही है। मैं दर्शकों से ये ही आग्रह करूंगा कि जिन्होंने फिल्म देख ली है, वो आगे भी अपने दोस्तों और परिजनों को फिल्म देखने के लिए प्रेरित करें। इस फिल्म में कहानी और संवाद के साथ गीत संगीत भी आपके मन को मंत्रमुग्ध करने वाले हैं और साथ ही एक सार्थक संदेश भी है, जो युवा पीढ़ियों के लिए आवश्यक है।

### आर्टिकल 360 के लिए यामी सीख रहीं हथियार चलाना



अभिनेत्री यामी गौतम आर्टिकल 360 में एक खुफिया अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म में अपने प्रदर्शन को काफी तैयारी कर रही हैं। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और अपनी कला के प्रति समर्पण के लिए मशहूर यामी गौतम अपनी आगामी एक्शन-पॉलिटिकल थ्रिलर, आर्टिकल 360 के साथ पूरी तरह से नई रोशनी में अपना कौशल दिखाने के लिए तैयार हो रही हैं। अपने परिवर्तनकारी प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री ने गहन तैयारी शुरू कर दी है।अपने चरित्र में प्रामाणिकता और गहराई लाने की खोज में यामी गौतम ने सैन्य सलाहकार लेफ्टिनेंट कर्नल केशवेंद्र सिंह (सेवानिवृत्त) और हथियार प्रशिक्षण प्रशिक्षक, भूषण वर्तक (एनएसजी) के साथ कई हफ्तों तक 1.5 से 2 घंटे का कठोर प्रशिक्षण सत्र समर्पित किया, जिससे उन्हें निखारा जा सके। बॉम्बे और दिल्ली दोनों में अभ्यास हॉल में शारीरिक और युद्ध कौशल। उन्होंने राइफल शूटिंग, युद्ध तकनीकों की बारीकियों को गहराई से समझा, यह सुनिश्चित किया कि हर पंच, किक और चाल स्क्रीन पर प्रामाणिकता और सटीकता के साथ गूंजती है।

## लवली का 'गलिया प रंगवा लगईता' जारी



**मुंबई, एजेंसी।** वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स से गोल्डी यादव और लवली काजल का नया होली गीत 'गलिया प रंगवा लगईता' रिलीज किया गया है। गाने में लवली काजल होली के त्योहार में मदमस्त होकर नाच रही हैं। वही अपनी सहेलियों से अपने पिया के बारे में चर्चा कर रही हैं। गाने में लवली काजल कहती है कि सरधा ई बाटे कि हमरा हो हाथे, दूध में से पुआ तू त खइता, होलिया में पिया मोर अइता, आके होलिया में रंगवा लगइता। वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी प्रस्तुत होली गीत गलिया प रंगवा लगईता को गोल्डी यादव ने गाया है। वही इसमें लवली काजल ने परफॉर्म किया है। इस गाने के गीतकार मुकेश मिश्रा हैं। गाने का संगीत विक्की बॉक्स ने दिया है। गाने का निर्माण निर्माता रत्नाकर कुमार ने किया है। इसके निर्देशक सुनील बाबा हैं। कोरियोग्राफ गोल्डी, सनी, एडिटर आलोक यादव, डीआई रोहित सिंह, मिक्स मास्टर अंकित अहीर ने किया है। गाने के राइट्स वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के पास हैं।

### नमस्ते सासू जी का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** मैड्ज मूवी प्रस्तुत ,वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन की भोजपुरी फिल्म नमस्ते सासू जी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में है और उनके साथ गौरव झा और देव सिंह भी हैं। इसका ट्रेलर इंटर 10 रंगीला पर रिलीज हुआ है। निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं और निर्देशक काली प्रसाद सिंह हैं।

## शाहरूख को जवान के लिए मिला 'दादा साहब फाल्के अवॉर्ड'



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान को फिल्म जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का 'दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड' दिया गया। नयनतारा को फिल्म जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड दिया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (निगेटिव रोल) - बॉबी देओल (एनिमल के लिए), सर्वश्रेष्ठ निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा (एनिमल के लिए), सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक्स कैटेगरी में) विकी कौशल (सैम बहादुर के लिए) दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड् से सम्मानित किए गए। शाहरुख खान ने कहा कि कई सालों से मुझे बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड नहीं मिला था। मुझे लगने लगा था कि अब यह अवॉर्ड मुझे नहीं मिलेगा। मैं इस अवॉर्ड को पाकर बहुत खुश हूं, मुझे अवॉर्ड पाकर हमेशा ही अच्छा लगता है। ट्रॉफीज मुझे आकर्षित करती हैं। मैंने लोगों का मनोरंजन करने की कोशिश की है। अब मुझे लगता है कि मेरी मेहनत रंग लाई है। मैं जवान देखने वाले दर्शकों का भी शुक्रिया करता हूं।

### विक्की ने दादा साहब फाल्के अवार्ड भारतीय सेना को किया समर्पित



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता विक्की कौशल ने दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड सेना को समर्पित किया है। विक्की कौशल ने फिल्म 'सैम बहादुर' में अपने किरदार के लिए बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) का पुरस्कार पाया है। विक्की कौशल इस अवॉर्ड को लेने के लिए खुद नहीं जा सके, ऐसे में उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है। वीडियो में विक्की ने कहा, सैम बहादुर में मेरे काम के लिए मुझे बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) के अवार्ड से सम्मानित करने के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार की जूरी को धन्यवाद। क्षमा करें, कुछ कारणों से मुझे मुंबई से बाहर यात्रा करनी पड़ी, मैं कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पा रहा हूं, लेकिन धन्यवाद; यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यह बड़ा सम्मान है, और मैं निर्देशक मेघना गुलजार, निर्माता रोनी स्क्रूवाला और 'सैम बहादुर' की टीम (जिसमें सभी तकनीशियन, लेखक और मेरे सह-अभिनेता हैं) के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनके समर्थन ने मुझे सक्षम बनाया, जिनकी वजह से मैं बेस्ट दे पाया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

बंधन



बॉलीवुड कपल रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी एक-दूसरे के हो गए हैं। जैकी और रकुल दुल्हा-दुल्हन बने प्यारे लग रहे हैं। कपल ने इंस्टाग्राम पर खुद वेडिंग फोटोज शेयर की है।

## सीमा विवादः भारतीय पक्ष ने डेपसांग और डेमचोक में लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला

# भारत-चीन ने सैन्य वार्ता की, समाधान का संकेत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में साढ़े तीन साल से अधिक पुराने सीमा विवाद को हल करने के लिए नए दौर की उच्चस्तरीय सैन्य वार्ता की, जिसमें दोनों पक्ष जमीन पर "शांति और स्थिरता" बनाए रखने पर सहमत हुए लेकिन गतिरोध के समाधान का कोई संकेत नहीं दिखा। भारत-चीन कोर कमांडर स्तर की 21वें दौर की वार्ता 19 फरवरी को चुशूल-मोल्डो सीमा बैठक बिंदु पर आयोजित की गई।

घटनाक्रम से परिचित लोगों ने कहा कि भारतीय पक्ष ने डेपसांग और डेमचोक में लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला, लेकिन बातचीत में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष समाधान के आगे के तरीकों पर उचित सैन्य और राजनयिक तंत्र के माध्यम से संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। इसने कहा कि दोनों पक्षों ने मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण" माहौल में हुई वार्ता में मुद्दे पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्ष उचित सैन्य और राजनयिक तंत्र के माध्यम से आगे के रास्ते पर संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। उन्होंने अंतरिम रूप से सीमावर्ती

- 20वें दौर की सैन्य वार्ता 9 और 10 अक्टूबर को हुई थी

क्षेत्रों में जमीन पर शांति बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई। इससे पहले, 20वें दौर की सैन्य वार्ता 9 और 10 अक्टूबर को हुई थी। वार्ता के उस दौर के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा था कि दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ शेष मुद्दों के शीघ्र और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए स्पष्ट, खुले और रचनात्मक तरीके से विचारों का आदान-प्रदान किया। पिछले महीने थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा था कि पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर स्थिति "स्थिर", लेकिन "संवेदनशील" है। उन्होंने कहा था कि किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए भारतीय सैनिकों की अत्यधिक उच्च स्तर की अभियानगत तैयारी बरकरार है। जनरल पांडे ने यह भी कहा था कि भारत और चीन दोनों 2020 के मध्य में मौजूद रही "यथास्थिति" पर लौटने के उद्देश्य से सैन्य और राजनयिक स्तरों पर बातचीत जारी रखे हुए हैं।

### लद्दाख सीमा पर गतिरोध भी हुआ था पैदा

वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लेह मुख्यालय वाली 14वीं कोर के कमांडर ने किया जबकि चीनी दल का नेतृत्व दक्षिण शिनजियांग सैन्य जिले के कमांडर ने किया। भारत कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी तब तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा हो गया था। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में काफी तल्खी आ गई थी। यह दो दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे बड़ा सैन्य संघर्ष था।

## इंदौर के युवा पेशेवर ने थाईलैंड की महिला से रचाई शादी

**इंदौर।** जिले के जिलाधिकारी कार्यालय ने दो अलग-अलग संस्कृतियों के जोड़े की शादी पर सरकारी मोहर लगा दी है। शहर के एक युवा पेशेवर ने थाईलैंड की एक महिला के साथ अपनी शादी को इस कार्यालय में पंजीकृत कराया है। प्रशासन के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अतिरिक्त जिलाधिकारी (एडीएम) रोशन राय ने बताया कि इंदौर के प्रतीक दीक्षित ने थाईलैंड की सुपात्रा से मंगलवार को विशेष विवाह अधिनियम के तहत अपनी शादी पंजीकृत कराई और इस जोड़े के नाम इसका प्रमाणपत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि वर या वधू में से कोई भी एक व्यक्ति भारतीय नागरिक हो, तो जोड़े की शादी को देश के विशेष विवाह अधिनियम के तहत पंजीकृत किया जा सकता है। दूल्हे प्रतीक दीक्षित ने बताया, सुपात्रा पहले मेरे साथ एक बैंक में काम करती थीं। मैं अपनी पहली नौकरी के दौरान उनसे पुणे में मिला था। उन्होंने बताया कि सुपात्रा की मां, दीदी और बहनोई उनकी शादी में शामिल होने थाईलैंड से इंदौर आए। दुल्हन सुपात्रा ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, मैं अपनी शादी से निश्चित तौर पर उत्साहित हूं, पर अभी मीडिया के कैमरों से मुझे थोड़ी घबराहट भी हो रही है।

## एक नजर

### ब्रिटेन में भारतीय रेस्तरां प्रबंधक की मौत, जांच

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतीय रेस्तरां के 36 वर्षीय एक प्रबंधक की साइकिल से घर जाते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। ब्रिटेन की पुलिस इस मामले की जांच हत्या के दृष्टिकोण से कर रही है। पुलिस इस सिलसिले में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। विग्नेश पट्टाभिरमण 14 फरवरी को दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के रीडिंग इलाके में भारतीय रेस्तरां में अपने कार्यस्थल से साइकिल से घर वापस आ रहे थे कि तभी रास्ते में कैडुगन प्लेस जंक्शन पर एक वाहन से उनकी टक्कर हो गई। टेम्स वैली पुलिस ने कहा कि विग्नेश को रॉयल बर्कशायर अस्पताल ले जाया गया वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। टेम्स वैली पुलिस की प्रमुख अपराध इकाई के वरिष्ठ जांच अधिकारी स्टुअर्ट ब्रैगविन ने कहा, हमारी संवेदनाएं श्री रमण के परिवार के साथ हैं। अधिकारियों द्वारा उनके परिवार के साथ विशेष रूप से सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम उनकी मौत की परिस्थितियों की जांच कर रहे हैं और अब इस सिलसिले में गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

### इजरायली मिसाइल ने दमिश्क को बनाया निशाना

**यरूशलेम।** इजरायली सेना ने बुधवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक आवासीय इमारत पर मिसाइल हमले किए। राज्य मीडिया और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी 'सना' ने कहा कि इजरायली सेना ने काफर सौसा में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया लेकिन कोई विस्तृत विवरण नहीं दिया। इस बीच सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को बताया कि इजरायली हमले में चाम सिटी सेंटर शॉपिंग मॉल के पास एक आवासीय अपार्टमेंट और काफर सौसा में एक ईरानी स्कूल को निशाना बनाया गया।


# पाकिस्तान में शहबाज फिर बनेंगे पीएम आसिफ जरदारी दूसरी बार होंगे राष्ट्रपति

## पीपीपी और पीएमएल-एन के बीच नई गठबंधन सरकार पर सहमति बनी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच सरकार गठन को लेकर जारी बातचीत आखिरकार रंग लाई और दोनों दलों के बीच नई गठबंधन सरकार बनाने को लेकर समझौता हो गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने यह जानकारी दी।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने मंगलवार देर रात घोषणा की कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ (72) प्रधानमंत्री पद संभालेंगे, वहीं पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी (68) दूसरी बार देश के राष्ट्रपति बनेंगे। बिलावल ने संवाददाताओं से कहा, पीपीपी और पीएमएल-एन के पास पर्याप्त संख्या बल है और हम सरकार बनाने की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवार और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) केंद्र में सरकार बनाने के लिए संसद में बहुमत हासिल नहीं कर सके।



- पीपुल्स पार्टी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने की घोषणा

इस दौरान शहबाज शरीफ ने कहा कि पीपीपी के साथ सरकार बनाने के लिए उनकी पार्टी पीएमएल-एन के पास अब आवश्यक संख्या बल है। साथ ही उन्होंने वार्ता के सकारात्मक निष्कर्ष के लिए दोनों दलों के नेतृत्व को धन्यवाद दिया। इस बीच पूर्व प्रधानमंत्री खान की पार्टी पीटीआई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पीपीपी और पीएमएल-एन गठबंधन पर निशाना साधा है। जियो न्यूज ने बताया कि पीएमएल-एन के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों दलों की समन्वयक समिति के मंगलवार को समझौते पर सहमत होने के बाद एक और कार्यकाल के लिए नामित होंगे। पीपीपी के पूर्व अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद के लिए नामित होंगे।

### नए सिरे से चुनाव कराने की याचिका खारिज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में कथित अनियमितताओं को लेकर नए सिरे से चुनाव कराने का अनुरोध करने वाली एक याचिका को लोकप्रियता हासिल करने का हथकंडा बताते हुए खारिज कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने अदालत के समक्ष पेश न होने को लेकर पूर्व सैन्य अधिकारी व याचिकाकर्ता पर जुर्माना भी लगाया। सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर अली खान ने पिछले सप्ताह उच्चतम न्यायालय से निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए न्यायपालिका की निगरानी में 30 दिन के भीतर नए चुनाव कराने का आदेश देने का अनुरोध किया था। उन्होंने इस मामले के निस्तारण तक नई सरकार के गठन पर रोक लगाने का आदेश देने का भी अनुरोध किया था। हालांकि, याचिकाकर्ता लगातार दो बार सुनवाई के दौरान पेश नहीं हुआ। इसके बाद पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा, न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली की पीठ ने याचिका का निस्तारण कर दिया और याचिकाकर्ता पर 5,00,000 पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया।

### पाकिस्तान में आम चुनाव में गड़बड़ी के आरोपों की व्यापक तरीके से जांच होनी चाहिए : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि पाकिस्तान में हाल में संपन्न आम चुनावों में हस्तक्षेप या गड़बड़ी के आरोपों की देश के कानूनों और प्रक्रियाओं के तहत पारदर्शी तरीके से व्यापक जांच की जानी चाहिए। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को यह टिप्पणी की। मिलर चुनाव में धांधली के संबंध में रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा द्वारा लगाए गए आरोपों से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे थे। वरिष्ठ पाकिस्तानी नौकरशाह ने 17 फरवरी को आरोप लगाया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश आठ फरवरी को हुए चुनावों में "गड़बड़ी" में शामिल थे। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संसद में सबसे बड़े समूह के रूप में उभरने और सामने आए जनादेश के बारे में पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में मिलर ने कहा, मैं पाकिस्तान के आंतरिक मामले में नहीं पड़ना चाहता। उन्होंने कहा कि वह यह मामला पाकिस्तान पर छोड़ देंगे लेकिन हम चाहते हैं कि गड़बड़ी के किसी भी दावे या अनियमितताओं के आरोपों की पूरी जांच हो।

## रायसीना डायलॉग 2024



नई दिल्ली में कार्यक्रम के दौरान ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

## ब्रिक्स के आवेदन पर जल्द विचार की उम्मीद में पाकिस्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी :** पाकिस्तान को विश्व की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं के संगठन 'ब्रिक्स' में शामिल होने के अपने आवेदन पर जल्द ही विचार होने की उम्मीद है। पाकिस्तान की सीनेट की रक्षा समिति के अध्यक्ष मुशाहिद हुसैन सैयद ने स्पूतनिक से कहा कि उनके देश को 'ब्रिक्स' में शामिल होने के अपने आवेदन पर जल्द ही विचार होने की उम्मीद है और पाकिस्तान की उपस्थिति से ब्लॉक और मजबूत होगा।

## उत्तरी गाजा में अराजकता के कारण खाद्य पदार्थ की आपूर्ति रोकी गई

रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी

विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने मंगलवार को कहा कि इजराइल-फलस्तीन युद्ध के कारण पूरे क्षेत्र में बढ़ती अराजकता के बीच उसने उत्तरी गाजा में खाद्य पदार्थ की अपूर्ति रोक दी है, जिससे भुखमरी की आशंका बढ़ गयी है।

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) द्वारा किए गए अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है कि उत्तरी गाजा में छह में से एक बच्चा अत्यंत कुपोषित है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार पिछले दो हफ्तों में बढ़ते युद्ध के कारण ट्रकों का प्रवेश आधा हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों और राहत-बचाव कर्मियों ने कहा कि इजराइल की बमबारी और जमीनी हमलों के बीच ट्रकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उसकी नाकामी के कारण ट्रकों का आगमन और खाद्य पदार्थ का वितरण बाधित हुआ है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा न मुहैया कराने के कारण भुखमरी का सामना कर रहे फलस्तीनी अक्सर खाद्य पदार्थ से लदे इन ट्रकों पर टूट पड़ते हैं।

# नीट-यूजीः पांच मई को 14 विदेशी शहरों में होगी मेडिकल प्रवेश परीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

मेडिकल के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) पांच मई को 14 विदेशी शहरों के परीक्षा केंद्रों पर भी आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को यह घोषणा की। यह कदम एनटीए को उम्मीदवारों से अनुरोध मिलने के बाद उठाया गया है, क्योंकि इस महीने की शुरुआत में परीक्षा के संबंध में जारी सूचना बुलेटिन में परीक्षा देने के लिए भारत के बाहर केंद्रों का कोई उल्लेख नहीं था।

एनटीए की वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा) साधना पाराशर ने कहा, यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा 12 देशों के 14 विदेशी शहरों में भी आयोजित की जाएगी।

- नीट-यूजी परीक्षा पूरे भारत में 554 केंद्रों पर आयोजित होगी

जिन 14 विदेशी शहरों में परीक्षा आयोजित की जाएगी, उनमें दुबई, अबू धाबी, शारजाह (यूएई), कुवैत शहर (कुवैत), बैंकॉक (थाईलैंड), कोलंबो (श्रीलंका), दोहा (कतर), काठमांडू (नेपाल), कुआलालंपुर (मलेशिया), लागोस (नाइजीरिया), मनामा (बहरीन), मस्कट (ओमान), रियाद (सऊदी अरब) और सिंगापुर शामिल हैं।

नीट-यूजी परीक्षा पूरे भारत में 554 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पाराशर ने कहा, जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही भारत में केंद्रों का चयन कर लिया है और विदेशी केंद्रों के विकल्प के बिना शुल्क का भुगतान कर दिया है, लेकिन वे भारत के बाहर के केंद्रों पर परीक्षा देना चाहते हैं, उन्हें पंजीकरण खिड़की पर सेवा समाप्त होने के बाद केंद्र और देश की पसंद में बदलाव करने का अवसर मिलेगा। नीट-यूजी आयुर्विज्ञान तथा शल्य-चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस), दंत चिकित्सा स्नातक (बीडीएस), आयुर्वेद, औषधि एंव शल्य चिकित्सा स्नातक (बीएएमएस), सिद्ध औषधि एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (बीएसएमएस) और यूनानी औषधि एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (बीयूएमएस) समेत अन्य मेडिकल कोर्स में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि नौ मार्च है जबकि परीक्षा का परिणाम 14 जून को घोषित किया जाएगा।

## भारतीय रेस्तरां प्रबंधक पर सात साल का प्रतिबंध

**लंदन।** पूर्वी इंग्लैंड में एक भारतीय रेस्तरां के प्रबंधक पर बांग्लादेश से तीन श्रमिकों की अवैध भर्ती करने के लिए कंपनी के निदेशक के रूप में सात साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इकबाल हुसैन (51) ने हर्टफोर्डशायर के स्टैनस्टेड एबॉट्स क्षेत्र में स्थित टेस्ट ऑफ राज' में श्रमिकों को काम पर रखा था। 2020 में आव्रजन प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा रेस्तरां पर छापा मारने के बाद यह जानकारी सामने आई। ब्रिटेन की परिसमापन सेवा ने हुसैन पर 2031 तक व्यवसाय चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आवश्यक जांच सुनिश्चित करने में इकबाल हुसैन की विफलता के परिणामस्वरूप आव्रजन, शरण और राष्ट्रीयता अधिनियम 2006 के उल्लंघन में तीन अवैध श्रमिकों को रोजगार मिला।

## जागरूकता अभियान



मेरठ : उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी मतदान जागरूकता अभियान के तहत हाथों में तख्तियां लिए हुए।

## ट्रंप की संभावित उपराष्ट्रपति की सूची में रामास्वामी का नाम

**वाशिंगटन।** जैव प्रौद्योगिकी उद्यमी से राजनीतिक नेता बने भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी उन नामों में शामिल हैं, जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति चुनावों के लिए अपने संभावित साथी यानी उपराष्ट्रपित के रूप में विचार कर रहे हैं। पोलिटिको डाट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, फॉक्स न्यूज 'टाउन हॉल' कार्यक्रम के दौरान मेजबान ने ट्रंप से उपराष्ट्रपति पद लिए उनकी पसंद के छह संभावित विकल्पों के बारे में पूछा। इस पर ट्रंप ने दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस, हवाई की पूर्व सांसद तुलसी गेबार्ड, विवेक रामास्वामी, फ्लोरिडा के प्रतिनिधि बायरन डोनाल्ड्स और साउथ डकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम नाम लिया।

## हिमाचल में बर्फबारी, 387 मार्गों पर आवाजाही बंद

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के जनजातीय और पर्वतीय इलाकों पर एक बार फिर से बर्फबारी और बारिश होने के बाद बुधवार को लोगों ने कंपकंपाती ठंड का अनुभव किया और न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। राज्य आपात प्रतिक्रिया केंद्र ने बताया कि चार राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कुल 387 मार्गों पर बर्फबारी की वजह से वाहनों की आवाजाही बंद हो गयी और बिजली के 895 ट्रांसफार्मर ठप पड़ गये।

लाहौल और स्पीति में सबसे ज्यादा 288 मार्गों पर आवाजाही बाधित हुई। वहीं चंबा और कुल्लू में क्रमशः 77 और 12 मार्गों पर वाहन नदारद दिखे। कोकसर और अटल टनल के इलाकों में 45 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई, वहीं सिस्सू और कोठी में 30 सेंटीमीटर तक बर्फबारी दर्ज की गई। केलांग, कुसुमसेरी और भारमौर में क्रमशः 18 सेंटीमीटर, 15.3 सेंटीमीटर और आठ सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गयी। केंद्र के मुताबिक, मनाली में सबसे अधिक 29 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मनाली के बाद सलूनी, तिस्सा और चंबा में क्रमशः 25.3, 20 और 16 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं सियोबाग और बैजनाथ में क्रमशः 11 और आठ मिलीमीटर बारिश हुई। पूरे क्षेत्र में न्यूनतम तापमान कुछ डिग्री तक गिर गया और कई स्थानों पर तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। आपात केंद्र के मुताबिक, कुसुमसेरी इलाका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां तापमान शून्य से 7.1 डिग्री नीचे तक गिर गया।

- बिजली के 895 ट्रांसफार्मर भी ठप पड़े

खोजबीन

प्लूटो से बाहर हो सकती है इसकी कक्षा, अमेरिकी संस्था पैन-स्टारआरएस तलाश में जुटी

# 9वें ग्रह के छिपे होने के संकेत आए सामने

कार्यालय संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** हमारे सौर मंडल के 9 वां ग्रह प्लैनेट एक्स के छिपे होने के संकेत मिले है। यह ग्रह प्लूटो की कक्षा के बाहर छिपा हो सकता है। बहरहाल अमेरिकी संस्था पैन-स्टारआरएस के जरिए इस ग्रह की तलाश में जुटी हुई है।

लंबा समय बीत चुका है, लेकिन प्लैनेट 9 का रहस्य बना हुआ है। वैज्ञानिकों इसका अस्तित्व होने का दावा कर बहुत पहले कर चुके हैं। भारतीय पुराणों के अनुसार भी हमारे सौर मंडल में 9 ग्रह होने की बात कही गई है।

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस ग्रह के कारण सौर मंडल में इसकी हलचल होने यानी गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव का पता चलता रहा है। मगर, अभी तक इसे देखा नहीं जा सका है। हाल ही में द एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में ताजा शोध प्रकाशित हुआ है। जिसमें इस ग्रह को अध्ययन में मायावी ग्रह माना गया है और अभी तक के अध्ययन में इसके संभावित रूप से सौर मंडल के बाहरी क्षेत्र बौने ग्रह प्लूटो की कक्षा से परे परिक्रमा करने की बात कही गई है।

- कैलटेक खगोल विज्ञान के प्रो माइक ब्राउन इस ग्रह की तलाश में जुटे हुए हैं
- अध्ययन में इस ग्रह को मायावी ग्रह माना गया है

यह शोध प्लैनेट नाइन के संभावित स्थानों को चयनित करता है और इसके गठन के साथ विकासवादी प्रक्रियाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। इस कारण इस शोध को अहम माना जा रहा है।

कैलटेक खगोल विज्ञान के प्रो माइक ब्राउन इस ग्रह की तलाश में जुटे हुए हैं। उनका कहना है कि पैन-स्टारआरएस के जरिए पैनोरमिक सर्वे टेलीस्कोप से इसके आगे की तलाश की जाएगी। अब तक गणना के अनुसार सौर मंडल के लगभग 78 प्रतिशत संभावित स्थानों को हटा दिया गया है और अब सिर्फ 28 फीसद भाग में ही तलाश की जाएगी।



### प्लैनेट 9 के द्रव्यमान का अनुमान भी लगा लिया

इस ग्रह के द्रव्यमान का अनुमान वैज्ञानिक लगा चुके हैं। पृथ्वी से इसका द्रव्यमान अधिक है और मायावी जैसा व्यवहार कर रहा है। जिस कारण इसका पता लगाने में मुश्किल हो रही है। बहरहाल इसे बड़ी खोज माना जा रहा है। यदि सफलता मिली तो सौर मंडल के कुछ और रहस्य उजागर होंगे।

## घर पर प्रसव का प्रयास महिला और शिशु की मौत

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

करक्कमंडपम में मंगलवार शाम किराये के एक घर में एक्यूपंक्चर उपचार के माध्यम से प्रसव कराने की कोशिश में 36-वर्षीया एक महिला और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। जैसे ही चौंकाने वाली यह घटना सामने आई, महिला के पति नयाज को सुबह नेमोम पुलिस ने हिरासत में ले लिया। नयाज पूनथुरा का रहनेवाला है और साउंड सिस्टम से संबंधित काम करता है। पुलिस ने इस घटना में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, महिला शेमीरा बीवी चौथी बार मां बनने वाली थी और उसने गर्भावस्था की नौ महीनों की अवधि में कभी चिकित्सक से परामर्श नहीं लिया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दंपती ने कथित तौर पर एक डॉक्टर के बजाय एक एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ की मदद ली जो उनके किराये के घर पर अक्सर आता रहता था। महिला को मंगलवार को कुछ समस्या पैदा हो गयी थी और आखिरकार शाम को उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने महिला और उसके नवजात को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही महिला और नवजात शिशु की मौत की खबर फैली, स्थानीय पार्षद, आशा कार्यकर्ता और पड़ोसी नयाज के खिलाफ मुखर हुए और आरोप लगाया कि वह (नयाज) अपनी पत्नी को न तो चिकित्सक से परामर्श लेने देता था, न ही उचित इलाज कराने की अनुमति देता था।

- महिला शेमीरा बीवी चौथी बार बनने वाली थी मां